हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित
रांची, गुरुवार, 07 अगस्त, 2025 वर्ष : 13 अंक : 79 मूल्य : 3 रुपए
www.koylanchalsamvad.com

YouTube Subscribe
Koylanchal samvad news

मंत्रालयों के लिए 1500 करोड़ किराया चुका रही सरकार:मोदी बोले-... | सुप्रीम कोर्ट के जज दीपांकर दत्ता की टिप्पणी पर बवाल | टमाटर ने रुलाया: भारी बारिश से टमाटर फसल को नुकसान...

**ट्रेड वॉर की आहट:** भारत पर डबल टैरिफ का वार, ट्रम्प ने नए आदेश पर साइन किए

# भारत पर अमेरिका ने थोपा 50% टैरिफ, भारत बोला- ये कार्रवाई अन्यायपूर्ण, जरूरी कदम उठाएंगे

### रूसी तेल खरीद को बताया वजह, 27 अगस्त से नया टैरिफ लागू

**वॉशिंगटन डीसी:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने बुधवार को इससे जुड़े एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। यह आदेश 21 दिन बाद यानी 27 अगस्त से लागू होगा। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में कहा गया है कि रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया गया है। इससे पहले उन्होंने 30 जुलाई को भारत पर 25% टैरिफ का ऐलान किया था। अब भारत पर कुल 50% टैरिफ लगेगा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस कार्रवाई को गलत, अन्यायपूर्ण और गैर जरूरी बताते हुए अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने की बात कही। मंत्रालय ने कहा- हम पहले ही कह चुके हैं कि भारत बाजार के हिसाब से फैसले लेता है। अमेरिका का यह फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कल कहा था कि भारत, रूस के साथ व्यापार करके यूक्रेन के खिलाफ रूसी वॉर मशीन को ईंधन देने का काम कर रहा है। इस वजह से अमेरिका को सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

### एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में लिखा है-

"भारत सरकार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तरीके से रूस से तेल आयात कर रही है। ऐसे में अमेरिका में दाखिल होने वाले भारत के सामानों पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लागू होगा। हालांकि कुछ खास परिस्थितियों में इस टैरिफ से छूट भी दी जाएगी जैसे कि यदि कोई सामान पहले ही समुद्र में लद चुका है और रास्ते में है, या यदि वह कुछ खास तारीख से पहले अमेरिका में पहुंच चुका है। इससे पहले मार्च 2022 में अमेरिका ने एक आदेश जारी कर रूसी तेल और उससे जुड़े उत्पादों के अपने देश में आयात पर पूरी तरह रोक लगा दी थी।



### कुछ भारतीय सामानों पर टैरिफ लागू नहीं होगा

- अप्रैल 2025 में जारी एक और आदेश में कुछ खास उत्पादों को पहले ही टैरिफ से छूट दे दी गई थी, वे छूट अब भी जारी रहेंगी।
- इन सामानों में सेमी-कंडक्टर्स, स्मार्टफोन, कंप्यूटर, फार्मास्युटिकल्स, ऑटोमोटिव पार्ट्स, तांबा और अन्य धातु व खनिज शामिल हैं।
- इसका मतलब है कि भारत से होने वाले इन सामानों के भेजे जाने पर अब भी एक्स्ट्रा टैरिफ लागू नहीं होगा।
- इस आदेश में यह भी बताया गया है कि अगर भविष्य में जरूरत पड़ी तो राष्ट्रपति इसमें संशोधन कर सकते हैं, यानी टैरिफ की दर बदल सकते हैं या और नए प्रावधान जोड़ सकते हैं।

अब ट्रम्प प्रशासन ने यह पाया कि भारत उस रूसी तेल को खरीद रहा है, जिससे रूस को आर्थिक मदद मिल रही है। इस वजह से अब अमेरिका ने भारत पर यह नया टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

### ट्रंप ने दिया था 24 घंटे का अल्टीमेटम

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को चेतावनी देते हुए कहा था कि वह रूस से तेल एवं गैस खरीदने के लिए भारत पर 24 घंटे में भारी शुल्क की घोषणा करेंगे. अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस इस तेल बिक्री से हासिल राशि का इस्तेमाल कर रहा है. जबकि भारत सस्ता तेल पाने के लिए इस पहलू पर ध्यान नहीं दे रहा है. ट्रंप ने 30 जुलाई को भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क की घोषणा करते समय भी कहा था कि वह रूस से तेल एवं गैस खरीदने की वजह से भारत पर अलग से जुर्माना लगाएंगे.

ट्रम्प ने कल ही भारत के फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स पर 250% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने सीएनबीसी को दिए इंटरव्यू में कहा था कि वे शुरू में फार्मास्युटिकल्स पर छोटा टैरिफ लगाएंगे, लेकिन फिर इसे एक से डेढ़ साल में बढ़ाकर 150% और फिर 250% कर देंगे। ट्रम्प ने कहा था- हम चाहते हैं कि दवाइयां हमारे देश में ही बनाई जाएं।

*सीएम हेमंत सोरेन ने नेमरा में गांव के लोगों के साथ 'तीन नहान, दस कर्म और श्राद्ध कर्म' को लेकर की विस्तृत चर्चा*

# गुरुजी के श्राद्धकर्म तक नेमरा में ही रहेंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

**रांची :** झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का मंगलवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया. सीएम हेमंत सोरेन ने अपने पिता शिबू सोरेन को मुखाग्नि दी. गुरुजी का श्राद्धकर्म 10 दिन का होगा. ऐसे में श्राद्धकर्म तक सीएम हेमंत सोरेन नेमरा गांव में ही रहेंगे.

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने अंतिम संस्कार से जुड़ी सभी धार्मिक विधि-विधानों में पूर्ण भागीदारी का निर्णय लिया है. हेमंत सोरेन इस दौरान नेमरा में अपने परिवार के साथ समय बिताएंगे और पिता की स्मृतियों के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ने का अवसर भी प्राप्त करेंगे. वहीं सीएम सोरेन आज पैतृक आवास नेमरा में गांव वासियों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के अंत्येष्टि कार्यक्रम के उपरांत होने वाले अनुष्ठान को लेकर ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर गांव वासियों ने तीन नहान, दस कर्म और श्राद्ध कर्म को लेकर मुख्यमंत्री के साथ कई स्थानीय परंपरा से संबंधित अनुभवों को साझा किया एवं सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ने भी दस कर्म दिवस की तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर ग्रामीणों ने गुरूजी के अनुभवों को साझा करते हुए उन्हें यादकर अपनी संवेदना जताई और दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में शक्ति प्रदान करने की कामना ईश्वर से की। गौरतलब है कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के अंतिम संस्कार उनके पैतृक आवास नेमरा में संपन्न हुआ. इस दौरान बड़ी संख्या में आमजन, समर्थक और राजनीतिक प्रतिनिधि मौजूद रहे.



**सीएम ने की भावुक पोस्ट**

### आज नेमरा में सुबह का सूरज भी उदास था

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड आंदोलन के प्रणेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन की खबर के बाद पूरे राज्य में शोक की लहर दौड़ गई है। सीएम हेमंत सोरेन ने भी अपने पिता को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक भावुक संदेश साझा करते हुए लिखा, **"आज नेमरा में सुबह का सूरज भी उदास था... वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें! अमर रहें! अमर रहें!"**


## संक्षिप्त खबरें

### 22 अगस्त को बिहार दौरे पर आएंगे पीएम नरेंद्र मोदी

पटना, (ईएमएस)। आगामी 22 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के गया जी में आने वाले हैं। पीएम मोदी के आगमन को लेकर गया एयरपोर्ट पर उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिसमें बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार समेत पटना और मगध प्रमंडल के अधिकारी शामिल हुए। पीएम मोदी के गया जी आगमन की तारीख 22 अगस्त होने की पुष्टि मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने भी की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी पीएम के साथ कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। फिलहाल सभा स्थल को लेकर अंतिम चयन संभव नहीं हो पाया है। अगले एक-दो दिनों में सभा स्थल का चयन कर लिया जाएगा। सहकारिता मंत्री ने कहा कि गया जी में बीजेपी की मगध प्रमंडलीय सभा होगी। मगध प्रमंडल के पांच जिलों के कार्यकर्ता इसमें खासतौर से शामिल होंगे। उन्होंने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब गया जी आएंगे तो निश्चित तौर पर बड़ी सौगात देंगे।

### बनेगा खाटू श्याम मंदिर रेल्वे स्टेशन, 17 किमी की रेललाइन, 254 करोड़ का खर्च

राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर तक सीधे रेल संपर्क प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ी पहल की है। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में जानकारी देते हुए बताया कि रिंगस से खाटू श्याम मंदिर को जोड़ने वाली 17 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी गई है। इस परियोजना की लागत 254 करोड़ रुपए तय की गई है और इसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। संसद के मॉनसून सत्र के दौरान रेलवे मंत्री ने सदन में बताया कि इस परियोजना के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में 43 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है। वर्तमान में रिंगस, जो खाटू श्याम मंदिर के लिए प्रमुख रेल हेड के रूप में कार्य करता है, दिल्ली से 8 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के माध्यम से जुड़ा हुआ है, जिनमें से 3 ट्रेनें प्रतिदिन चलती हैं।



# उत्तरकाशी त्रासदी: मलबे से 5वां शव निकाला गया, सेना के 11 जवान भी लापता

### सीएम पुष्कर सिंह धामी ने ली राहत-बचाव कार्य की समीक्षा बैठक

**उत्तराखंड** में उत्तरकाशी जिले के बाढ़ग्रस्त धराली में जमा मलबे से बचाव दलों ने बुधवार को एक शव बरामद कर लिया, जबकि भारी बारिश के बीच आपदा पीड़ितों की तलाश के लिए बचाव एवं राहत अभियान जारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया और इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फोन पर उनसे बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली।

मंगलवार दोपहर बाद बादल फटने से खीरगंगा नदी में आयी भीषण बाढ़ में करीब आधा गांव तबाह हो गया था। धराली गंगोत्री धाम से करीब 20 किलोमीटर पहले पड़ता है और यात्रा का प्रमुख पड़ाव है। उत्तराखंड सरकार द्वारा जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, विनाशकारी बाढ़ में चार लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि विभिन्न एजेंसियों द्वारा चलाए जा रहे बचाव अभियान में 130 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। उत्तरकाशी जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, मलबे से एक शव बरामद हो गया है जिसकी पहचान धराली के रहने वाले 32 वर्षीय आकाश पंवार के रूप में हुई है। जिला केंद्र ने बताया कि वर्तमान में गंगोत्री धाम में लगभग 400 यात्री हैं जो सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री ने देहरादून में राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक कर राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने हेलीकॉप्टर से धराली, हर्षिल सहित आसपास के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का सर्वेक्षण किया । धामी ने बताया, ''बचाव कार्य तेजी से किया जा रहा है। करीब 70-80 लोगों को बचा लिया गया है...एक सड़क अवरुद्ध है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी मौके पर रवाना हो चुके हैं। यह एक चुनौतीपूर्ण स्थिति है क्योंकि अब भी वहां बारिश हो रही है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि भोजन और दवाइयों की व्यवस्था की गयी है और राशन बांटने और उस पर निगरानी के लिए तीन पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों समेत 160 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है।



### पीएम नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री धामी से की बात, कहा- केंद्र करेगा हरसंभव मदद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बातचीत कर धराली में आयी प्राकृतिक आपदा तथा वहां चल रहे बचाव एवं राहत कार्यों की जानकारी ली। धामी ने प्रधानमंत्री को बताया कि राज्य सरकार पूरी तत्परता से बचाव एवं राहत कार्यों में जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि लगातार भारी बारिश के कारण कुछ क्षेत्रों में कठिनाइयां आ रही हैं लेकिन सभी संबंधित एजेंसियां समन्वय के साथ काम कर रही हैं ताकि प्रभावितों को तुरंत सहायता मिल सके। प्रधानमंत्री ने उन्हें केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है।

# साहिबगंज में मां, बेटी और दामाद की हत्या: जमीन विवाद में पड़ोसी ने रॉड से वार कर किया मर्डर

**साहिबगंज:** साहिबगंज में बुधवार को एक ही परिवार के तीन लोगों की रॉड से मारकर हत्या कर दी गई। घटना तालझारी थाना क्षेत्र के दुधकोल गांव की है। घटना की वजह जमीन विवाद है। वारदात के बाद आरोपी ने थाना में सरेंडर कर दिया। मृतकों में नोहा बेसरा, नथानिएल हांसदा और बड़की मुर्मू शामिल हैं। आरोपी बज्जल हेंब्रम ने सबसे पहले नोहा बेसरा की हत्या की। इसके बाद उसकी बेटी बड़की मुर्मू और दामाद नाथियल हसदा पर वार कर उनकी जान ले ली।


**बज्जल हेंब्रम मृतकों का रिश्तेदार था:** घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। आरोपी बज्जल हेंब्रम मृतकों का रिश्तेदार और पड़ोसी है। वारदात को अंजाम देने के बाद उसने खुद को तालझारी थाना में सरेंडर कर दिया। इधर, सूचना मिलते ही राजमहल डीएसपी विमलेश कुमार त्रिपाठी और तालझारी थाना प्रभारी नीतीश कुमार पांडे मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं, दूधकोल गांव में ट्रिपल मर्डर की घटना से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस जब पहुंची तो उसे 3 लाश तीन जगह पड़ी मिली। एक शव आंगन में, एक सड़क पर और एक लाश घर में थी। साहिबगंज के एसपी अमित कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में प्रयुक्त रॉड भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

साहिबगंज एसपी अमित कुमार सिंह ने बताया, "तालझारी थाना क्षेत्र में तीन लोगों की हत्या हुई है. आरोपी बजल हेम्ब्रम को गिरफ्तार कर लिया गया है. हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया गया है. प्रथम दृष्टया यह भूमि विवाद का मामला प्रतीत होता है.



# रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को बड़ा झटका, झारखंड हाईकोर्ट ने नहीं दी बेल

**रांची:** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने छवि रंजन की याचिका खारिज करते हुए उन्हें बेल देने से इनकार कर दिया है. हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने से छवि रंजन को बड़ा झटका लगा है. इससे पहले 25 जुलाई को कोर्ट ने ईडी और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था.



### निचली अदालत से बेल नहीं मिलने पर हाईकोर्ट में लगाई गुहार

बता दें कि इससे पहले रांची पीएमएलए कोर्ट ने छवि रंजन को बेल देने से इनकार कर दिया था. जिसके बाद छवि रंजन ने हाईकोर्ट में जमानत देने की गुहार लगाई थी.

# आरबीआई ने रेपो रेट में बदलाव नहीं किया: 5.50% पर बरकरार रखा, लोन-ईएमआई नहीं बदलेंगे; टैरिफ अनिश्चितता के कारण फैसला

**नई दिल्ली:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.5% पर जस का तस रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। आरबीआई ने जून में ब्याज दर 0.50% घटाकर 5.5% की थीं। यह फैसला मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की 4 से 6 अगस्त तक चली मीटिंग में लिया गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज यानी 6 अगस्त को इसकी जानकारी दी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि कमेटी के सभी मेंबर्स ब्याज दरों में स्थिर रखने के पक्ष में थे। टैरिफ अनिश्चितता के कारण ये फैसला लिया गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। इसमें बदलाव नहीं होने का मतलब है कि ब्याज दरें न तो बढ़ेंगी न घटेंगी।

### गवर्नर बोले- ग्लोबल ट्रेड की चुनौतियां बनी हुई हैं



आरबीआई गवर्नर ने कहा- मानसून सीजन अच्छा चल रहा है। साथ ही, त्योहारों का सीजन भी नजदीक आ रहा है, जो आमतौर पर आर्थिक गतिविधियों में उत्साह और तेजी लाता है। ये अनुकूल माहौल, सरकार और रिजर्व बैंक की सहायक नीतियों के साथ, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए निकट भविष्य में अच्छा संकेत देता है। भले ही ग्लोबल ट्रेड की चुनौतियां बनी हुई हैं, लेकिन भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं कुछ हद तक कम हुई हैं।

### इस साल 3 बार घटा रेपो रेट, 1% की कटौती हुई

आरबीआई ने फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया था। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की ओर से ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी। दूसरी बार अप्रैल में हुई मीटिंग में भी ब्याज दर 0.25% घटाई गई। जून में तीसरी बार दरों में 0.50% कटौती हुई। यानी, मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी ने तीन बार में ब्याज दरें 1% घटाई।

### एक्सपोर्ट बोले- इससे बाजार में स्थिरता आएगी

त्रेहान आइरिस के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अमन त्रेहान ने कहा "एक रियल एस्टेट डेवलपर के रूप में हम भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर को 5.5% पर स्थिर बनाए रखने के निर्णय का स्वागत करते हैं। यह निर्णय बाजार में आवश्यक स्थिरता प्रदान करता है। इससे बड़े निवेशों को प्रोत्साहन मिलेगा। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 6.5% की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बरकरार रहना रियल एस्टेट सेक्टर में तेज गति और मजबूती से विकास की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है।

किसी भी सेंट्रल बैंक के पास पॉलिसी रेट के रूप में महंगाई से लड़ने का एक शक्तिशाली टूल है। जब महंगाई बहुत ज्यादा होती है, तो सेंट्रल बैंक पॉलिसी रेट बढ़ाकर इकोनॉमी में मनी फ्लो को कम करने की कोशिश करता है। पॉलिसी रेट ज्यादा होगी तो बैंकों को सेंट्रल बैंक से मिलने वाला कर्ज महंगा होगा। बदले में बैंक अपने ग्राहकों के लिए लोन महंगा कर देते हैं। इससे इकोनॉमी में मनी फ्लो कम होता है। इससे डिमांड में कमी आती है, महंगाई घट जाती है। जब इकोनॉमी में बुरा वक्त आता है तो रिकवरी के लिए मनी फ्लो बढ़ाने की जरूरत पड़ती है। ऐसे में सेंट्रल बैंक पॉलिसी रेट कम कर देता है।

# राहुल गांधी को बड़ी राहत, मानहानि मामले में चाईबासा कोर्ट ने दी सशर्त जमानत

चाईबासा: मानहानि मुकदमे में चाईबासा कोर्ट ने राहुल गांधी को जमानत दे दी है. राहुल गांधी चाईबासा के एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए. वह सुबह करीब 10 बजे हेलीकॉप्टर से टाटा कॉलेज मैदान में उतरे. उसके बाद चाईबासा परिसदन में करीब 45 मिनट इंतजार करने के बाद वह वहां से चाईबासा सिविल कोर्ट पहुंचे. इस दौरान उन्होंने एमपी एमएलए कोर्ट में न्यायाधीश सुप्रिया रानी तिग्गा के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराई.

वहीं राहुल गांधी के वकील प्रणव दरीपा ने बताया कि 2018 में राहुल गांधी के उपर मानहानि का केस किया गया था. हाईकोर्ट का निर्देश था कि 6 अगस्त को राहुल गांधी चाईबासा कोर्ट में पेश होंगे और बेल लेंगे. जिसके बाद आज राहुल गांधी हाजिर हुए. जमानत याचिका दाखिल की जा चुकी थी. जिसके बाद कोर्ट ने सशर्त बेल दे दिया है.



पूरे मामले पर शिकायतकर्ता के वकील विनोद कुमार साहू ने कहा कि कोर्ट ने राहुल गांधी से पूछा कि आपके खिलाफ ऐसे-ऐसे आरोप लगे हैं, आपने बीजेपी नेताओं के लिए ऐसा बयान दिया है. क्या आपने ऐसा कहा है? इस पर राहुल गांधी ने कहा कि मैंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है.

वकील ने कहा कि ये पूरी तरह से गलत है. राहुल गांधी जैसे विपक्ष के नेता को इस तरह का झूठ बोलना शोभा नहीं देता. उनका भाषण अभी भी कांग्रेस की वेबसाइट पर है. हमने इसे कोर्ट में जमा कर दिया है. लेकिन कोर्ट में राहुल गांधी ने साफ इनकार कर दिया कि मैंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है. कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी है. अब गवाही की प्रक्रिया शुरू होगी. उन्होंने बताया कि कोर्ट ने उन्हें इस शर्त पर जमानत दी है कि वे जांच में सहयोग करेंगे.

## संक्षिप्त खबरें...

### प्रेस क्लब बरकट्ठा की हुई बैठक, दिशोम गुरु शिबू सोरेन और पत्रकार हरिनारायण सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



बरकट्ठा(हजारीबाग)। प्रेस क्लब बरकट्ठा प्रखंड इकाई की बैठक अध्यक्ष गोपाल प्रसाद के आवास पर हुई। अध्यक्षता गोपाल प्रसाद ने की संचालन सचिव रामकृष्ण पांडेय ने किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में दिशोम गुरु शिबू सोरेन और आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।जिसके बाद प्रेस क्लब बरकट्ठा इकाई के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।अध्यक्ष गोपाल प्रसाद ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन और आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह के आकस्मिक निधन से हम लोग काफी मर्माहत है, वह हम सबों के अभिभावक स्वरूप थे। सचिव रामकृष्ण पांडेय ने कहा दिशोम गुरु शिबू सोरेन झारखंड के जननायक थे उनके चले जाने से हम लोग काफी दुखी हैं, इनकी कमी हमेशा खलेगी. बैठक में केंद्रीय सदस्य रेयाज खान, पंकज कुमार, अनिल बर्नवाल, अजीत बर्नवाल, सहबाज खान, श्याम किशोर पांडेय, पीयूष पांडेय, संतोष पांडेय समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर शोक सभा का आयोजन



बड़कागांव(हज़ारीबाग)।बड़कागांव झारखंड मुक्ति मोर्चा बड़कागांव विधानसभा प्रधान कार्यालय उरिमारी (नियर चेक पोस्ट)में दिशोम गुरु शिबू सोरेन का श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया एवं संचालन केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी ने किया। वही संजीव बेदिया,सोनाराम मांझी संजय सिंह,पीयूष बेदिया ,उदय अग्रवाल,शंकर साव के अलावा तमाम कार्यकर्ताओं ने बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया । आयोजित शोक सभा कार्यक्रम में भारी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता शामिल हुए। लोगों ने कहा कि जब तक सूरज चांद रहेगा शिबू सोरेन का नाम रहेगा। मौके पर उपस्थित केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह संजय करमाली पीयूष बेदिया शंकर साव संजय वर्मा ,जावेद खान इत्यादि लोग उपस्थित है.

### चपरी गांव में हाथियों ने मचाया तांडव कई घर ध्वस्त लोग हुए बेघर ,एक महीना पूर्व जोराकाठ में मचाया था तांडव



बड़कागांव- बड़कागांव प्रखण्ड अन्तर्गत गोंदलपुर पंचायत अंतर्गत सुदरवर्ती गाँव चपरी के रोहानीया टोला मे मंगलवार संध्या 6:00 बजे हाथियों का झुंड घरों पर अचानक धावा बोल दिया, ग्रामीणो का यह देख होश उड़ गया सभी जहां-तहां भाग कर अपनी जान को बचा पाए, तथा अपने घर के बुजुर्गों को कंधे में उठा कर भागना पड़ा। 20 से 22 हाथियों का झुण्ड इस कदर तांडव मचाने लगे की टोले के सभी घरों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया,घर मे रखा अनाज चावल,गेंहू, दाल सहित घर मे रखे बरतनो को नष्ट कर दिया, वे घर अब रहने योग्य नही रहे, मुख्य रूप से रामेश्वर भुंइया पिता प्रेम भुइयां, निर्मल महतो पिता झरी महतो, दुबेस कुमार पिता मंगल महतो, सुकर महतो पिता सन्नु महतो, बालेश्वर भुईया पिता प्रेम भुंइया, तापेश्वर भुइयां पिता प्रेम भुंइया, रोहन महतो पिता सन्नु महतो के घर को धवस्त कर, गांव के अन्य किसानो के धान की खेती को भी नुकसान पहुँचा है, साथ ही निर्मल महतो का खेत का मक्का का फसल को पूरी तरह से हाथियों ने नष्ट कर दिया, गांव में डर का माहौल अभी भी बना हुआ है । ग्रामीणों ने बतलाया की हाथी बगल के जगल में डेरा डाले हुऐ है। बाहर नहीं निकले हैं । वन विभाग द्वारा अभी तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई की जानकारी प्राप्त नहीं हुई है. तथा समाजसेवी दिलीप महतो एंव ग्रामीणों ने प्रशासनिक विभाग से उचित मुआवजे की मांग की है

### हाथ पैर बंधा 45 वर्षीय अधेड़ की लाश कुएं से बरामद की जांच में जुटी पुलिस

बड़कागांव(हज़ारीबाग)। बड़कागांव पुलिस तसलवार पंचायत के पतरा गांव के मेलाटांड़ के समीप 5 मीटर की दूरी पर एक पुराने कुएं से 45 वर्षीय अधेड़ सुरेंद्र महतो की लाश बरामद की है। कार्रवाई के तहत पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया तत्पश्चाप अंतिम संस्कार के लिए लाश परिजनों को सौंप दिया गया । मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि मृतक सुरेंद्र महतो का पैर हाथ दोनों रस्सी से बंधा हुआ था। विगत 5- 6 दिन से घर से लापता था। मामले को लेकर परिजनों ने थाने में अब तक आवेदन नहीं दिया है। हालांकि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बड़कागांव पुलिस ने सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है, ताकि हकीकत सामने आ सके ।और पूर्ण रूप से कार्रवाई हो सके।

### सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के छह लोग घायल, रेफर

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के छह लोग घायल हो गए । जिसमें दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना बुधवार की सुबह बरकट्ठा चेचकप्पी मार्ग पर ग्राम केवालु पुल के समीप मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में एक ही बाइक पर सवार चार लोग घायल हो गए।जिसकी सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने तुरंत अपनी गाड़ी से सभी को इलाज के लिए बरकट्ठा अस्पताल लेजाकर भर्ती कराया।ग्राम खैरियो निवासी गोकुल मांझी की बेटी शोभा देवी अपने मायके से ग्राम बहराटांड़ थाना विष्णुगढ़ ससुराल जा रही थी। इसी बीच हादसा हुआ। हादसे में ग्राम बहराटांड़ निवासी महादेव सोरेन 34 वर्ष पिता श्याम लाल सोरेन, उनकी पत्नी शोबीना देवी 32 वर्ष, पुत्र पंकज कुमार सोरेन 14 वर्ष तथा विवान सोरेन 13 वर्ष घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ से चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन के अंतिम यात्रा में शामिल हुए भारत जकात मांझी परगना महल बरकट्ठा के सदस्य

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। भारत जकात मांझी परगना महाल के अध्यक्ष रामजी बसेरा सचिव मनोज मुर्मू के नेतृत्व में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन दिसोम गुरु के अंतिम यात्रा में नेमरा गांव पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।वहीं अध्यक्ष रामजी बेसरा ने कहा झारखंड के जननायक दिसोम गुरु के चले जाने से हम लोग काफी दुखी हैं। गरीबों और शोषितों का यह आवाज उठाने का कार्य किया करते थे। हम सभी झारखंड वासीयो को इनका देन को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वहीं सचिव मनोज मुर्मू ने कहा आदिवासियों का उत्थान करने में इनका अहम योगदान है। मौके पर सहदेव मरांडी, बालेश्वर बास्के, मणिलाल सोरेन, दिनेश मरांडी, सहदेव हेंब्रम, कन्हाई बेसरा, किशुन हेंब्रम, सुरेश टुडू, महेंद्र मुर्मू के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस से प्रारंभ हुई पौधारोपण मुहिम के अंतर्गत अब तक 56,000 से अधिक पौधों का वितरण

**विधायक प्रदीप प्रसाद का संकल्प, इस वर्ष 1,51,000 पौधारोपण**



हज़ारीबाग। हज़ारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने एवं हरियाली अभियान को गति देने के उद्देश्य से इस वर्ष 1,51,000 पौधारोपण का संकल्प लिया है।इसी क्रम में बुधवार को सरकारी बस पड़ाव कर्जन ग्राउंड के पास आम नागरिकों के बीच निःशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक की टीम द्वारा आम, अमरूद, सहजन, नीम, पीपल, बरगद आदि विभिन्न प्रजातियों के पौधे वितरित किया गया।यह अभियान विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रारंभ हुआ था, जिसका शुभारंभ स्वयं विधायक प्रदीप प्रसाद ने पौधा लगाकर किया था। तब से लेकर अब तक लगभग 56,000 पौधे आमजन के बीच वितरित किया जा चुका है।इस अभियान को और अधिक व्यापक बनाने के लिए प्रत्येक वार्ड, पंचायत और विद्यालय स्तर पर पौधा वितरण और रोपण कार्यक्रम जारी है। प्रदीप प्रसाद ने यह भी अपील किया है कि हर नागरिक कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका पालन-पोषण करें, जैसे परिवार के एक सदस्य का करते हैं।गौरतलब है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बीते वर्ष "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण का संदेश दिया था। उसी प्रेरणा से प्रदीप प्रसाद ने पिछले वर्ष एक लाख पौधे लगाकर अनुकरणीय कार्य किया था, जिसकी भूरी-भूरी प्रशंसा प्रधानमंत्री ने स्वयं हजारीबाग दौरे के दौरान किया था।

## ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में इक्को क्लब के तत्वधान में एक पेड़ माँ के नाम के तहत हुआ पौधरोपण



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : उमेश सिंह एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बेलचम्पा के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में इक्को क्लब के तत्वधान में "एक पेड़ माँ के नाम" थीम के तहत स्कूल परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधारोपण की शुरुआत स्कूल के संस्थापक उमेश सिंह,निदेशक अमित कुमार सिंह बाबुल व प्राचार्य दीपक तिवारी ने संयुक्त रूप से इमारती,फलदार व औषिधीय पौधा लगाकर किया। कार्यक्रम के दौरान इक्को कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमे आदित्य कुमार सिन्हा को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि प्रियांशु कुमार,विशाल सिंह,राजीव रंजन धर दुबे,आकाश पटेल,आयुष गुप्ता को कमेटी के सदस्य में रखा गया है। अमित कुमार सिंह बाबुल ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं करते,बल्कि ये हमारे जीवन,स्वास्थ्य और भविष्य की भी सुरक्षा करते हैं। वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना भी अधूरी है। यदि हमें आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण देना है,तो प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के प्रति जागरूक और प्रतिबद्ध होना पड़ेगा। आज के छात्र कल के नागरिक हैं, और वे ही इस धरती को हरित और समृद्ध बनाएंगे। हमारा उद्देश्य सिर्फ पौधे लगाना नहीं,बल्कि उनके संरक्षण का संकल्प लेना भी है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने हेतु विद्यालय में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में आज लगभग 100 पौधे लगाए गए हैं, जिनमें इमारती और फलदार पौधों का विशेष रूप से चयन किया गया है। प्राचार्य दीपक तिवारी ने कहा वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं,यह एक जिम्मेदारी है,जिसे हमें अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। प्रत्येक विद्यार्थी को यह समझना होगा कि पर्यावरण की रक्षा में उसकी भी महत्वपूर्ण भूमिका है। मौके पर शिक्षक अजीत तिवारी,सुरेन्द्र शर्मा,राकेश सिंह,वेद प्रकाश सिंह,लतीफ अंसारी,चंचला दीक्षित,आभा चौबे,खुशबू पांडेय,प्रतिभा शुक्ला,आकाश ठाकुर,ओम प्रकाश भारती,बिनोद प्रसाद सिंह,राजेश चौबे,कविता सिंह,श्रेया तिवारी,नीलू कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

**शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ICU में वर्षों से बंद वेंटिलेटर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जताई गहरी चिंता**

## विधायक के निर्देश पर सुपरिंटेंडेंट से हुई मुलाक़ात, समाधान का मिला आश्वासन

हज़ारीबाग़। हज़ारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू में वर्षों से बंद पड़ी वेंटिलेटर मशीनों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इसे सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि जनता की ज़िंदगी के साथ खिलवाड़ बताते हुए स्वास्थ्य विभाग से तत्काल कार्रवाई की माँग की है।विधायक ने कहा कि वेंटिलेटर जैसी जीवनरक्षक मशीनें अस्पताल में वर्षों से मौजूद हैं, लेकिन आज तक उन्हें चालू नहीं किया गया। न तो इन मशीनों को सक्रिय करने की पहल हुई और न ही प्रशिक्षित ऑपरेटर की नियुक्ति की गई। परिणामस्वरूप, जब किसी मरीज़ को आपात स्थिति में वेंटिलेटर की आवश्यकता होती है, तो उसे रांची रेफर कर दिया जाता है। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य है।विधायक ने इसे 'संवेदनहीनता की पराकाष्ठा' बताते हुए स्वास्थ्य विभाग से इस पर जवाबदेही तय करने की माँग की।



इसके अतिरिक्त उन्होंने अस्पताल में व्याप्त अन्य समस्याओं जैसे साफ़-सफ़ाई, दवाओं की उपलब्धता, मशीनों के रखरखाव और स्टाफ की कमी—को भी उजागर किया और इनके तत्काल समाधान की ज़रूरत पर बल दिया।

**विधायक के निर्देश पर अस्पताल सुपरिंटेंडेंट से मुलाक़ात**

उक्त मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करने के लिए विधायक प्रदीप प्रसाद के निर्देश अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट डॉ. अनुकरण पूर्ती से मुलाक़ात किया। इस दौरान अस्पताल की मौजूदा व्यवस्था, संसाधनों की स्थिति और ज़मीनी चुनौतियों पर बातचीत हुई। डॉ. पूर्ती ने सभी विषयों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## कोनहराकला स्थित नव सृजित प्राथमिक विद्यालय मार्ग को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोनहराकला स्थित नव सृजित प्राथमिक विद्यालय मार्ग को लेकर दो पक्षों के विवाद उत्पन्न हो गया।बरसात के दिनों में स्कूली बच्चों के आने जाने में हो रही परेशानी को देखते हुए मुखिया अब्बास अंसारी और ग्रामीणों ने रास्ते में स्टोन डस्ट डालकर मरम्मत करवा रहे थे। इसी बीच गांव के ही इसराइल मियां पिता रहीम मियां एवं उनके पुत्र रेयाज अंसारी और ग्रामीणों के बीच नोंक-झोंक काफी बढ़ गई।जिसकी सूचना बरकट्ठा थाना पुलिस को दी गई। मौके पर थाना के एएसआई उपेन्द्र कुमार सिन्हा दलबल के साथ पहुंचे और मामला को शांत कराया। पुलिस ने अतिक्रमणकारी इसराइल मियां से उक्त भूमि का अंचल रिपोर्ट मांग की तो उन्होंने टालमटोल करते हुए एक माह का समय लिया।वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापिका चम्पा देवी ने उपायुक्त और एसपी को आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।इस बाबत मुखिया अब्बास अंसारी ने बताया कि विद्यालय के बच्चों को आने जाने के लिए खाता संख्या 22, प्लॉट संख्या 2722 के रैयत फुशन सिंह ने 1.5 डीसमील भूमि विद्यालय को दान पत्र दिया है। जिसका 2025 तक का रसीद अंचल से निर्गत है।उक्त भूमि को अतिक्रमणकारी अपना जमीन बता रहा है। जबकि अंचल के रिपोर्ट में वह भुमि स्कूल का है।उन्होंने बताया कि अंचल के सरकारी अमीन के द्वारा चार बार मापी की गई है। जिसमें इसरैल मियां का प्लौट 2720 और 2721 की रोड पर कुल चौड़ाई 35 फीट जबकि वह 40 फीट जमीन पर कब्जा कर लिया है। शेष 11 फीट स्कूल रास्ता को भी वह कब्जा करने का प्रयास कर रहा है।पूर्व मुखिया मुंशी पासवान ने कहा कि यह मामला पिछले पांच सालों से चल रहा है लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों के उदासीन रवैए के कारण अतिक्रमणकारी इसरैल मियां का मनोबल बढ़ रहा है।

## उपायुक्त ने विधि शाखा से संबंधित मामलों की किया समीक्षा



हज़ारीबाग। हज़ारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कार्यालय सभागार में विधि शाखा से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित वादों की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट की जानकारी प्राप्त की एवं वादों के त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि न्यायालयों में लंबित वादों से संबंधित अद्यतन तथ्य विवरणी समयबद्ध रूप से उपायुक्त कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि लंबित वादों के त्वरित निष्पादन हेतु समुचित तथ्यों के साथ प्रभावी प्रतिवेदन न्यायालयों में यथासमय समर्पित किया जाना अनिवार्य है।उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक वाद की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा आवश्यकतानुसार विधिक परामर्श प्राप्त कर तदनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त ने यह भी कहा कि विधिक प्रक्रियाओं में शिथिलता न हो और सभी संबंधित अधिकारी अपने स्तर से उत्तरदायित्व का समुचित निर्वहन करते हुए न्यायालयीन वादों के निष्पादन हेतु गंभीरता से कार्य करें।इस अवसर पर उपायुक्त के अतिरिक्त अपर समाहर्ता, डीआरडीए निदेशक, विधि शाखा के पदाधिकारीगण एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## सांसद खेल महोत्सव-2025: पतरातु में आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार समापन



हज़ारीबाग। सांसद खेल महोत्सव-2025 के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट, पतरातु प्रखंड का शुरुआत पांचवे चरण में बीते 27 जुलाई को इमली ग्राउंड, जनता नगर पतरातु में हुआ था। इस टूर्नामेंट में पतरातु प्रखंड क्षेत्र के कुल 42 टीमों ने भाग लिया था। बुधवार को इस टूर्नामेंट का फाइनल हुआ। टूर्नामेंट का फाइनल महामुकाबला राय बचरा टीम बनाम रसदा टीम के बीच खेला गया जिसमें बेहद ही रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले में रसदा टीम को हराकर राय बचरा टीम को एक गोल से विजेता बनी और इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर ली। टूर्नामेंट में निर्णायक की भूमिका में हासिम अंसारी, मंटू सिंह, इकबाल अंसारी, विश्वजीत सिंह, राज करमाली और मुकेश हांसदा रहें। फाइनल महामुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी, स्थानीय सांसद प्रतिनिधि राजाराम प्रजापति, भाजपा जिला नेता किशोर कुमार महतो, समाजसेवी गणेश ठाकुर, नमो खेल श्रृंखला के संयोजक बंटी तिवारी, जयप्रकाश सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल में किक मारकर फाइनल मुकाबले का आगाज कराया। टूर्नामेंट के विजेता राय बचरा टीम को सांसद मनीष जायसवाल की ओर से 25 हजार रुपए का चेक, आकर्षक नमो ट्रॉफी, चमकता मेडल और उपविजेता टीम 15 हजार रुपए का चेक, आकर्षक नमो ट्रॉफी और चमकता मेडल के साथ उत्कृष्ट खिलाड़ियों, गोलकीपर सहित रेफरी को भी सम्मानित किया गया ।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लधु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला**
**ई-मेल - eemidgum@gmail.com**

पत्रांक :– 740 गुमला, दिनांक :– 06.08.2025

**निविदा स्थगन सूचना का प्रकाशन**

इस कार्यालय के E-Tender No. MID/GUMLA/F2 -08/ 2025-26 (2nd Call) जिसका प्रकाशन PR No. 358855 (Minor Irrigation) 25-26*D है तथा जिसका निविदा खोलने की तिथी 13.08.2025 को अगले आदेश तक अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

PR 359024 Minor Irrigation (25-26)_D

कार्यपालक अभियंता,
लधु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला



**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला**

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के विज्ञापन संख्या 13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आधार पर स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा–6 से 8) विषय **गणित एवं विज्ञान** के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची एवं काउंसिलिंग हेतु जाँच पत्रक जिले के आधिकारिक वेबसाईट www.gumla.nic.in पर अपलोड किया गया है। जिनका जिला स्तर पर काउंसिलिंग दिनांक 11.08.2025 को आयोजित है।

अतः संबंधित सफल अभ्यर्थी निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल में काउंसिलिंग हेतु उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय। अनुपस्थिति की स्थिति में अभ्यर्थियों की जवाब देही स्वयं की होगी।

**काउंसिलिंग स्थलः–**
कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला,
(3rd Floor 'B' Block Room No. 304)
नया समाहरणालय भवन चंदाली, गुमला
समयः–10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
गुमला

PR 358965 Jharkhand Education Project Council(25-26).D



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला।**
**(जिला बाल संरक्षण ईकाई)**

**-: आम सूचना :-**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गुमला जिला अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति स्वैच्छिक गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से अथवा अन्य किसी भी माध्यम से ऐसे संस्थाओं का संचालन कर रहे हो जो पूर्णतः या भागतः देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को रख रहें है वैसे सभी संस्थाओं को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम– 2015 की धारा– 41 की उपधारा (1) में वर्णित प्रावधानों के अनुसार पंजीकृत करना अनिवार्य है तथा संस्थान के संचालन से संबंधित सूचना जिला बाल संरक्षण कार्यालय/बाल कल्याण समिति को देना अनिवार्य है।

ऐसे किसी भी संस्था या व्यक्ति जो धारा– 41 की उपधारा (1) में वर्णित प्रावधानों का अनुपालन करने में असफल रहता है या रहते हैं को धारा– 42 के अन्तर्गत ऐसे कारावास जो एक वर्ष तक हो सकेगा या एक लाख रूपय से अन्यून के जुर्माने से या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

अतः सर्वसाधारण से अनुरोध है कि ऐसे किसी भी संस्थाओं का संचालन गुमला जिला में किया जा रहा है जो कि ोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम– 2015 से पंजीकृत नहीं है तो तत्काल रजिस्ट्रीकरण की कार्रवाही पूर्ण करें।

किसी भी प्रकार की सूचना/जानकारी हेतु जिला बाल संरक्षण कार्यालय, कमरा न0 – A06 नया समाहरणालय भवन, चन्दाली, गुमला में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, गुमला।
सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, गुमला।

PR.NO.359016 Women, Child Development & Social Security(25-26):D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची।**

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना –14/2025–26**

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉची पूर्व रॉची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :18.8.2025 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 19.8.2025 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 19.8.2025 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Seepage repair and Renovation of bathroom cum toilet and improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewerage work at staff Quarter No. 15 (Near Central School) Doranda under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1520211.00 | 30500.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 2 | Imorovement of water supply and providing of 5000,2000 lits. H.D.P.E water storage tank and other allied wor at staff quarter N0. 14 Near Central School and other High court Pool qtrs. Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 691355.00 | 13900.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 3 | Seepage repair and Renovation , improvement of water supply and sewarage work with changing of all fittings at Quarter no. C-19, B-20 Block-4, Behind Indra palace, A-31, A-25, 48 Set Near Seth sitaram school and B-12, Block -B, 30 Set, Near Nepal House, C-1,12 Set, Behind transit flats, Hinoo, Doranda and Other High court quarters Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 1020297.00 | 20500.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 4 | Seepage repair and Renovation , improvement of water supply and sewarage work with changing of all fittings at Quarter no. ,B-25 near seth sitaram A-48 ,48set near seth sitaram ,A-12,A-5 12 seth Hinoo C-8 Block 2 Behind Indra palace, A-40 30 Seth Near rajendra chowk and Other High court quarters Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 618130.00 | 12400.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 5 | Repairing of damaged drain and construction of R.C.C. at L.I.G. Quarter, Harmu, Ranchi of High Court Pool Quarter under D.W.& S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1183589.00 | 23700.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 6 | Improvement of water supply and improvement of old and damaged sanitary fittings with other allied works at Judges Guest House No.-132, Doranda under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1222505.00 | 24500.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 7 | Provision of water supply by construction of 1Nos. HYDT with Installation of 1No of 2.00 H. P. Submersible Pump Motor and necessary water supply pipe line, & Its allied works pipe line, valve chamber etc at Vidhansabha Quarter no. CD 392 Sector-II Dhurwa, Ranchi D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 755558.00 | 15200.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 8 | Seepage repair and Renovation of 6 Nos Toilet, 4nos. of Urinal and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Saranda barrack (South side Ground floor left side )in the campus of Cobra 209, Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 1271111.00 | 25500.00 | 2500.00 | 30 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

PR 358987 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D)

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची।

# संक्षिप्त खबरें

## श्री श्री विश्वविद्यालय में 'एआइओआरएआइ-2025' कार्यशालाः इंटरनेट इंजीनियरिंग कौशल को आयाम



**रांचीः** ओड़िशा के कटकस्थित श्री श्री विश्वविद्यालय परिसर में इंडस्ट्री-अकादमिया यंग प्रोफेशनल्स कमिटी (आइएवाइपिसि)-2025, इंस्टिट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स (आइट्रिपलइ) इंडिया काउंसिल और इंडिया इंटरनेट फाउंडेशन (आइआइएफओएन्) द्वारा संयुक्त रूप से भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का शीर्षक था "भारत में अत्याधुनिक इंटरनेट ऑपरेशन अनुसंधान (एआइओआरएआइ)। इसमें इंटरनेट इंजीनियरिंग में कौशल वृद्धि पर प्रशिक्षण दिया गया। ओड़िशा के लिए श्री श्री विश्वविद्यालय को एआइओआरएआइ-2 के सफल आयोजन हेतु चुना गया था, जिसके कारण विश्वविद्यालय सहित प्रतिभागी संस्थानों और उद्यमियों ने कार्यशाला में भाग लेकर अत्यधिक सराहना प्राप्त की। कार्यशाला में श्री श्री विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. तेजप्रताप, डीन प्रो. आर. एन. शतपथी और एआइओआरएआइ की ओर से अनुपम अग्रवाल मंचासीन थे। इसमें इंटरनेट इंजीनियरिंग, वैश्विक मानकों के विकास और इंटरनेट मापन परिवर्तन की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। राज्य के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से आए फैकल्टी सदस्यों को एआइओआरएआइ एम्बेसडर की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की हालत अब भी नाजुक



**रांचीः** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता और राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की हालत अब भी गंभीर है. उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है. झामुमो के एक नेता ने बुधवार को यह जानकारी दी. नेता ने बताया कि दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है. रामदास सोरेन 2 अगस्त से अस्पताल में भर्ती हैं. वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम लगातार उनके स्वास्थ्य की निगरानी रख रही है. कोल्हान के वरिष्ठ झामुमो नेता और झारखंड के परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा ने बुधवार को अस्पताल का दौरा किया और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम से बातचीत की. उन्होंने शिक्षा मंत्री के स्वास्थ्य की जानकारी ली. बिरुवा ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर पोस्ट करके यह जानकारी दी. उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, 'मैं झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं पंजीकरण विभाग के मंत्री भाई रामदास सोरेन के स्वास्थ्य (Ramdas Soren Health) के बारे में जानकारी लेने के लिए दिल्ली में हूं. उनका अपोलो अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम के साथ उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर चर्चा हुई. वर्तमान में सभी डॉक्टर उनके स्वास्थ्य में सुधार के प्रयास कर रहे हैं. कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि डॉक्टर उनके सभी स्वास्थ्य मापदंडों पर लगातार नजर रख रहे हैं, जो स्थिर हैं, लेकिन उनकी गंभीर हालत को देखते हुए वे अभी कोई ऑपरेशन करने की स्थिति में नहीं हैं. 'एपनिया' परीक्षण भी कुछ दिनों के लिए रोक दिया गया है. डॉक्टर उनकी स्वास्थ्य स्थिति में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं.

## अनगड़ा के रामदास राष्ट्रपति भवन में करेंगे डिनर

**रांचीः** रांची के अनगड़ा में रहने वाले रामदास बेदिया को राष्ट्रपति भवन में डिनर करने के लिए न्योता मिला है. बेदिय़ा एक साधारण किसान है. उन्हें यह सम्मान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्धारित समय से पहले आवास निर्णाण करने के लिए मिला है. रामदास ना सिर्फ राष्ट्रपति भवन में डिनर करेंगे, बल्कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी शामिल होंगे. राष्ट्रपति भवन से निमंत्रण मिलने पर अनगड़ा के बीसा गांव के निवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है. काफी संख्या में लोग रामदास बेदिया को बधाई दे रहे हैं.

## निशा भगत के खिलाफ दर्ज मामले से भड़का आदिवासी सरना विकास समिति

**रांचीः** भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर सरना झंडा को लेकर उत्पन्न विवाद और निशा भगत के खिलाफ दर्ज शिकायत के संबंध में सामाजिक संगठनों एवं अगुवाओं की बैठक धुर्वा सेक्टर-3, एन टाइप स्थित धूमकुड़िया में आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता मेघा उरांव ने की. बैठक में वक्ताओं ने कहा कि निशा भगत द्वारा बाइबल और अन्य पुस्तकों पर जो तथ्य प्रस्तुत किए गए हैं, वे सत्य हैं और उन्हें प्रमाणित किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि वर्षों से चर्च मिशनरियों द्वारा आदिवासी समाज की संस्कृति और पर्व-त्योहारों का मौखिक और लिखित अपमान किया जाता रहा है. मेघा उरांव ने कहा कि गुमला जिला के चैनपुर प्रखंड के टीन टांगर गांव में रोमन कैथोलिक मिशन द्वारा सरना भूमि पर करीब 2 एकड़ 56 डिसमिल पर चर्च और ग्रोटो बना दिया गया है. इस जमीन को अंचल कार्यालय द्वारा सरना स्थल के रूप में प्रमाणित किया जा चुका है. इस मुद्दे पर पूर्व में ज्ञापन दिए जाने के बावजूद कोई प्रशासनिक कार्रवाई नहीं हुई.

## ज्योति संगम दुर्गा पूजा समिति ने किया भूमि पूजन

**रांचीः** ज्योति संगम श्री दुर्गा पूजा समिति ने दुर्गा पूजा पंडाल के निर्माण के लिए बुधवार को मारवाड़ी स्कूल परिसर में भूमि पूजन किया. समिति इस वर्ष अपना 66वां पूजा आयोजन करने जा रही है. इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष चंद्रभान खत्री, संरक्षक प्रमोद लोहिया, कार्यकारी अध्यक्ष अंकित गुप्ता, संयोजक दीपक पंकज, हेमंत पोद्दार, उपाध्यक्ष अमित व्यास, रवींद्र सौनी, कोषाध्यक्ष अविनाश कुमार, महासचिव राजकुमार गुप्ता, सचिव प्रखर लोहिया, मंत्री मनोज बक्सरिया, वेद प्रकाश सिंह, पंडाल निर्माता भोला पात्रा उपस्थित थे.

# चैंबर की उद्योग उप समिति की बैठक संपन्न

## रांची में होने वाले डिफेंस एक्सपो पर विस्तार से चर्चा



**रांचीः** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की उद्योग उप समिति की बैठक आज चैंबर भवन में आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने की.

बैठक में 17 से 19 सितम्बर को रांची में होने वाले डिफेंस एक्सपो पर विस्तार से चर्चा की गई. बताया गया कि यह एक्सपो झारखंड में पहली बार हो रहा है और राज्य के व्यापारियों के लिए यह एक बड़ा अवसर है. इस मौके का लाभ लेकर व्यापारी अपने व्यापार को आगे बढ़ा सकते हैं. चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी और महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि अधिक से अधिक व्यापारियों को इस एक्सपो में भाग लेना चाहिए.

उप समिति के चेयरमैन बिनोद अग्रवाल और अजय भंडारी ने जानकारी दी कि एक्सपो में B2B मीटिंग्स भी होंगी, जिससे व्यापारियों को डिफेंस सेक्टर से सीधे जुड़ने का मौका मिलेगा. बैठक में राज्य सरकार से यह भी मांग की गई कि वह अपने सभी विभागों में सलाहकार समितियां बनाए और उसमें व्यापारियों सहित सभी स्टेकहोल्डर्स को शामिल करे ताकि वे अपनी राय और सुझाव सीधे सरकार तक पहुंचा सकें. इसके अलावा यह सुझाव भी दिया गया कि विभागीय बैठकों की सूचना कम से कम 2-3 दिन पहले दी जाए, क्योंकि कई बार सूचना बैठक से कुछ घंटे पहले ही मिलती है, जिससे प्रतिनिधि समय पर नहीं पहुंच पाते. बैठक में उपाध्यक्ष राहुल साबू, श्रीमती ज्योति कुमारी, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, अमित शर्मा, अरुण खेमका, अरुण छावछारिया, बिनोद तुलस्यान, अमन चौरसिया, सचिन केजरीवाल, सुरेश अग्रवाल, अतुल द्रोलिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

### झारखंड चैंबर की आईटी उप समिति की बैठक संपन्न



**रांचीः** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की आईटी उप-समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक चैंबर भवन में उप-समिति के चेयरमैन मनोज कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में हुई. इस बैठक में राज्य की आईटी नीति को और बेहतर बनाने के लिए सदस्यों ने अपने सुझाव दिए. साथ ही, चैंबर की ओर से बनाई गई आईटी पॉलिसी 2025 के ड्राफ्ट की भी समीक्षा की गई. जल्दी ही चैंबर का एक प्रतिनिधिमंडल सरकार और संबंधित विभागों से मिलकर इस पॉलिसी और सुझावों पर आधारित एक ज्ञापन सौंपेगा. बैठक में यह भी तय किया गया कि NIELIT के सहयोग से व्यापारियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिससे वे डिजिटल तकनीक को अच्छे से समझ सकें और अपने व्यवसाय में उसका इस्तेमाल कर सकें. सदस्यों ने इस बात पर भी चर्चा की कि कैसे नई तकनीकें, खासकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), व्यापार को आसान और फायदेमंद बना सकती हैं. डिजिटल इनोवेशन के जरिए व्यापार को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की संभावनाओं पर भी विचार हुआ.

## प्रणामी ट्रस्ट ने 20 दिनों में कराया 3580 को भोजन



**रांचीः** प्रणामी ट्रस्ट की ओर से विगत 19 माह से चल रहे पीडित मानव सेवा के पावन तीर्थ स्थल मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम पुंदाग के सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में बुधवार को आश्रम के 37 मंदबुद्धि दिव्यांग और सेवादारों के बीच भोजन कराया गया। इस संबंध में अपना घर आश्रम के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में कुसुम तुलस्यान के सौजन्य से आयोजित इस आयोजन में, विगत 18 जुलाई से छह अगस्त तक 20 दिनों में 3580 निराश्रित के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। इसमें जानवी कुमारी, संतोष कुमार, दिलीप कुमार गुप्ता, दीपांजलि कुमारी, संतोष शर्मा, स्वाति कुमारी, मुकुल कुमार, बृजेश सिमरन, निर्मल छावनिका, सिमरन अग्रवाल सहित अन्य के सौजन्य से सभी निराश्रितों को भोजन कराया गया। प्रवक्ता ने कहा कि ऐसे सेवा कार्यों को समाज के हर वर्ग का सहयोग और प्रोत्साहन मिलना चाहिए। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल सहित संस्था के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता की अपील खारिज



**रांचीः** रांची के अपर न्यायायुक्त एके तिवारी की अदालत ने बुधवार को चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता कांके थाना क्षेत्र निवासी लालू जॉब की अपील को खारिज कर दिया है। अदालत ने इसी मामले में निचली अदालत के जरिए सुनाई गई छह महीने की साधारण कारावास की सजा और जुर्माना को भी बरकरार रखा है। अपर न्यायायुक्त की अदालत ने अपील खारिज करने के साथ ही पहले से मिली जमानत भी रद्द कर दी है। आरोपित लालू को ट्रायल कोर्ट के समक्ष आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है।

यह मामला वर्ष 2022 का है, जब लालू ने शिकायतकर्ता मनोज कुमार सिंह को 2,50,000 (ढ़ाई लाख) रुपये का चेक सौंपा था। चेक पंजाब नेशनल बैंक, एचईसी शाखा, धुर्वा से जारी किया गया था। शिकायतकर्ता ने उसे 14 सितंबर 2022 को बैंक में जमा किया, लेकिन अपर्याप्त राशि के कारण चेक 15 सितंबर 2022 को बाउंस हो गया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने 22 सितंबर 2022 को नोटिस भेजा, लेकिन आरोपित की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। उल्लेखनीय है कि 04 सितंबर 2024 को न्यायिक दंडाधिकारी एकता सक्सेना ने आरोपित लालू जॉब को दोषी ठहराते हुए छह महीने की सजा सुनाई थी। लालू जॉब पर 3.5 लाख का मुआवजा और 5,000 का जुर्माना भी लगाया था। लालू ने इस सजा के खिलाफ अपर न्यायायुक्त की अदालत में अपील की थी। लेकिन अदालत ने उसकी अपील को खारिज करते हुए सजा के साथ-साथ मुआवजा और जुर्माना भी बरकरार रखा है।

## केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक के नामांकन की अंतिम तिथि बढ़ी



**रांचीः** गृह मंत्रालय ने 'केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक 2025' के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि को एक बार फिर बढ़ा दिया है. अब उम्मीदवार 10 अगस्त तक अपना नामांकन जमा कर सकते हैं. इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से झारखंड समेत सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों (DGP) को पत्र भेजा गया है. बता दें कि पहले 'केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक 2025' के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 15 जुलाई तय की गई थी, जिसे बढ़ाकर पहले 31 जुलाई और अब 10 अगस्त कर दिया गया है. मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय सक्षम अधिकारियों की मंजूरी के बाद लिया गया है. साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि इसलिए, अनुरोध किया गया है कि वे अपने नामांकन 10 अगस्त से पहले ज़रूर जमा कर दें.

## सुप्रीम कोर्ट ने 34000 करोड़ के बैंक जालसाजी में अभियुक्त को सरेंडर करने का दिया आदेश




**रांचीः** सुप्रीम कोर्ट ने 34000 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले में DHFL के प्रमोटर धीरज वधावन को दो सप्ताह के अंदर सरेंडर करने का आदेश दिया है. साथ ही न्यायालय ने अभियुक्त को हाईकोर्ट द्वारा स्वास्थ्य के आधार पर दी गयी जमानत भी रद्द कर दी है. सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया है.

**दिल्ली हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य कारणों से जमानत पर रिहा करने का दिया था आदेशः** धीरज वधावन को दिल्ली हाईकोर्ट ने नवंबर 2024 में स्वास्थ्य कारणों से जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था. सीबीआई ने हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी. सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से यह कहा गया था कि अभियुक्त के स्वास्थ्य की स्थिति ऐसी नहीं है कि उसे जमानत पर रिहा किया जाये. अभियुक्त 34000 करोड़ रुपये की बैंक जालसाजी में शामिल है.

डॉक्टरों की रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट ने की वधावन की जमानत रद्द सीबीआई की दलील सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने जेजे अस्पताल मुंबई के डॉक्टरों की टीम बनाकर वधावन के स्वास्थ्य जांच का आदेश दिया था. डॉक्टरों की टीम ने जांच के बाद सुप्रीम कोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश की थी. इसमें कहा गया था कि अभियुक्त को ऐसी कोई गंभीर बीमारी नहीं है कि उसे तत्काल बाहर इलाज की जरूरत है.

इसके बाद न्यायालय ने हाईकोर्ट द्वारा दी गयी जमानत को रद्द करते हुए अभियुक्त को दो सप्ताह के अंदर सरेंडर करने का आदेश दिया.

### इस तरह 34000 करोड़ के घोटाले को दिया अंजाम

**बता दें कि अभियुक्त ने बैंक घोटाले को अंजाम देने के लिए 2.60 लाख से अधिक फर्जी होम लोन खाते बनाये. इसके बाद 17 बैंक समूहों से कुल 34000 करोड़ रुपये के कर्ज की धोखाधड़ी की. इस राशि का निजी उपयोग करने के लिए शेल कंपनियां बनायी. इन शेल कंपनियों के सहारे पैसे को डायवर्ट किया गया. सीबीआई ने इस मामले में 2001 मे प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी.**

## 8 अगस्त को सोनाहातु में शहीद निर्मल महतो का प्रतिमा अनावरण

### जयराम महतो करेंगे श्रद्धांजलि जनसभा



**रांचीः** आठ अगस्त को झारखंड अलग आंदोलन के मसीहा शहीद निर्मल महतो का पुण्यतिथि मनाया जाएगा। पूरे प्रदेश में इसकी भव्य रूप से तैयारी चल रही है। 'झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा' के द्वारा सोनाहातु के जाडेया मोड़ में शहीद निर्मल महतो जी का आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो जी के द्वारा (शुक्रवार को) अनावरण किया जाएगा। संगठन के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो के नेतृत्व में झारखंड मेला मैदान सोनाहातु से बाइक रैली निकाला जाएगा। यह बाइक रैली पुराना ब्लॉक ऑफिस, थाना मैदान, जमुदाग मोड एवं तेलवारी मोड से होते हुए कार्यक्रम स्थल कार्यक्रम जाड़ेया मोड़ पहुंचेंगे। बताते चले कि शहीद निर्मल महतो जी के आदमकद विधिवत् अनावरण के टाइगर जयराम महतो श्रद्धांजलि जन संबोधन प्रस्तुत करेंगे। संगठन रांची जिला अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए कहा कि कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारी संपन्न कर लिया गया है।

## पहाड़ों के साथ शहरों का होगा हरियालीकरण

## विधानसभा के बाहर लगेगा फलदार पौधा, खर्च होंगे 12.25 करोड़

**रांचीः** वन विभाग शहरी वानिकी योजना के तहत पहाड़ों के साथ शहरों की भी सूरत संवरेगी. इसके लिए वन विभाग एक लाख 67 हजार 600 बांस गैबियन और पौधे लगाएगा. इसमें 12 करोड़ 25 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे. इसमें 10.73 करोड़ रुपए मजदूरी में खर्च किया जाएगा. आपूर्ति और सामग्री के एवज में 1.51 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे.

**विधानसभा के बाहर लगेगा फलदार पौधाः** झारखंड विधानसभा के बाहर फलदार और काष्ठ प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे. पौधों की सुरक्षा के लिए आरसीसी पीलर के साथ कंटीले तार से घेराव भी किया जाएगा. इसके बाद देवघर के बलिया चौकी में 25 हेक्टेयर, रामपुर में आठ हेक्टेयर, अमगड़िया में 10 हेक्टेयर में वृक्षारोपण किया जाएगा. वहीं साहेबगंज के धरमपुर मौजा में भी वृक्षारोपण किया जाएगा.



### किस वन प्रमंडल में कितने बांस गैबियन



| वन प्रमंडल | बांस गैबियन की संख्या |
|---|---|
| रांची | 27,500 |
| पलामू | 13,500 |
| दुमका | 20,500 |
| जमशेदपुर | 12,500 |
| हजारीबाग | 22,900 |
| बोकारो | 19,300 |

### प्रसार वानिकी प्रमंडल में कितने



| नाम | बांस गैबियन की संख्या |
|---|---|
| आदित्यपुर | 4500 |
| चाईबासा | 4500 |
| रांची | 10700 |
| सिमडेगा | 3500 |
| दुमका | 9500 |
| देवघर | 6000 |
| लातेहार | 6000 |
| हजारीबाग | 3500 |
| गढ़वा | 5000 |

### रांची के इन पहाड़ों की संवरेगी सूरत

**बाढ़ू पहाड़ कांके, जमुआरी पहाड़ रांची, दिवाकर नगर के सामने बरियातू हिल, आइटीबीपी के पीछे गागी पहाड़ी, साइंस सिटी के बगल बरियातू पहाड़, सरना पहाड़, बड़गाई.**

# सादरी में बनी डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'माटी कर औषधि' रिलीज



**रांचीः** राजधानी रांची के गोस्सनर कॉलेज के मास कम्युनिकेशन विभाग के विद्यार्थियों द्वारा झारखंड की औषधियों और प्राकृतिक उपचार पर सादरी भाषा में बनायी गयी डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'माटी कर औषधि' बुधवार को रिलीज की गयी. प्रोफेसर इंचार्ज प्रो इलानी पूर्ति, बर्सर प्रो प्रवीण सुरीन, कोर्स को-ऑर्डिनेटर प्रो आशा रानी केरकेट्टा, प्रो महिमा गोल्डेन बिलुंग सहित विभाग के शिक्षकों में संतोष कुमार, तेज मुंडू और मीना झा ने डॉक्यूमेंट्री सीरीज रिलीज की. टीम में एंकर के रूप में रोहित उरांव, सिनेमेटोग्राफर एवं संपादक के रूप में रोशन उरांव तथा प्रोडक्शन मैनेजर के रूप में आकाश खेस शामिल हैं. इस अवसर पर सुनीला सोरेंग, अनूप, साक्षी, कशफ सहित अन्य उपस्थित थे.

**बेहतर स्वास्थ्य के लिए शानदार कदम-प्रो इलानी पूर्तिः** प्रोफेसर इंचार्ज प्रो इलानी पूर्ति ने कहा कि झारखंड में प्राकृतिक औषधियों का भंडार है. ये बड़ी से बड़ी बीमारियों को जड़ से उखाड़ने में कारगर हैं. जानकारियों के अभाव में लोग इनका उपयोग नहीं कर पाते हैं और बीमारियों में फंस जाते हैं. इससे समय के साथ-साथ पैसों की भी बर्बादी होती है. विद्यार्थियों ने यहां की प्राकृतिक औषधियों पर वीडियो बनाकर लोगों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए शानदार कदम उठाया है. यह वीडियो केवल वीडियो नहीं, बल्कि एक स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में बेहतर कदम है.

**कार्यक्रम में हैं 10 एपिसोड-प्रो महिमा गोल्डेन बिलुंगः** डॉक्यूमेंट्री सीरीज की निर्देशक प्रो महिमा गोल्डेन बिलुंग ने कहा कि सादरी भाषा में प्रस्तुत इस कार्यक्रम में 10 एपिसोड हैं. सेमेस्टर 4 के विद्यार्थियों ने ही इसका प्रोडक्शन किया है. हर बुधवार 5 बजे यह कार्यक्रम गोस्सनर कॉलेज मास कम्युनिकेशन विभाग के यूट्यूब चैनल पर प्रसारित किया जाएगा.

**कई इलाकों में की गयी है माटी कर औषधि की शूटिंग-अनल टोप्पोः** सहायक निर्देशक अनल टोप्पो ने कहा कि झारखंड के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में माटी कर औषधि की शूटिंग की गयी है. इसे तैयार करने में किताबें, विशेषज्ञों, शोधार्थियों और परिवार के सदस्यों की सहायता ली गयी है. शूटिंग के दौरान झारखंड के कई अनछुए पहलुओं की जानकारी मिली है. इन 10 एपिसोड में बेंग साग, चकोड़ साग, आम, जामुन, रुगड़ा समेत अन्य प्राकृतिक औषधियां शामिल हैं.

## शिबू सोरेन के सम्मान में स्मारक स्थल बनाने की मांग उठी




**रांचीः** दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने झारखंड के इतिहास में अमिट छाप छोड़ी है. वर्षों तक चले झारखंड आंदोलन को सजीव रखते हुए उन्होंने राज्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. 4 अगस्त को उनका दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में निधन हो गया. 5 अगस्त को उनका अंतिम संस्कार रामगढ़ के नेमरा गांव में संपन्न हुआ. शिबू सोरेन के निधन से आदिवासी समुदाय को गहरा आघात पहुंचा है. वे न केवल झारखंड के, बल्कि देश के भी एक बड़े नेता और आदिवासी समाज के संरक्षक रहे हैं. वे अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार और संघर्ष हमेशा जीवित रहेंगे.बुधवार को मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के सामने आदिवासी मूलवासी संघ के बैनर तले आयोजित श्रद्धांजलि सभा में यही भावनाएं व्यक्त की गईं. सभा की शुरुआत एक मिनट के मौन के साथ गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई.

**स्मारक स्थल की रखी गई मांगः** आदिवासी मूलवासी मंच के अध्यक्ष सूरज टोप्पो ने कहा कि दिशोम गुरु, पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता शिबू सोरेन का कद और व्यक्तित्व बहुत ऊंचा था. उनका नाम स्वर्ण अक्षरों में इतिहास के पन्नों में दर्ज किया जाएगा.

उनकी जीवन यात्रा हर वर्ग के लोगों के लिए प्रेरणादायक है. इसलिए जरूरी है कि उनके जन्म से लेकर निधन तक के सफर को लोग जानें और उससे सीखें. उन्होंने मांग की कि मोरहाबादी स्थित दादा-दादी पार्क में गुरुजी की स्मृति में एक स्मारक स्थल बनाया जाए, ताकि स्कूली और कॉलेज के छात्र-छात्राएं वहां आकर उनके जीवन से प्रेरणा ले सकें.

इस अवसर पर अंतु तिर्की, सूरज टोप्पो, मोहन तिर्की (कोषाध्यक्ष), डब्लू मुंडा, अमित मुंडा, अनिल उरांव, सुरेश मिर्धा, जोसना केरकेट्टा, राधा हेमरोम, नेहा हेमरोम सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे.

## संक्षिप्त खबरें...

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन करोड़ों दिलों में राज करते हैं,वह गरीबों शोषितों लाचारों के मसीहा थेःअख्तर अंसारी



रांची(मोहसीन): झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सदस्य दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर बुधवार को राँची पूंदाग के रहने वाले युवा समाजसेवी अख्तर अंसारी ने बताया की शिबू सोरेन के संघर्षपूर्ण जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए.उनके साथ जीवन में कई परेशानियां आयी परंतु उन्होंने कभी हार नहीं मानी और हमेशा झारखंड के शोषित,वंचित लोगों के लिए आंदोलन करते रहे.झारखंड के महान जननायक दिशोम गुरु के बिना झारखंड की कल्पना अधूरी हैं.उनके निधन से झारखंड ने अपना एक मजबूत स्तंभ सह अभिभावक खो दिया है.उन्होंने ही झारखंड अलग राज्य दिलाया,शिबू सोरेन ने पूरे झारखंड राज्य को संवारने सजाने में अपना अहम योगदान दिया,उनके द्वारा झारखण्ड के लिये किये गये त्याग व बलिदान को नहीं बुलाया जा सकता हैं,आज भले ही इस दुनिया में शिबू सोरेन नहीं रहे लेकिन उनकी यादें लोगों के दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे. शिबू सोरेन करोड़ों दिलों में राज करने वाले महान नेता थे,केंद्र सरकार उनके अच्छे कार्यों को देखते हुए भारत रत्न सम्मान से उन्हें सम्मानित करें।

### विद्यालयों में अग्नि सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन

जमशेदपुर। आंध्र मध्य विद्यालय एवं क्रिश्चियन क्लब मध्य विद्यालय, गोलमुरी में विद्यार्थियों और शिक्षकों को अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन की जानकारी देने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास के दौरान छात्रों और शिक्षकों को आपात स्थिति में आग से सुरक्षित निकलने, प्राथमिक सुरक्षा उपाय अपनाने और अग्निशमन यंत्रों के सही प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। मॉक ड्रिल का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाना और बच्चों में आपदा के प्रति व्यवहारिक समझ विकसित करना था। इस मौके पर छात्रों ने न केवल पूरी प्रक्रिया को गंभीरता से समझा, बल्कि सक्रिय भागीदारी भी दिखाई। मौके पर अग्निशमन विभाग के प्रशिक्षकों द्वारा आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले "ड्रॉप, रोल एंड कवर", सुरक्षित निकासी मार्ग, और अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग का प्रदर्शन भी किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा इस पहल की सराहना की गई और भविष्य में इस तरह के आयोजन में भी परस्पर सहयोग का संकल्प लिया गया।

### शहीद चरकु उरांव के 27 वें पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



ओरमांझी(मोहसीन आलम): शहीद चरकु उरांव के 27 वें पुण्यतिथि पर बुधवार को हरचण्डा काली मैदान में स्थित शहीद चरकु उरांव के मकबरा पर पूजा पाठ कर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी गई, श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेकेएलएम पार्टी के पूर्व प्रत्याशी समंदर पाहन शामिल हुए जिन्होंने शाहिद चरकू उरांव के मकबरा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बताया की1998 में महालक्ष्मी फाइबर्स लिमिटेड कंपनी जब मैदान को अधिग्रहण कर रहा था उस समय चरकू उरांव द्वारा पूरा गांव को एकजुट किया और कंपनी के खिलाफ आंदोलन शुरू किया जिसमें प्रशाशन ने जब गोली चलाई जिसमें चरकु उरांव को गोली लगा और वह अपने पूर्वजों की जमीन बचाते हुए शहीद हो गए थे,श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेकेएलएम पार्टी के पूर्व प्रत्याशी समंदर पाहन,बरवे पंचायत के पूर्व मुखिया सुनीता देवी,उप मुखिया चकला आफताब आलम,चारकु उरांव के बड़े भाई बिरजू उरांव,ग्राम प्रधान देवेंद्र पाहन,रवि लकड़ा,नौशाद अंसारी, मिनाज अंसारी,विकी कच्छप,रंजीत टोप्पो,अरुण गाड़ी,सुदीप उरांव,अब्दुल अंसारी,बगल करकेट्टा,कंतु उरांव,अगम लाल महतो,सुब्रो घोष,नीतू देवी,साक्षी कुमारी,किरण देवी,पार्वती देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## आईआईटी–आईएसएम में मना अंतरिक्ष दिवस, इसरो के वैज्ञानिकों ने साझा किए अनुभव



धनबादः : आईआईटी-आईएसएम, धनबाद में बुधवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया. यह आयोजन आईआईटी-आईएसएम व इसरो के रीजनल रिमोट सेंसिंग सेंटर ईस्ट (कोलकाता) ने संयुक्त रूप के तिया था. इसमें चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग को याद किया गया. कार्यक्रम में धनबाद के आठ स्कूलों के कक्षा 9वीं से ऊपर के करीब 350 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया.
इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने छात्रों के साथ संवाद कर उन्हें चंद्रयान-3 मिशन के तकनीकी पक्षों, लैंडिंग सिस्टम, नेविगेशन तकनीक व भारत की आगामी अंतरिक्ष योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी. इस अवसर पर अंतरिक्ष प्रदर्शनी, क्विज, तकनीकी व्याख्यान जैसे कई रोचक सत्र आयोजित किए गए. छात्रों ने इसरो की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा और वैज्ञानिकों से प्रत्यक्ष संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया.
मुख्य अतिथि आईआईटी-आईएसएम के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने कहा कि इंजीनियरिंग व तकनीक के माध्यम से ही देश का विकास संभव है. उन्होंने छात्रों से जिज्ञासु बने रहने और सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रहने की अपील की. आरआरएससी-ईस्ट के साइंटिस्ट व डिप्टी जनरल मैनेजर डॉ. एओ वर्गीज ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की अवधारणा पर प्रकाश डाला, कहा कि इसरो का कार्यक्षेत्र केवल अंतरिक्ष अनुसंधान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह खाद्य सुरक्षा, आपदा प्रबंधन व समाज कल्याण से भी सीधे जुड़ा है.
प्रो. संजीत कुमार पाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों में वैज्ञानिक सोच को विकसित करते हैं. फिजिक्स की शिक्षिका सुभाश्री बनर्जी ने इसे छात्रों के लिए दुर्लभ अवसर बताया. कहा कि बच्चों ने अंतरिक्ष विज्ञान की बारीकियों को समझा और वैज्ञानिकों से बातचीत कर बड़े सपने देखने की प्रेरणा ली. प्रो. संजीत कुमार पाल ने स्वागत भाषण में रिमोट सेंसिंग व स्पेस टेक्नोलॉजी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला.
आरआरएससी-ईस्ट के ग्रुप हेड डॉ. अरिंदम गुहा ने पृथ्वी जैसे ग्रहों के लिए इसरो के मिशन पर विस्तृत प्रजेंटेशन दिया. इसरो के डिप्टी डायरेक्टर (ह्यूमन स्पेस फ्लाइट सेंटर) राजेन्द्र सिंह पी. ब्याली ने भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की जानकारी साझा की. धन्यवाद ज्ञापन डॉ. निप्तिका जाना ने किया.

## चतरा सांसद ने संसद में चिरमिरी रेल लाइन परियोजना को शीघ्र पूरा करने की मांग उठाई

कोयलांचल संवाद संवाददाता



चतरा : चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने बुधवार को लोकसभा में नियम 377 के तहत चिरमिरी रेल लाइन परियोजना का मुद्दा मजबूती से उठाया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल चतरा बल्कि झारखंड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और बिहार के कई पिछड़े इलाकों के लिए विकास का अहम जरिया साबित होगी। सांसद श्री सिंह ने बताया कि इस रेल लाइन के शुरू होने से झारखंड से महाराष्ट्र की दूरी करीब 400 किलोमीटर कम हो जाएगी। इससे यात्रा में समय और संसाधनों की बड़ी बचत होगी, साथ ही इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र में व्यापार, उद्योग और रोज़गार के नए अवसर पैदा होंगे। सांसद श्री सिंह ने कहा कि इस परियोजना से लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। सांसद कालीचरण सिंह ने सदन में सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि इस विषय पर उनकी माननीय रेल मंत्री से पूर्व में सकारात्मक चर्चा हो चुकी है। बावजूद इसके परियोजना की प्रगति अब तक स्पष्ट नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द आगे बढ़ाया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को शीघ्र इसका लाभ मिल सके।

## सांसद कालीचरण सिंह ने केंद्रीय शहरी विकास मंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास संबंधी मुद्दों पर चर्चा की



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतरा : चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री तोखन साहू से उनके दिल्ली स्थित मंत्रालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस क्रम में चतरा सांसद श्री सिंह ने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न गंभीर विकासात्मक मुद्दों पर केंद्रीय मंत्री से चर्चा की और केंद्र सरकार की ओर से चल रही योजनाओं के प्रभावी रूप से क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत वार्ता की। चतरा सांसद ने चतरा सहित पूरे लोकसभा क्षेत्र में शहरी विकास, आवास योजनाओं, सड़क, पेयजल और स्वच्छता से संबंधित परियोजनाओं के लिए केंद्र से विशेष सहयोग की मांग की। सांसद ने ग्रामीण और शहरी इलाकों में समान रूप से विकास सुनिश्चित करने की दिशा में केंद्रीय मंत्री से ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने चतरा सांसद कालीचरण सिंह को आश्वासन दिया कि क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार और जनहित से जुड़े सभी मुद्दों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का संकल्प है कि देश का कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित न रहे और हर नागरिक को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस दौरान हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल भी उपस्थित थे।

## ब्रह्मकुमारी बहनों ने डीसी व एसपी को बांधी राखी






लातेहारः प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लातेहार शाखा की बहनों ने बुधवार को डीसी उत्कर्ष गुप्ता व एसपी कुमार गौरव को राखी बांधी. ब्रह्मकुमारी बहनों ने डीडीसी मो. सैयद रियाज अहमद व सार्जेंट मेजर राजकुमार लकड़ा सहित अन्य अधिकारियों को भी राखी बांधी. राखी बांधने के बाद सभी अधिकारियों को खर्ची स्वरूप अवगुणों का त्याग और सतगुणों को धारण करने का संकल्प दिलाया. अकारियों से वचन लिया कि वे अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ करेंगे. ब्रह्मकुमारी अमृता बहन ने कहा कि रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मिक और नैतिक मूल्यों को सशक्त करने का अवसर है. डीसी उत्कर्ष गुप्ता ने ब्रह्मकुमारी बहनों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि रक्षाबंधन पर्व यदि इस तरह के आध्यात्मिक उद्देश्य के साथ मनाया जाए, तो इससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा. एसपी कुमार गौरव ने भी बहनों के संदेश को प्रेरणादायी बताया.

## ग्रामीणों की समस्या पर विधायक का निरीक्षण

### जल्द से जल्द होगा पुल, गाडवाल और सड़क का निर्माणः जनार्दन पासवान

कोयलांचल संवाद संवाददाता



चतराः विधानसभा क्षेत्र के हंटरगंज प्रखण्ड के तिलहेत पंचायत के कुब्बा गांव में बुधवार शाम एक दिवसीय दौरे पर चतरा विधायक जनार्दन पासवान पहुंचे। सबसे पहले श्री पासवान ने बारिश में बही सड़क और एक घर का आधा हिस्सा ध्वस्त हो जानें का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि चतरा विधानसभा क्षेत्र का विकास कार्य करना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि चतरा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव को सड़क मार्ग से जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव के पुल पुलिया का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट रुप से कहा कि सड़क मरम्मत कार्य की गुणवत्ता में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने आपदा के प्रति गहरी चिंता व्यक्त करते हुए ग्रामीणों को आश्वासन दिया की जल्द से जल्द टूटी सड़क की मरम्मती कार्य करवाया जायेगा। वही पुल गाडवाल का भी निर्माण करवाया जायेगा। इधर ग्रामीणों में हर्ष देखा गया ग्रामीणों ने कहा नेता हो तो ऐसा जो समस्या सुने और तुरंत मामले का संज्ञान ले। ग्रामीणों ने विधायक श्री पासवान के प्रति आभार प्रकट किया है । ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व हुई लगातार मूसलाधार बारिश ने सड़क का आधा हिस्सा बह गया था इससे आठ गांवों का संपर्क टूट गया था। अब विधायक की इस आश्वाशन से आठों गांव के ग्रामीणों में हर्ष है। मौके पर लोजपा अध्यक्ष गौरी प्रसाद यादव,मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार चौरसिया विधायक प्रतिनिधि रौशन कुमार से भारतीय जनता पार्टी युवा मंडल अध्यक्ष गुंजित कुमार सिंह मिथिलेश श्रीवास्तव सुनील कुमार दास जिला परिषद प्रतिनिधि बेचन पासवान शेखर सिंह आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## बासुकीनाथ मंदिर परिसर में झूलन महोत्सव शुरू



दुमकाः दुमका जिला स्थित बासुकीनाथ मंदिर परिसर में सावन शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को झूलन महोत्सव शुरू हुआ. परिसर स्थित झूलन मंदिर में यह महोत्सव पांच दिनों तक चलेगा. समापन सावन पूर्णिमा यानी रक्षाबंधन के दिन होगा. इस उत्सव में राधा माता और भगवान कृष्ण की प्रतिमा को पीतल से बने झूले में बिठाकर झुलाया जाता है. इसमें भक्तों की भीड़ उमड़ रही है. हालांकि सावन में कांवरियों की भीड़ को देखते हुए पास की व्यवस्था की गई है. झूलन महोत्सव को लेकर झूलन मंदिर को फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है. मंदिर के पुजारियों ने बताया कि झूलन मंदिर में पिछले करीब सात दशक से हर साल सावन शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि से पूर्णिमा तक झूलन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. संध्या आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाता है.

## नगर परिषद में सहायक नगर आयुक्त जयपाल सिंह ने लिया पदभार,हुआ स्वागत व पुराने को दी गयी विदाई



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय में नये सहायक नगर आयुक्त जयपाल सिंह ने बुधवार को पदभार संभाल लिया। पद ग्रहण के बाद नप कार्यालय के सभागार में स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में नये सहायक नगर आयुक्त जयपाल सिंह का नप कार्यालय स्वागत किया गया। वही पुराने कार्यपालक सोमा खण्डेत को विदाई दी गयी। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार सिंह मौजूद थे। समारोह की अध्यक्षता नगर प्रबंधक प्रभात कुमार व संचालन समाजसेवी राजन पांडेय ने किया। समारोह में नये सहायक नगर आयुक्त जयपाल सिंह व पुराने कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खण्डेत को लोगो ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। वही समाजसेवी राजन पांडेय ने निवर्तमान व नव पदस्थापित दोनों पदाधिकारियों को शॉल ओढ़कर सम्मानित किया। इसके बाद सहायक नगर आयुक्त ने नप पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ एक परिचयात्मक बैठक भी किया। सहायक जयपाल सिंह ने कहा कि विकास की गति को तेज करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। विकास के लिये उन्होंने ने लोगो से सहयोग की अपील की। नप कर्मियों से कहा कि सरकार के हर योजना को तेज गति से धरातल पर उतारना है। विकास कार्यो में कोई कोताही बर्दास्त नही की जायेगी। न ही टाल मटोल का रवैया चलेगा। मौके पर सीएमएम जितेंद्र सिंह,निवर्तमान नगर पार्षद सुनील कुमार चौधरी,सलीमुद्दीन अंसारी,समाजसेवी विजय कुमार रवि सहित कई लोग मौजूद थे।

## केरला पब्लिक स्कूल कदमा ने पेड़ लगाओ जीवन बचाओ संदेश के साथ कई तरह के फलदार व छायादार वृक्ष के पौधे लगाए




जमशेदपुर । केरला पब्लिक स्कूल, कदमा ने पर्यावरण संरक्षण और जलवायु संरक्षण में योगदान की दिशा में एक नेक कदम उठाया। जुस्को हॉर्टिकल्चर सोसाइटी और एनजीओ - आत्मरक्षा एक विश्वास के सहयोग से केपीएस कदमा प्रोजेक्ट स्कूल के छात्र और शिक्षक प्रतिनिधियों ने रामजनम नगर पूजा मैदान में बुधवार को कई तरह के फलदार व छायादार वृक्ष के पौधे लगाए। वहीं मौके पर उपस्थित विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शर्मिला मुखर्जी ने अपने संबोधन में वृक्षारोपण के महत्व ,वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वृक्ष बचेंगे तो पर्यावरण सुरक्षित रहेगा और पर्यावरण सुरक्षित होगा तभी जीवन भी सुरक्षित होगा। उन्होंने स्कूली बच्चों एवं आम जन मानस को पेड़ लगाओ जीवन बचाओ का सन्देश देते हुए जीवन में कमसे कम एक पेड़ अपने मां के नाम लगाने की नसीहत दी । इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में शैक्षणिक निदेशिका श्रीमती लक्ष्मी आर०, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शर्मिला मुखर्जी, मुख्य अध्यापिका श्रीमती अलमेलु रविशंकर, रामजनमनगर के सचिव श्री तारक, मेनस्ट्रीम और प्रोजेक्ट स्कूल के छात्र और शिक्षकगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। छात्रों के अभिभावक भी इस उल्लेखनीय कार्यक्रम के साक्षी बने।
ऐसे समय में जब बच्चे सामाजिक जिम्मेदारियों से दूर होते जा रहे हैं और प्रकृति संरक्षण के बारे में बहुत कम या कोई जागरूकता नहीं है, आज का कार्यक्रम निश्चित रूप से युवाओं को पर्यावरण के महत्व और प्रकृति के प्रति उनकी जिम्मेदारी के बारे में जागरूक करने की दिशा में एक कदम था। यह पौधारोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं था ,बल्कि रामजन्म नगर पूजा समिति के सदस्य एवं केरला पब्लिक स्कूल कदमा के इको क्लब के विद्यार्थियों ने इसकी देखभाल का आश्वासन भी दिया।आज लगाए गए पेड़, कल फल देंगे। इसलिए यदि हम अगली पीढ़ी के लिए एक स्वस्थ और स्वच्छ भविष्य चाहते हैं, तो हमें अभी कार्रवाई करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जमशेदपुर क्लीन सिटी, ग्रीन सिटी, स्टील सिटी के अपने नाम को बरकरार रखे। और यह सिर्फ जमशेदपुर तक ही सीमित क्यों होना चाहिए? बीजों को दूर-दूर तक बिखरने दें और आज के युवाओं की ऊर्जा का उपयोग करके एक हरा-भरा कल बनाएँ। वृक्षारोपण अभियानः 2025 वास्तव में केरला पब्लिक स्कूल, कदमा द्वारा किया गया एक सराहनीय प्रयास था। यह ध्यान देने योग्य है कि केपीएस, कदमा ने पहले भी इस तरह के आयोजनों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है। यह छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए एक अलग तरह की सीख का दिन था। एक पेड़ लगाएँ, एक जीवन बचाएँ - तो आइए इस संदेश को दूर-दूर तक फैलाएँ और अपने जीवन में कमसे कम एक पेड़ अपने मां के नाम आवश्य लगाएं । उक्त कार्यक्रम सुबह 10 बजे से 11 बजे तक चला । इस दौरान अतिथि, शिक्षक, अभिभावक एवं स्कूली बच्चों द्वारा कई तरह के फलदार व छायादार वृक्ष के पौधे लगाए गए और शपथ भी दिलाया गया।


बिहार सरकार

**समाहरणालय, नवादा**
(मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग)

**अल्पकालीन आम नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवादा जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों/उत्पादवादों में राज्यसात किये गये निम्नलिखित वाहनों को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् आम नीलामी (Public Auction) दिनांक **25.08.2025** एवं **26.08.2025** को समाहरणालय, नवादा में 11:00 बजे पूर्वाहन से की जायेगी। वाहनों की नीलामी से प्राप्त राशि का 3% (तीन प्रतिशत) राशि सेवा शुल्क के रुप निविदाक्रेता से अतिरिक्त वसूलनीय होगी। नीलामी योग्य वाहनों की सूची निम्नवत है :–

| क्र. सं. | थाना का नाम | थाना काण्ड संख्या | वाहन का प्रकार | निबंधन संख्या | निबंधन का वर्ष | इंजन संख्या | चेचिस संख्या | मूल्यांकित राशि | अग्रधन की राशि | वाहन की अवस्थिति | वाहन मालिक का विवरणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्पाद नवादा | 05/2024 | HERO GLAMOUR | JH02AH/9780 | 12-09-2015 | JA06ELFGG0 0168 | MBLJA06APFGG 00165 | 20700.00 | 5200 | पुरानी शराब डिपो, नवादा | ताजबुन अंसारी, पिता–अब्दुल अंसादी, सा०–हथगढ़ा, बरकानो, थाना–बरही, जिला–हजारीबाग |
| 2 | उत्पाद नवादा | 761/23 | CAR CHEVROLET SPARK | JH09L/1046 | 08-07-2009 | B010S1205 108KC2 | MA6MF481P9T C18577 | 45000.00 | 11300 | शराब डिपो, नवादा | पंकज कुमार, सा०–खरौधा, जिला–नवादा, बिहार |
| 3 | उत्पाद नवादा | 711/23 | CHEVROLET SPARK CAR | JH01Z/9021 | - | N/A | N/A | Scrap 22500 | 5700 | शराब डिपो, नवादा | विवरण उपलब्ध नहीं है। |
| 4 | उत्पाद नवादा | 664/23 | HUNDAI SANTRO CAR | JHG05P/8565 | 15-07-2006 | G4HG6M84 3624 | MALAA51HR6 M874574E | 31500.00 | 7900 | शराब डिपो, नवादा | विक्रम किसकु, पिता–सुक किसकु, सा0–सिमलबेरा, नारायणपुर, जिला–सरायकेला खरसावन, झारखण्ड, पिन कोड–833220 |
| 5 | उत्पाद नवादा | 610/20 24 | TATA INDICA VISTA AQUA | JH09Q/3453 | 23-05-2011 | 4751DT14B YYP14955 | MAT608523BP C23078 | 90000.00 | 22500 | शराब डिपो, नवादा | अनिल कुमार, पिता–विजय प्रसाद गुप्ता, सा०–शुद्धी टोला, हिसुआ–नवादा रोड, जिला–बोकारो, झारखण्ड |
| 6 | उत्पाद नवादा | 611/20 24 | TATA SUMO CAR | JH10Z/0738 | 07-02-2011 | 49SPTC43K ZY645846 | MAT446145A9 K32130 | 90000.00 | 22500 | शराब डिपो, नवादा | गनौरी गोप, पिता–शरण गोप, सा०–दीपनगर, थाना–नालंदा, जिला–नालंदा, बिहार |
| 7 | उत्पाद नवादा | 211/24 | HERO PASSON X PRO | JH11M/0550 | - | JA12ABEGF 13676 | MBLJA12ACEG F11252 | Scrap 3200 | 800 | शराब डिपो, नवादा | दिलीप राम, पिता–कोपेन्द्र राम, सा०–कटेया सतगामा, जिला–कोडरमा, झारखण्ड |
| 8 | उत्पाद नवादा | 108/24 | MARUTI SUZUKI WAGON-R CAR | JH01Z/8697 | 29-05-2009 | F10DN4600 085 | MA3EED815007 75439 (MA3EED81S00 775439) | 40500.00 | 10200 | शराब डिपो, नवादा | नीतु देवी, पति–संतोष कुमार, सा०–बूटी बस्ती, थाना–राँची, जिला–राँची, झारखण्ड |
| 9 | उत्पाद नवादा | 459/24 | HONDA SHINE BIKE | JH10CS/5077 (JH12J/6883) | 21-10-2018 | JC65ET219 0791 | ME4JC65AGJT1 21961 | 15300.00 | 3900 | रजौली चेक पोस्ट, नवादा | समसुम मियाँ, पिता–करीम मियाँ, सा०–बीरसोडीह, थाना–जयनगर, जिला–कोडरमा, झारखण्ड |
| 10 | उत्पाद नवादा | 635/23 | GLAMOUR MOTORCYCLE | JH11U/8191 | - | JA06EJGGC 33170 | MBLJA06ANGG C02579 | Scrap 3200 | 900 | रजौली चेक पोस्ट, नवादा | संजय मिस्त्री, पे०–झरी मिस्त्री, सा०–हरदिया, था०–रजौली, जि०–नवादा, बिहार, पिन–805125 |
| 11 | गोविन्दपुर | 207/202 3 | BAJAJ PULSAR N160 | JH15Y/3347 (BR27U2506) | 30-04-2021 | JA07ACL9F1 6437 | MBLJAW159LF6 6806 (MBLJAW159L9 66806) | 24300.00 | 6100 | गोविन्दपुर थाना | बब्लु मुर्मु, पिता–गेड़ा मुर्मु, सा०–चंगरबाद, रतबहेर, गनादेय उदयपुर, जिला–गिरीडिह, झारखण्ड, पिन–815312 |
| 12 | गोविन्दपुर | D.R.No-951/23 | HF DELUXE BIKE | JH11K/2099 | 24-06-2013 | HA11EFD9D 32040 | MBLHA11EWD9 D38058 | 8100.00 | 2100 | गोविन्दपुर थाना | पंकज कुमार, पिता–साहो प्रसाद, सा०–भदाली, पो०–मिरगंज, थाना–सतगावां, जिला–कोडरमा, झारखण्ड, पिन– |
| 13 | गोविन्दपुर | 52/24 | YAMHA FAZER BIKE | JH01DK/9878 | 13-04-2019 | N/A | ME1RJ4448J002 7637 (ME1RG4448J0 027637) | 23400.00 | 5900 | गोविन्दपुर थाना | रवि कांत, पिता–धनंनजय कुमार, सा०–साकेत नगर, वार्ड नं०–52, थाना–डोरंडा, जिला–राँची, झारखण्ड, पिन–834002 |
| 14 | अकबरपुर | 496/202 3 | MOTROCYCLE | JH01G/3380 | 05-07-2019 | JC73E22451 10 | ME4JC73ABKT0 06054 | 16200.00 | 4100 | अकबरपुर थाना | जामुन कुमार, पिता–सुदामा चौहान, सा०–खैरा बेदरिया, पोस्ट–मंजौर, थाना–वारिसलीगंज, जिला–नवादा, पिन कोड–805130 |
| 15 | रजौली | 22/24 | HERO SPLENDOR PLUS | JH11T/4115 (JH11T8555) | 20-07-2017 | N/A | MBLHAR230H9 E28494 | 7200.00 | 1800 | रजौली | हीर सिंह, पे०–गोपाल सिंह, सा०–चतकारी, था०–रजौली, जि०–नवादा, बिहार, पिन–805125 |

1. किसी भी वाहन या सभी वाहनों की नीलामी बिना कारण रद्द करने की शक्ति वाहन नीलामी समिति के पास सुरक्षित होगी।
2. विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अधीक्षक मद्य निषेध, नवादा से सम्पर्क किया जा सकता है nawada.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR- 010726 (Excise) 2025-26 विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

(कृते समाहर्त्ता, नवादा)
अधीक्षक मद्यनिषेध,
नवादा

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

## संक्षिप्त खबरें...

### गाड़ी के ट्रैफिक चालान का लिंक भेजकर साइबर फ्रॉड, मैसेज खोलते ही उड़ गए डेढ़ लाख रुपये

मुजफ्फरपुर. साइबर अपराधी आम लोगों को ठगने के लिए नए-नए पैंतरे अपना रहे हैं। अगर आपके मोबाइल फोन पर भी गाड़ी के ट्रैफिक उल्लंघन का हवाला देते हुए चालान का लिंक आ रहा है, तो सावधान हो जाएं। साइबर शातिर अब ट्रैफिक चालान का मैसेज भेज कर बड़े पैमाने पर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला बिहार के मुजफ्फरपुर से आया है। यहां साइबर अपराधियों ने इसी तरीके से एक शख्स के बैंक खाते से डेढ़ लाख रुपये उड़ा लिए। एफआईआर दर्ज कराए जाने के बाद बैंक अकाउंट के आधार पर पुलिस साइबर अपराधियों का सुराग ढूंढ रही है। अहियापुर थाने के झपहां निवासी विक्की कुमार ने इसकी शिकायत दर्ज कराई है। विक्की ने पुलिस को बताया है कि बीते 1 अगस्त को उनके मोबाइल पर ट्रैफिक चालान का मैसेज आया था। उसमें बताया गया था कि आपकी गाड़ी ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया है। मैसेज खोलकर लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल पर ओटीपी आने लगा। इसके बाद मोबाइल हैक हो गया और साइबर शातिरों ने तीन बैंक खातों से करीब 1.5 लाख रुपए के निकासी कर ली। पहली बार में 50 हजार, फिर 11200 और 39000 की निकासी की गई है। बैंक में पता लगाने पर अलग-अलग बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर किए जाने की जानकारी मिली।

### नरेंद्र मोदी 22 अगस्त को बिहार दौरे पर आएंगे

पटना. बिहार विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लगभग हर महीने राज्य का दौरा हो रहा है। उनके अगले बिहार दौरे की तारीख आ गई है। पीएम मोदी शुक्रवार, 22 अगस्त को गयाजी में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे राज्य को कई सौगात देंगे। गयाजी जिले में होने वाले प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल होंगे। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बुधवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट्स के अनुसार प्रधानमंत्री की गयाजी जिले के बेलागंज विधानसभा क्षेत्र के पाली गांव में जनसभा हो सकती है। सरकार के मंत्री और प्रशासनिक पदाधिकारी इसकी तैयारियों में जुटे हैं। जल्द ही आधिकारिक रूप से सभा स्थल की घोषणा की जाएगी।

### पटना में 8 किलो गांजा के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार



पटना. पटना के कोतवाली इलाके से तीन गांजा तस्कर पकड़े गए हैं। इनके पास से 8 किलो गांजा बरामद हुए हैं। एसएसपी के सेल की टीम को सूचना मिली थी कि पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन इलाके में गांजा की खरीद बिक्री हो रही है। सूचना के आधार पर जब छापेमारी की गई तो एक गुमटी से लगभग 8 किलों गांजा मिले। वहीं पकड़े गए तस्करों का नाम वकील राय, फिरोज और बबलू कुमार है। छापेमारी में यह भी जानकारी मिली है कि स्टेशन के आस-पास इस गुमटी से गांजा लेने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। इससे पहले भी कई बार इस गुमटी से गांजा खरीद-बिक्री का स्टिंग ऑपरेशन भी हो चुका है। वहीं जब भी स्टिंग ऑपरेशन होता था, तस्कर सावधान हो जाते थे। कुछ दिनों के लिए अपनी गुमटी बंद कर देते थे। फिर मामला शांत होते ही गांजा की खरीद-बिक्री शुरू हो जाती थी। सूत्रों की माने तो इस गैंग का मुख्य कनेक्शन राघोपुर दियारा इलाके से जुड़ा है। पुलिस का कहना है कि फिरोज पुलिस के वेशभूषा में आस-पास के तस्करों को डराता धमकाता था और खुद तस्करी करता था। जब भी दूसरे छोटे मोटे तस्कर इससे उलझते थे, उन्हें पकड़वा देता था। फिलहाल तीनों से कोतवाली थाने में पूछताछ जारी है।

### बिहार शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता का स्वागतःपलक सिंह को विधायक ने सम्मानित किया

भोजपुर. भोजपुर जिले के जगदीशपुर नगर वार्ड संख्या-18 गढ़ की निवासी पलक सिंह को पिस्टल शूटिंग में स्वर्ण पदक जीतने पर लगातार बधाइयां मिल रही हैं। बुधवार को जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया जी समर्थकों के साथ पलक सिंह के घर पहुंचे। विधायक ने पलक को पिस्टल शूटिंग में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी। उन्होंने डायरी, डिक्शनरी, पेन सहित अन्य उपहार व शॉल भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक ने पलक के पिता कुंवर अभिजीत सहित अन्य परिजनों से मिलकर इस उपलब्धि पर गर्व जताया। विधायक ने कहा कि पलक की इस उपलब्धि से जगदीशपुर सहित भोजपुर जिले का मान बढ़ा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पलक आने वाले दिनों में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर देश और प्रदेश का नाम रौशन करेंगी। इस अवसर पर राजद प्रखंड अध्यक्ष भोला खां, अनिल यादव, मूनजी यादव, आशीष दास, सलीम अंसारी आदि मौजूद रहे। गौरतलब है कि 2 अगस्त को बिहार के नालंदा जिले के कल्याण बिगहा में आयोजित राज्य स्तरीय बिहार शूटिंग प्रतियोगिता के दस मीटर एयर पिस्टल शूटिंग के सब यूथ वूमेन वर्ग में पलक सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता था। पलक के पिता कुंवर अभिजीत भी शूटिंग चैंपियन रह चुके हैं। अब उनकी बेटी ने पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए यह उपलब्धि हासिल की है।

### नवादा के गांगटी गांव में शिवलिंग को लेकर विवाद

नवादा. नवादा में बीते सप्ताह मिले शिवलिंग की जांच के लिए पुरातत्व विभाग की टीम पहुंची। टीम ने जब शिवलिंग की जांच शुरू की, तभी अफवाह फैल गई कि अधिकारी शिवलिंग को ले जा रहे हैं। इस अफवाह के बाद गांगटी और आसपास के गांवों के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों और विभाग के कर्मियों को घेर लिया और जमकर हंगामा किया। जांच के दौरान मंदिर के पुजारी के लाए पानी से शिवलिंग को धोया गया। इसके बाद पुरातत्व विभाग के अधिकारी उसकी जांच कर रहे थे। नाराज ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए रास्ता जाम कर दिया और विरोध शुरू कर दिया। स्थिति को देखते हुए पुरातत्व विभाग की टीम को वापस लौटना पड़ा। मामले की सूचना मिलते ही एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया कि टीम शिवलिंग लेने नहीं, बल्कि यह जांच करने आई थी कि शिवलिंग कितना पुराना है। एसडीपीओ के समझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए। एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर ने लोगों को अफवाहों से बचने की सलाह दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य केवल शिवलिंग की प्राचीनता का पता लगाना था, न कि उसे कहीं ले जाना।

### 7 महीने बाद जेल से बाहर निकले बाहुबली अनंत सिंह

पटना. बाहुबली अनंत सिंह बुधवार शाम करीब साढ़े 4 बजे पटना की बेऊर जेल से बाहर निकले। 7 महीने बाद वे जेल से बाहर आए हैं। अनंत सिंह 3 करोड़ की लैंड क्रूजर से अपने घर के लिए निकले हैं। उनके साथ समर्थकों का हुजूम भी है। जेल से बाहर निकलते ही अनंत सिंह ने कहा- 'मैं नीतीश कुमार जी की पार्टी जदयू से चुनाव लड़ूंगा। उन्होंने बिहार का बहुत विकास किया है। नीतीश जी अभी 25 साल और रहेंगे। कौन क्या कह रहा है उससे हमको मतलब नहीं है। विरोधी कभी किसी की तारीफ करते हैं क्या।' मंगलवार को मोकामा शूटआउट केस में जेल में बंद पूर्व विधायक अनंत सिंह को पटना हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। अनंत सिंह ने अपने X पर लिखा है कि 7 अगस्त को पटना से मोकामा जाएंगे। इसके लिए पोस्टर भी जारी किया गया है।

### नदी में पैर फिसलने से डूबा किशोर, लापताःतलाश में जुटी गोताखोर की टीम

पटना. पटना में धोवा नदी में बुधवार सुबह पैर धोने के दौरान सुधांशु कुमार (17) डूब गया। सुधांशु को डूबता देख उसके दोस्त चित्तरंजन ने शोर मचाया। आवाज सुनकर ग्रामीण नदी की ओर दौड़े, लेकिन तब तक सुधांशु नदी के तेज बहाव में लापता हो चुका था। सुधांशु के दादा आनंदी पासवान ने बताया कि उनका पोता सिर्फ पैर धोने गया था। पूरा मामला पटना के फतुहा थाना क्षेत्र के सिरपतपुर गांव के पास का है, जहां सिरपतपुर निवासी अमरजीत पासवान का बेटा सुधांशु अपने दोस्त चित्तरंजन के साथ ट्यूशन से घर लौट रहा था। घर के पास बहती धोवा नदी में वह पैर धोने रुका। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नदी के गहरे पानी में चला गया।

# सीएम ने किया शिलान्यास... पटना में वेस्ट से बनेगा वंडर थीम पार्क, डॉ. राजेंद्र प्रसाद बिहार गौरव पार्क का भी होगा निर्माण

पटना. बिहार की राजधानी पटना के लोगों को जल्द ही नए थीम पार्क की सुविधा मिलेगी। भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की याद में बांस घाट पर एक वेस्ट टू वंडर थीम पार्क बनाया जाएगा। यह पार्क डॉ. राजेंद्र प्रसाद के समाधि स्थल के पास बनाया जाएगा। इसका निर्माण लगभग 14.98 करोड़ रुपये की लागत से होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। वेस्ट टू वंडर थीम पार्क को 10 एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा। इसकी अनुमानित लागत 15 करोड़ रुपए है। पार्क में ठोस अपशिष्ट पदार्थों (कचरे) से कलात्मक स्मारकों का निर्माण किया जाएगा। यहां बिहार की समृद्ध कला, संस्कृति, इतिहास, और राज्य की महान विभूतियों को प्रदर्शित करने वाली मूर्तियां



और संरचनाएं स्थापित की जाएंगी। इस पार्क की खासियत यह है कि यहां दुनिया के सात अजूबे एफिल टावर, ताजमहल, स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी जैसे आकृतियां दिखेंगी। यह प्रोजेक्ट पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देगा।

### डॉ. राजेंद्र प्रसाद बिहार गौरव पार्क

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद बिहार गौरव पार्क की आधारशिला रखी। यह पार्क भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की स्मृति को समर्पित होगा और यहां उनकी 65 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी। पार्क में उनकी जीवन यात्रा, स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका और उनके द्वारा किए गए राष्ट्रनिर्माण कार्यों को भव्य रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही बिहार के अन्य महान विभूतियों को भी इस पार्क में स्थान दिया जाएगा। बांस घाट क्षेत्र में यह पहल पटना को एक नए पहचान दिलाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है। राज्य सरकार की ये कोशिशें स्पष्ट संकेत देती हैं कि बिहार अब आधुनिकता और विरासत दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहता है। शिलान्यास के दौरान सीएम नीतीश, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा मौजूद रहे। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि यह पार्क डॉ. राजेंद्र प्रसाद के स्मृति में बनाया जा रहा है। यहां दुनिया भर की कलाकृतियां दिखेगी। वहीं अब बिहार सभी वर्ग को आकर्षित कर रहा है और इन्वेस्टर बिहार पहुंच रहे हैं। नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा ने इस मौके पर कहा कि यह पार्क अद्भुत नमूना होगा, जहां कचरे से कलाकृति तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसका शिलान्यास कर बिहार को बड़ा तोहफा दिया है। नगर विकास विभाग इसका देखभाल करेगा और निर्माण करेगा।

# पटना-बक्सर में उफान पर गंगा, दानापुर में कई गांव डूबे; 25 जिलों में बारिश का अलर्ट

पटना. बांका में तेज बारिश शुरू हो गई है। इससे पहले सुपौल में सुबह झमाझम बारिश हुई। बेतिया, सहरसा में बादल छाए है। पटना में बारिश के एक हफ्ते बाद तेज धूप निकली है। हालांकि, 10 अगस्त तक पटना में बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग ने आज बिहार के 17 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। आकाशीय बिजली गिरने को लेकर विशेष चेतावनी जारी की गई है। इधर, बिहार में गंगा और सोन नदी उफान पर है। राज्य के कई गांव जलमग्न हैं। पटना में गंगा खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। पटना सिटी में भद्रघाट और महावीर घाट में सर्विस लेन पर गंगा का पानी 2 फीट तक आ गया है। बेगूसराय में भी गंगा खतरे के निशान से 72 सेमी ऊपर आ गई है। नेपाल में बारिश के बाद बगहा में गंडक नदी भी उफान पर है। बुधवार को नदी में मगरमच्छ देखा गया, जिसके बाद नदी में तैर रहे बच्चे भागने लगे। मौसम विभाग ने अगले 7 दिन तक बिहार में भारी बारिश की संभावना जताई है। प्रदेश में अब तक 26% कम बारिश हुई है। पिछले 24 घंटे के दौरान कई जिलों में भारी बारिश गई है। सीवान में सबसे अधिक 90.4 मिमी, मधुबनी और पूर्वी चंपारण में 75.6 मिमी, नालंदा में 74.8 मिमी, कटिहार में 71.4 मिमी और पूर्णिया में 67.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है।



### पटना के दियारा इलाके में घुसा गंगा का पानी

पटना के बाढ़ अनुमंडल के बख्तियारपुर प्रखंड के दियारा क्षेत्र में गंगा का जलस्तर बढ़ने से स्थानीय लोग परेशान हैं। इस स्थिति का जायजा लेने राजद विधायक अनिरुद्ध कुमार पहुंचे। उन्होंने चिरैया पंचायत और सतभैया पंचायत के वार्ड नंबर 4 का दौरा किया। विधायक ने प्रभावित लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने जल्द ही दियारा वासियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान उनके साथ आपदा मित्र की टीम भी मौजूद रही। विधायक ने डीएम त्यागराजन से फोन पर बात की। उन्होंने प्रभावित लोगों के लिए सूखा राशन, पॉलिथीन और अन्य आवश्यक सामग्री मुहैया कराने की मांग की। दियारा क्षेत्र के निवासियों को गंगा के बढ़ते जलस्तर से गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### लखीसराय में 2 गांव पानी से घिरेःसड़कों से संपर्क टूटा

लखीसराय में नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि के कारण बाढ़ की स्थिति गंभीर होती जा रही है। सबसे अधिक प्रभावित पिपरिया प्रखंड है। यहां पथुआ और कन्हरपुर गांव चारों ओर से बाढ़ के पानी से घिर चुके हैं। इन गांवों का सड़क संपर्क पूरी तरह से टूट गया है। इससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। प्रशासन ने स्थिति को देखते हुए इन क्षेत्रों में नाव की व्यवस्था की है। इससे स्थानीय लोगों को जरूरी सेवाएं मिल सकेंगी। सोमवार को पिपरिया अंचलाधिकारी प्रवीण अनुरंजन ने प्रभावित गांवों का दौरा किया। उन्होंने पथुआ, कन्हरपुर, बसौना और डीह पिपरिया गांवों की स्थिति का जायजा लिया। अंचलाधिकारी ने बताया कि अभी किसी भी गांव के आबादी वाले हिस्से में पानी नहीं घुसा है। लेकिन जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी से खतरा बना हुआ है। अगर इसी गति से पानी बढ़ता रहा तो आगामी दो-तीन दिनों में स्थिति और बिगड़ सकती है। रामचंद्रपुर और डीह पिपरिया गांवों में भी बाढ़ का खतरा है। प्रशासन ने एहतियातन सोमवार को रामचंद्रपुर गांव में नाव उपलब्ध कराई है। जिला प्रशासन पूरे क्षेत्र पर नजर रखे हुए है। राहत और बचाव की तैयारियां की जा रही हैं।

### भागलपुर यूनिवर्सिटी में गंगा नदी का पानी घुसा, कॉलेज बंद

बिहार में गंगा नदी के जलस्तर में भारी बढ़ोतरी का असर अब भागलपुर के शहरी क्षेत्र में तेजी से देखा जा रहा है। गंगा किनारे बसे मोहल्लों के निचले हिस्से में बुधवार को पानी कई घरों में घुस गया। सबसे अधिक तबाह तिलका मांझी भागलपुर यूनिवर्सिटी के कैंपस के पास दिख रही है। यूनिवर्सिटी कैंपस में प्रशासनिक भवन के पास सड़क पर करीब आधा फीट पानी चढ़ गया है।

वहीं, मारवाड़ी कॉलेज के हॉस्टल रोड में पानी भरने लगा है। बाढ़ को देख छात्राओं को अविलंब हॉस्टल खाली कराने को कहा गया है। यूनिवर्सिटी कैंपस के पीछे भाग में संचालित सिटी कॉलेज और पीएनए साइंस कॉलेज में कक्षा में करीब दो फीट तक पानी होने से कॉलेज को बंद कर दिया गया है।

सबौर के ममलखा, इंग्लिश, घोषपुर आदि पंचायतों में पानी का स्तर ऊंचा हो रहा है। सबौर के पास एनएच 80 के डायवर्जन पर पानी का दबाव बन रहा है। यहां मिट्टी, राबिश, रोड़ा आदि गिराकर सड़क को मजबूत किया जा रहा है। यदि यहां पानी चढ़ गया तो कहलगांव जाने का रास्ता ब्लॉक हो जाएगा।

### शिक्षा मंत्री ने कहा- जल्द आएगी टीआरई 4 की वैकेंसीः बिहार के होंगे 85% अभ्यर्थी

पटना. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने आज जदयू कार्यालय में जनता दरबार के दौरान कहा कि जल्द ही टीआरई 4 के तहत होने वाली नियुक्तियों की जानकारी बीपीएससी को भेजी जाएगी। सुनील कुमार ने कहा कि राज्य में लगभग 78,000 स्कूल हैं। हर स्कूल में शिक्षकों की जरूरत का आकलन किया जा रहा है, ताकि वैकेंसी की वास्तविक स्थिति सामने आ सके। शिक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि राज्य में डोमिसाइल नीति लागू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि "टीआरई 4 की परीक्षा में अब 85 से 86 प्रतिशत अभ्यर्थी बिहार के ही होंगे। लंबे समय से उम्मीदवारों की ओर से इसकी मांग की जा रही थी, जिसे मुख्यमंत्री ने पूरा किया। इसके साथ ही मंत्री ने राज्य की रसोइया बहनों और फिजिकल इंस्ट्रक्टर शिक्षकों के मानदेय में की गई बढ़ोतरी की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करीब 2.18 लाख रसोइयों का मानदेय 1650 रुपए से बढ़ाकर 3300 रुपए कर दिया गया है। वहीं, फिजिकल इंस्ट्रक्टर का मानदेय 8000 से बढ़ाकर 16000



रुपये कर दिया गया है। डोमिसाइल नीति को लेकर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने भी समर्थन जताया और कहा कि यह फैसला राज्य के युवाओं के लिए फायदेमंद साबित होगा। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके पास कोई नीति या विजन नहीं है, सिर्फ बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "विपक्ष के नेता बड़बोले हैं। उन्हें यह समझना चाहिए कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले दो दशकों में बिहार में कितना विकास किया है।" तेज प्रताप यादव द्वारा बनाए गए नए राजनीतिक गठबंधन पर टिप्पणी करते हुए श्रवण कुमार ने कहा कि वह केवल "टाइम पास" कर रहे हैं। वहीं, दिल्ली में INDIA गठबंधन की बैठक पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि "चाहे वे दिल्ली में बैठक करें या विदेश में, इससे कुछ फर्क नहीं पड़ने वाला है।"

### पटना में नेपाली लड़की के साथ बस में रेपःड्राइवर शहर में घुमाकर 2 दिनों तक करता रहा गंदा काम

पटना. पटना में नेपाल की लड़की के साथ बस में रेप की वारदात को अंजाम दिया गया है। लड़की का आरोप है कि ड्राइवर ने उसके साथ 2 दिनों तक रेप किया है। वो इस दौरान बस को शहर के अलग-अलग हिस्सों में घुमाता रहा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 'मैं सिलिगुड़ी से पटना पहुंची थी। स्टेशन से बाहर निकलने के बाद बैठी थी। तभी एक प्राइवेट ड्राइवर मेरे पास आया और बात करने लगा।' 'उसने मुझे भरोसे में लिया। इसके बाद मैंने उसे बताया कि मैं इंडिया नौकरी की तलाश में आई हूं। इस बात पर उस ड्राइवर ने कहा चलो मैं तुम्हें नौकरी दिला दूंगा।' 'उसके बाद मुझे बस में बैठाकर अपने ठिकाने पर ले गया और मेरे साथ 2 दिनों तक रेप किया।' पीड़िता के मुताबिक आरोपी का नाम कार्तिकेय है। वो गाड़ी से कभी BMP1 तो कभी गांधी मैदान के पास ले जाता था। लड़की का आरोप है कि आरोपी ने 13,000 रुपए इंडियन और 2000 नेपाली रुपए भी छीन लिए।

### पटना में हत्या के आरोपी का एनकाउंटरः एसपी बोले- टॉयलेट के लिए गाड़ी से उतरा, सिपाही की पिस्टल छीनने लगा; 100 कारतूस मिले

पटना. पटना के फुलवारी शरीफ में हत्या के आरोपी और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी है। बताया जा रहा है कि फुलवारी शरीफ थाने की पुलिस ने मंगलवार की रात जहानाबाद के कुख्यात अपराधी रोशन शर्मा को गिरफ्तार कर थाने ला रही थी। इस दौरान बदमाश पुलिस की पिस्टल छीनकर भागने लगा। पुलिस की ओर से रोकने की कोशिश की गई, लेकिन वो नहीं माना। फिर पुलिस को गोली चलानी पड़ी। घायल अपराधी को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। गिरफ्तार बदमाश रोशन शर्मा की निशानदेही पर पुलिस ने 4 देसी कट्टे, एक पिस्टल, करीब 100 कारतूस और 1.67 लाख रुपए बरामद किए थे। पुलिस उसे लेकर उसके साथी हरेंद्र उर्फ कक्कू की तलाश में कुरकुरी गांव जा रही थी। इस दौरान वो पुलिस कस्टडी से भागने लगा। पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि 'रोशन के खिलाफ हत्या समेत डेढ़ दर्जन से अधिक केस दर्ज है। इसमें हत्या, लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट के मामले हैं। यह केस जहानाबाद, पटना के अलावा झारखंड और बंगाल के थानों में दर्ज है।' 'रोशन शर्मा पटना के रामकृष्ण नगर स्थित बस स्टैंड में एक हत्या मामले में आरोपी है।' जहानाबाद जिले के सलेमपुर गांव निवासी कुख्यात रोशन शर्मा के खिलाफ पटना के कंकड़बाग, रामकृष्ण नगर, अगमकुआं, फुलवारी शरीफ सहित कई थानों में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। रोशन बिहार के टॉप 10 फरार अपराधियों में शामिल था। रोशन पर पटना के बैरिया जीरो माइल बस स्टैंड पर कृपानाथ शर्मा बस ड्राइवर की चलती बस में गोली मारकर हत्या का आरोप था। इसके साथ उनके ऊपर कुम्हार इलाके में रॉकी पर चाकू से जानलेवा हमले का आरोप था। फुलवारी पेट्रोल पंप लूट, हथियारों की तस्करी, अवैध निर्माण के विवादों में रंगदारी वसूली और कई संगठित आपराधिक घटनाओं में भी रोशन सक्रिय रहा है।

### कमरे में पड़े गए बॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड, पंचायत बोली- बांधकर मारो

कटिहार. कटिहार में भीड़ ने प्रेमी जोड़े के साथ मारपीट की है। बताया जा रहा है कि दोनों को लोगों ने कमरे में आपत्तिजनक हालत में पकड़ा था। इसके बाद पंचायत बुलाई गई। पंचायत में फैसला हुआ कि दोनों को इसकी सजा दी जाए। बांधकर दोनों को मारना चाहिए और मुंह काला कर पूरे गांव में घुमाना चाहिए। पंचायत खत्म होते ही भीड़ ने प्रेमी जोड़े को बिजली के पोल से बांध दिया और जमकर मारपीट की। पूरी मामला फलका थाना क्षेत्र के छपन्ना बुक्कू आदिवासी गांव का है। मारपीट के बाद भीड़ ने प्रेमी के बाल मुंडवाए, चेहरे पर कालिख और चुना पोत दिया। जूते-चप्पल की माला पहनाकर उसे पूरे गांव में घुमाया गया। भीड़ ने दोनों को मंगलवार रात कमरे में पकड़ा था। इसके बाद दोनों को पोल से बांध दिया। बुधवार को दोनों को गांव में घुमाया गया। मामला सामने आते ही कटिहार पुलिस हरकत में आ गई और फलका थाना प्रभारी कुंदन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर युगल जोड़े को ग्रामीणों के कब्जे से छुड़ाया। मारपीट से दोनों की हालत खराब है।

### दानापुर नगर परिषद कार्यालय का लोगों ने किया घेरावः बारिश के बाद जलजमाव के कारण बढ़ी परेशानी

पटना. पटना के दानापुर नगर परिषद क्षेत्र में भारी बारिश के बाद जलजमाव की गंभीर स्थिति बन गई है। परेशान लोगों ने बुधवार को शांतिपूर्ण तरीके से नगर परिषद कार्यालय का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की। दानापुर नगर परिषद के लगभग सभी वार्डों में 4 से 5 फीट तक पानी भर चुका है। इससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासियों ने कई बार इसकी शिकायत नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर कार्यपालक पदाधिकारी, मुख्य पार्षद और वार्ड पार्षद से की है। जलजमाव की स्थिति दानापुर नगर परिषद के बीबीगंज रोड, गोला रोड, सैनिक कॉलोनी, जजेज कॉलोनी, सुल्तानपुर, चित्रकूट नगर, पंचशील नगर समेत अधिकांश वार्डों में देखी जा रही है।

स्थानीय निवासी चमोद कुमार ने बताया कि हर बारिश में दानापुर नगर परिषद क्षेत्र में जलजमाव से लोग परेशान हो जाते हैं और कई दुर्घटनाएं भी होती हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री जीवेश मिश्रा भी दानापुर पहुंचे थे और क्षेत्र को स्वच्छ-सुंदर बनाने की कई योजनाओं की घोषणा




की थी, लेकिन यह सब केवल नाम के लिए किया गया। गजेंद्र कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष वो लोग साफ-सफाई को लेकर नगर परिषद में ज्ञापन सौंपते हैं। लेकिन सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है। दानापुर नगर परिषद क्षेत्र में कहीं भी पानी निकासी की सुचारू व्यवस्था नहीं है। नाले तो हैं लेकिन उन पर अतिक्रमण किया गया है। जिला प्रशासन सख्ती से कार्रवाई नहीं करता जिसके कारण बरसात में लोगों को काफी परेशानी होती है। आज के विरोध प्रदर्शन में लोगों ने नगर परिषद के कार्यपालक अधिकारी को फिर से ज्ञापन सौंपा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलजमाव के कारण उनका जीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। इधर दानापुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि बारिश के कारण कई वार्डों में पानी की निकासी में काफी दिक्कत हुई।लेकिन नगर परिषद प्रशासन के तरफ से पंप सेट लगाए गए हैं और जल निकासी भी की जारी है पानी निकालने में थोड़ा समय लग रहा है और साफ सफाई को लेकर लगातार काम युद्ध स्तर पर चल रहा है।सभी वार्डों में टीम लगी हुई है।

# रेलकर्मी से लूटपाट-मारपीट, थाने के बाहर हंगामाःरिवॉल्वर दिखाकर धमकी देने का आरोप

गया. गयाजी के रेलवे जंक्शन स्थित मेमू शेड में ड्यूटी कर रहे रेलकर्मी से लूटपाट और मारपीट हुई है। लोको पायलट (शंटिंग) राजू कपूर और मेन्टेनेंस स्टाफ अजीत कुमार सिन्हा ने आरोप लगाया है। इन्होंने कहा है कि उनके साथ हथियारबंद अपराधियों ने मारपीट की। फिर रिवॉल्वर दिखाकर धमकाया और मोबाइल से जबरन ऑनलाइन ट्रांजैक्शन भी करवा लिया। इस घटना से रेल कर्मी न केवल अचरज में हैं, बल्कि भयभीत भी हैं। पीड़ित रेलकर्मी ने मामले की लिखित सूचना चीफ क्रू कंट्रोलर अजय कुमार को दी है।




चीफ क्रू कंट्रोलर ने बताया कि पीड़ितों ने गया रेल थाना में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को कपूर और मेन्टेनेंस की टीम ड्यूटी मेमू शेड में थी। उसी दौरान यह घटना हुई।

### रेल का चक्का जाम करने की चेतावनी

घटना के बाद बुधवार को पीड़ित रेलकर्मी अपने सहयोगियों के साथ गया रेल थाना पहुंचे। वहां उन्होंने सुरक्षा को लेकर जमकर नारेबाजी की। रेलकर्मी रेलवे पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि अगर जल्द सुरक्षा व्यवस्था नहीं बढ़ाई गई, तो वे रेल का चक्का जाम करेंगे। हालांकि रेल थाना प्रभारी राजेश सिंह का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। रेलवे स्टेशन के सभी सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। हंगामे की जानकारी मिलते ही डीडीयू मंडल के अपर रेल मंडल प्रबंधक खुद गया जंक्शन पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों से बातचीत की और पूरी घटना की जानकारी ली। रेल अधिकारी पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराने की बात कह रहे हैं। रेलवे परिसर में इस तरह की घटना को लेकर रेलकर्मियों के बीच भय व गुस्सा का माहौल बन हुआ है।

## सुप्रीम कोर्ट के जज दीपांकर दत्ता की टिप्पणी पर बवाल

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपांकर दत्ता की राहुल गांधी के बारे में हालिया टिप्पणीअगर आप सच्चे भारतीय होते तो ऐसा नहीं कहते। इस टिप्पणी ने सारे देश में तूफान खड़ा कर दिया है। न्याय पालिका और न्यायाधीशों की मर्यादा, सीमाओं पर गहरा विचार विमर्श होने लगा। यह टिप्पणी विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा भारत-चीन सीमा विवाद पर दिए गए बयान के संदर्भ में थी। उन्होंने कहा था,चीन ने भारत की भूमि पर कब्जा कर लिया है। उप्र में उनके बयां पर मानहानी का मुकदमा उप्र की कोर्ट में चल रहा है यह चिंता का विषय है, एक संवैधानिक संस्था, जो अपने विवेक, संतुलन और मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए संविधान द्वारा संरक्षित की गई है। वह एक राजनीतिक बयान को देशभक्ति की परीक्षा में बदल दे। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1)(A) मे नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है। ऐसे में विपक्षी नेता द्वारा सरकार से राष्ट्रीय सुरक्षा पर सवाल करना ना केवल उसका अधिकार है, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा और संविधान के मौलिक अधिकारों में शामिल है। इस अधिकार को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी सुप्रीम कोर्ट की ही है। सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को राहत मिली। जस्टिस दत्ता ने जो टिप्पणी की उनके बाद देश भर में बवाल मच गया।

गंभीर सवाल यह है, क्या अदालतें अब नागरिकों की भारतीयता का मूल्यांकन करेंगी? क्या सच्चा भारतीय होने का प्रमाण न्यायालय तय करेगा? यह प्रवृत्ति न केवल लोकतांत्रि शासन व्यवस्था विमर्श के लिए खतरनाक है, बल्कि न्यायिक निरपेक्षता पर भी गहरा आघात है। सत्ता पक्ष की आलोचना को देशद्रोह या राष्ट्र विरोध की परिभाषा में समेटना लोकतंत्र के लिए घातक है। जब सुप्रीम कोर्ट के एक जज ही इस तरह की टिप्पणी करें, उसके बाद संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं रहेगा। राहुल गांधी पर टिप्पणी करने से पहले दत्ता को यह भी समझाना चाहिए था। उनकी टिप्पणी पर किस तरह की प्रतिक्रिया होगी। राहुल के पहले भाजपा के अपने सांसद ने और एक वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी अतीत में वही बात कह चुके थे। उन पर कोई टिप्पणी किसी भी न्यायाधीश की नहीं आई। सुप्रीम कोर्ट के इस दोहरे मापदंड की देश भर में चर्चा होने लगी है।

पिछले कुछ वर्षों में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जजों में सुनवाई के दौरान टिप्पणी करने का चलन बढ़ गया है। जब आदेश आता है तो इन टिप्पणी का कोई वजूद आदेश में नहीं रहता है। सत्ता पक्ष कोर्ट द्वारा की गई टिप्पणी पर विपक्षियों पर हमला करने और अपने राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करता है न्यायालयों को अपनी लक्ष्मण रेखा नहीं भूलनी चाहिए। उनका कार्य फैसला देना है, उपदेश देना या टिप्पणी करना नहीं है। सच्चा भारतीय जैसे वाक्य अदालत की गरिमा और उसके कार्यक्षेत्र के अनुरूप नहीं हैं। इस तरह की टिप्पणी को लाभ पहुंचाने का एक राजनीतिक तौर तरीका बन गया है

इस टिप्पणी ने न्यायपालिका, राजनीति और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के त्रिकोण में देश में एक नई बहस को जन्म दे दिया है। यह बहस केवल राहुल गांधी तक सीमित नहीं रही। यह देश के हर नागरिक की अभिव्यक्ति और अधिकार से जुड़ी टिप्पणी है। क्या लोकतंत्र में सरकार से सवाल पूछना, देशद्रोह और भारतीय नागरिकता पर संदेह का आधार बनेगा? सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी के बाद जिस तरह से भाजपा के मीडिया सेल बीजेपी के नेताओं तथा सरकार मैं बैठे हुए लोगों ने राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोलकर उनके उपर हमला किया है। यह राहुल गांधी अथवा विपक्षी दलों की सरकारें है वहां पहली बार नहीं हुआ है। इन दिनों केंद्र सरकार के मंत्री बार-बार कहते हैं।यदि सरकार से सहमत नहीं है, तो कोर्ट चले जाएं। जब कोर्ट जाते हैं, तब वहां से इस तरह की टिप्पणी विपक्षियों को उन्हें दोहरा नुकसान पहुंचती हैं। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट से फैसला और आदेश नहीं मिलता हैं। हां सुनवाई के दौरान जजों द्वारा जो टिप्पणी की जाती हैं। वह सरकार और भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का काम करती हैं। न्यायालय के पीछे छुपकर सत्तापक्ष की राजनीति की जो नई बयार (क्रोनोलॉजी) बह रही है। उसे देश के विपक्षी राजनीतिक दलों,वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने समझ लिया है। न्यायपालिका को लेकर यह धारणा बनने लगी है। सरकार जो चाहती है, उसी के अनुकूल फैसले होते हैं। पिछले कुछ समय से इसका विरोध अब दिखने लगा है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट जो टिप्पणी करती है फैसले उसके अनुरुप नहीं होते है। टिप्पणी जब फैसले का भाग नहीं बनती हैं तो इनका क्या औचित्य है। अब तो तारीख पर तारीख का नया खेल शुरू हो गया है। सरकार से जुड़े जनहित के मामलों की कोर्ट में कई महीनों और वर्षो तक सुनवाई नहीं होती है। राहुल गांधी के खिलाफ की गई टिप्पणी का यह मामला दिन प्रतिदिन तूल पकड़ता चला जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कई बार कह चुके हैं। सरकार द्वारा जजों का डोजियर तैयार कराया जाता है। सरकार के एक ही विचारधारा को नियुक्ति कर रही है। भाजपा और संघ के नेताओं के साथ जजों की निकटता बढ़ रही है। सरकार जो चाहती है, वैसे ही फैसले हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से होते हैं। यदि यह धारणा न्यायपालिका को लेकर बन गई है, तो भारतीय संविधान लोकतंत्र और न्यायपालिका का भगवान ही मालिक है।

## स्वासधीनता पर पुनर्चिंतन की आवश्यकता

आजादी के लगभग आठ दशकों को हमने विविध संघर्षों में जिया है। भाषा, वर्ग, क्षेत्र, धर्म, नीति, दर्शन, भ्रष्टारचार, नागरिकता, वैमनस्ययता, अस्पृश्यता, वैचारिकता, सृष्टि के उपहार, विविधता में एकता, वसुधैव कुटुंबकम का द्वंद हमारे स्वाधीनता की सफलता नहीं कही जा सकती। स्वयं शासित, संयमित जीवन मूल्यों से अनुप्राणित यह स्वाधीनता मानसिक उत्थान का घोतक था जो हैसियत प्रधान न्या य व्यवस्थाय का शिकार है। मूल्यर एक कल्पधना है , जिसे भूख में भोजन और भय में आश्रय को महत्व को रेखांकित करता है। व्याध की भूख के लिए शिबि का बलिदान अब उपहास बन चुका है । लोकेषणा की भूख जरुरतमंदों के उदरपोषण का बाधक बन गया। पारितोष के प्रतिमान बदल गये। गांधी, लोहिया के धारणा के विरुद्ध विकास से वंचित वर्ग को निस्वार्थ सेवा से महिमा मंडित कर सामंतशाही का तोषण करने की नीति पर अमल होने लगा। सत्ताा परिवर्तन के साथ ही पुलिस तंत्र की तरह लोकतंत्र के मूल्यी बदलने लगे है। प्रतिबंध और आपातकाल की दंश स्मृ ति के बावजूद असंवेदनहीन आचरण ने प्रभुता पाइ जाहि मद नाहीं को चरितार्थ किया है। दासत्वशमुक्ति के बावजूद यह अंग्रेजी व्यणवस्थाा और मानसिकता की विकृति से मुक्तर नहीं हो सका है। यांत्रिक व्यवस्था में चील की भूख से उत्पन्न मत्स्य न्याय ने जरूरतमंदों को समिधा बनाया है। समिधा इसलिए ताकि यह स्वभिमान की क्रांति बन सके।

भारतीय राजनीति आज उत्त र-सत्य राजनीति की शिकार है। यह ऐसी प्रक्रिया है जहां व्ययक्तिपरक भावनाओं और विश्वाजस के आगे जनोन्मुाखी तथ्यर गौण हो जाते हैं परिणामतः राजनेतागण भ्रामक दावों को तथ्योंव के साथ प्रस्तुवत कर सूचनाओं में फेरबदल करने में सफल होते है। ऐसी स्थिति में राजनीतिक दल अपनी दुर्भावनाओं पर पर्दा डालने के लिए ऐसी धारणा गढ़ते हैं जिससे जनता भावनात्म क तौर पर उनके हित से जुड़ती है। इसके प्रभाव से न्या य, नीति, धर्म, चरित्र छद्मभेष में किस प्रकार अपराध का मण्ड न और पीड़ितो की उपेक्षा करते हैं इसकी बानगी समृद्ध अर्थव्यणवस्थास, विदेश नीति,मणिपुर हिंसा, आपरेशन सिंदूर, मतदान वंचित नागरिकता से महसूस की जा सकती है।जिस पर आवरण डालने के लिए अवांछितों को सम्मातनो और विदेश दौरौं से उपकृत किया गया। लेकिन इस नीति में पाकिस्तालन को बल मिला और भारत अलग थलग पड़ गया। इसे संयोग ही कहा जायेगा कि अमरीका ने इसे खारिज करते हुए भारत-पाक अभियान का पर्दाफाश किया। जिस तरह उसने भारत की अर्थव्यतवस्था् पर टिप्पसणी करते हुए जुर्माने की धमकी दी उसकी मौन स्वीजकृति आत्म निर्भर,स्वा भिमान और शिवाजी के राष्ट्रकवाद का उपहास है। अब वह समय आ गया है जब लोकतंत्र की गरिमा को बनाये रखने के अन्यज विकल्पों पर चिंतन किया जाये।

## उपराष्ट्रपति चुनाव या जम्मू-कश्मीर का राज्य दर्जा? बढ़ते सियासी कयास

> यहां समझें दोनों सदनों का नंबर गेम, संसद की दोनों सदनों में सांसदों की कुल संख्या 782 है। उपराष्ट्रपति पद पर जीत दर्ज करने के लिए उम्मीदवार को 391 मतों की आवश्यकता होती है। लोकसभा में 542 सदस्यों में, एनडीए के 293 सांसद हैं। वहीं, राज्यसभा में 240 सदस्यों में से 129 सदस्य एनडीए के हैं। कुल मिलाकर एनडीए को 422 सांसदों का समर्थन प्राप्त है। ऐसे में एनडीए का उम्मीदवार ही उपराष्ट्रपति पद का दावेदार हो सकता है। फिलहाल की तरफ से उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई है। यहां रेखांकित करने वाली बात यह है कि पार्टी के पास इस समय उपराष्ट्रपति चुनाव में धनखड़ और नायडू जैसी स्थिति नहीं है अभी तीन पहियों पर सरकार सवार है इसलिए बाकी दो पहियों से उम्मीदवार के नाम पर सहमति लेना जरूरी हो गया है।

किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की नजरें भारत की हर गतिविधियों पर लगी रहती है वैसे भी अभी 21 जुलाई से 21 अगस्त तक मानसून सत्र चल रहा है तो निगाहें और भी पैनी हो जाती है कि, संसद किस तरह के बड़े फैसले लेता है,या फिर ऑपरेशन सिंदूर पर 32 घंटों की बहस के बाद अब फ़िर एसआई आर पर संसद में हंगामें केकारण कामकाज ठप्प पड़ा है,ऊपर से उपराष्ट्रपति का चुनाव 9 सितंबर 2025 को होने की घोषणा हो चुकी है सांसद में बड़े-बड़े बिल पेंडिंग है, इस बीच भारत सरकार व पार्टी के दो मुख्य पावरफुल सर्वोच्च दिग्गजों का अचानक रविवार 3 अगस्त 2025 को राष्ट्रपति भवन में जाकर राष्ट्रपति से मुलाकात करने की गतिविधि ने भारत ही नहीं पूरे विश्व का ध्यान खींचा है,इसीलिए मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि जरूर कोई अति खास महत्वपूर्ण मुद्दा होगा जो दोनों दिग्गज अलग-अलग रूप से राष्ट्रपति भवन में जाकर उनसे मुलाकात की है,जिसका खुलासा कुछ दिनों में हो जाएगा, परंतु राजनीतिक हल्कों में सियासी अटकलों का बाजार गर्म हो गया है, विपक्ष अलर्ट हो गया है कि कहीं कोई बड़ा फैसला तो नहीं लिया जा रहा है, या फिर मानसून सत्र में कोई बड़ा बिल तो पेश नहीं किया जाएगा और हंगामें के बीच ध्वनिमत से पारित कर लिया जाएगा या फिर जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की भी तैयारी या फिर उपराष्ट्रपति के नाम पर मोहर लग चुकी है इसके कयास लगाए जा रहे हैं। चूँकि सरकार के दो मुख्य स्तंभों का मानसून सत्र में राष्ट्रपति से मिलना कोई बड़ा फैसला, बड़ा बिल, जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा या फिर उपराष्ट्रपति के चुनाव का मामला हो सकता है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे पीएम गृहमंत्री नें अचानक राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की, राजनीतिक गतिविधियों में सियासी अटकलें चरम सीमा पर पहुंची।

रविवार को पीएम ने और केंद्रीय गृह मंत्री ने राष्ट्रपति से मुलाकात की। दोनों नेताओं के राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है।हालांकि अभी तक यह सामने नहीं आया है कि पीएम और गृहमंत्री के राष्ट्रपति से मिलने के पीछे क्या कारण है। राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात क्री सियासी दरअसल, दोनों नेताओं की राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद अलग-अलग तरह के कयास लगाए जा रहे है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार या तो कोई बड़ा फैसला लेने पर विचार कर रही है या फिर सदन में कोई बड़ा बिल लाना चाहती है। इसलिए दोनों नेताओं ने राष्ट्रपति से मुलाकात की है। बता दें कि संसद का मानसून सत्र चल रहा है। मानसून सत्र के पहले दिन से ही विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर और बिहार में एसआईआर को लेकर चर्चा की मांग कर रहा है। इन दोनों मांगों को लेकर विपक्ष ने लगातार प्रदर्शन किया। विपक्ष की मांग के बाद संसद के दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा हो गई है,लेकिन एसआई आर पर अभी तक चर्चा नहीं हुई है। विपक्ष इस मुद्दे पर सदन में चर्चा चाहता है लेकिन सरकार अभी तक इसपर बिल्कुल ही तैयार नहीं है। साथियों बात अगर हम इस मुलाकात के माइनें 9 सितंबर 2025 को होने वाले चुनाव से जोड़कर देखें तो, चुनाव आयोग ने तारीखों की घोषणा कर दी है। 9 सितंबर को मतदान होगा। वर्तमान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके कारण नए उपराष्ट्रपति का चुनाव हो रहा है। 7 अगस्त को चुनाव आयोग की तरफ से अधिसूचना जारी की जाएगी।

बता दें कि 21 जुलाई को पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया। ऐसे में फिर से उपराष्ट्रपति पद पर चुनाव होना है। यहां समझें दोनों सदनों का नंबर गेम, संसद की दोनों सदनों में सांसदों की कुल संख्या 782 है। उपराष्ट्रपति पद पर जीत दर्ज करने के लिए उम्मीदवार को 391 मतों की आवश्यकता होती है। लोकसभा में 542 सदस्यों में, एनडीए के 293 सांसद हैं। वहीं, राज्यसभा में 240 सदस्यों में से 129 सदस्य एनडीए के हैं। कुल मिलाकर एनडीए को 422 सांसदों का समर्थन प्राप्त है। ऐसे में एनडीए का उम्मीदवार ही उपराष्ट्रपति पद का दावेदार हो सकता है। फिलहाल की तरफ से उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई है। यहां रेखांकित करने वाली बात यह है कि पार्टी के पास इस समय उपराष्ट्रपति चुनाव में धनखड़ और नायडू जैसी स्थिति नहीं है अभी तीन पहियों पर सरकार सवार है इसलिए बाकी दो पहियों से उम्मीदवार के नाम पर सहमति लेना जरूरी हो गया है, नहीं तो नंबर गेम में बड़ा खेला होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता नंबर गेम के हिसाब से और दो पहिए अगर क्रॉस वोटिंग कर गए गए तो हो सकता है उपराष्ट्रपति विपक्ष का हो जाए पर इसकी संभावना बहुत कम है।

साथियों बात अगर हम इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता शशि थरूर के बयान की करें तो, जब कांग्रेस सांसद शशि थरूर से पूछा गया कि देश का अगला उपराष्ट्रपति कौन होगा? तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि केवल सत्तारूढ़ पार्टी का उम्मीदवार इस पद पर बैठ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें यह मालूम नहीं है कि वह किसे उपराष्ट्रपति बनाएगी। थरूर ने कहा कि हम बस इतना जानते है कि वह जिसे उम्मीदवार बनाएगी, वह व्यक्ति ही अगला उपराष्ट्रपति होगा। यह संसद के दोनों सदनों का चुनाव है।उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में राज्य की विधानसभाएं भी चुनाव करती हैं, लेकिन उपराष्ट्रपति के लिए केवल लोकसभा और राज्यसभा ही मतदान करते हैं। इसलिए हम बहुमत पहले से ही जानते हैं। आगे कहा कि इतना समझ लीजिये कि अगला उपराष्ट्रपति सत्तारूढ़ दल द्वारा नामित व्यक्ति होगाउन्होंने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि केंद्र अगले उपराष्ट्रपति को चुनने के लिए विपक्ष की भी सलाह लेगा, लेकिन कौन जाने?

बात अगर हम उपराष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया व योग्यता की करें तो, उपराष्ट्रपति चुनाव प्रक्रिया और योग्यता (1) भारत का नागरिक होना चाहिए (2) कम से कम 35 वर्ष की आयु होनी चाहिए (3) राज्यसभा का सदस्य चुने जाने की योग्यता होनी चाहिए (4) उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया होती है (5) उम्मीदवार को 15,000 रूपए की जमानत राशि जमा करनी होती है (6) 1/6 वोट न मिलने पर जमानत राशि जब्त हो जाती है (7) नामांकन पत्रों की जांच के बाद वैध उम्मीदवारों की सूची तैयार की जाती है (8) मतदान प्रक्रिया में, मतदाता अपनी पसंद के अनुसार उम्मीदवारों को प्राथमिकता देते हैं (9) उदाहरण के लिए, यदि तीन उम्मीदवार A, B, और C हैं, तो मतदाता प्राथमिकता दर्शा सकता है (10) हर सांसद एक वोट देता है (11) प्राथमिकता के आधार पर उम्मीदवारों को 1, 2, 3...के क्रम में दर्शाता है (12) मतों की गिनती के बाद, उम्मीदवारों को उनकी प्राथमिकता के अनुसार मतों का आवंटन किया जाता है (13) सबसे ज्यादा मत पाने वाले उम्मीदवार को राष्ट्रपति चुनाव का विजेता घोषित किया जाता है।

## देश में हरित क्रांति के जनक वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथ

> भारत में गेहूँ का उत्पादन 1965 के 1.2 करोड़ टन से बढ़कर 1970 में 2 करोड़ टन हो गया। उच्च उपज वाले चावल के बीजों की किस्मों के विकास के साथ भारत में चावल का उत्पादन भी बढ़ा। 1971 में भारत खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गया, और 1970 के दशक के अंत तक भारत दुनिया के सबसे बड़े कृषि उत्पादकों में से एक बन गया। प्रभाव मेक्सिको में एक प्रयोग के रूप में शुरू हुई इस क्रांति ने अंततः दुनिया भर में, विशेष रूप से ब्राज़ील, चीन, पाकिस्तान और फिलीपींस जैसे विकासशील देशों में, कृषि में क्रांति ला दी। हरित क्रांति ने कृषि का औद्योगिकीकरण किया। रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और सिंचाई की विशेषता वाली आधुनिक खेती ने खेती के पारंपरिक तरीकों का स्थान ले लिया।

संजय गोस्वामी

वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथ का पूरा नाम मनकोम्बु संबाशिवन स्वामीनाथ था। उनका जन्म 7 अगस्त 1925 को हुआ था। वह कृषि वैज्ञानिक के साथ ही पादप आनुवंशिकीविद भी थे। उनको 1972 में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का महानिदेशक बनाया गया और भारत सरकार के सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। देश में हरित क्रांति की शुरुआत करने वाले महान कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को केंद्र सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया गया वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथ ने देश को कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए बड़ा काम किया था। स्वामीनाथन ने गेहूं और चावल की ऐसी वेरायटी तैयार की थी जिससे न केवल पैदावार में इजाफा हुआ, बल्कि उनके प्रयासों से देश को सूखे से बचाने में भी मदद मिली। उनका विवाह मीना स्वामीनाथन से हुआ था, जिनसे उनकी मुलाकात 1951 में हुई थी जब वे दोनों कैम्ब्रिज में पढ़ रहे थे। वे चेन्नई, तमिलनाडु में रहते थे। उनकी तीन बेटियाँ सौम्या स्वामीनाथन (एक बाल रोग विशेषज्ञ), मधुरा स्वामीनाथन (एक अर्थशास्त्री), और नित्या स्वामीनाथन (लिंग और ग्रामीण विकास) हैं।गांधी और रमण महर्षि ने उनके जीवन को प्रभावित किया।अपने परिवार के स्वामित्व वाली 2000 एकड़ जमीन में से, उन्होंने एक तिहाई विनोबा भावे के कारण दान कर दी। 1960 के दशक में भारत समेत पड़ोसी देशों को अकाल की स्थिति से बचाने में उन्होंने महत्वपूर्ण काम किया था।बाद में 1979 में वह प्रधान सचिव बनाए गए थे। वह योजना आयोग में भी रहे। देश को सूखे से बचाने पर उन्होंने महत्वपूर्ण काम किया था।अपने करियर की शुरुआत सिविल सेवा से की, लेकिन उनकी रुचि कृषि में थी। इस वजह से उन्होंने इस क्षेत्र में रिसर्च करना शुरू कर दिया। यूरोप और अमेरिका के कई बड़े संस्थानों में उन्होंने अपने रिसर्च से महत्वपूर्ण खोजे कीं और उपलब्धियां हासिल कीं। 1954 में उन्होंने सेंट्रल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट कटक में जैपोनिका किस्मों से इंडिका किस्मों में फर्टिलाइजर रिस्पांस के लिए जीन ट्रांसफार्मर करने पर बड़ा काम किया।उन्होंने इसे "उच्च उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने का पहला प्रयास बताया जो अच्छी मिट्टी की उर्वरता और अच्छे जल प्रबंधन का जवाब दे सकती हैं।"इसकी आवश्यकता इसलिए थी क्योंकि आज़ादी के बाद भारतीय कृषि बहुत अधिक उत्पादक नहीं थी। वर्षों के औपनिवेशिक शासन ने इसके विकास को प्रभावित किया और देश के पास इस क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए संसाधनों की कमी थी। हालत यह थी कि भोजन के लिए जरूरी फसलों को भी अमेरिका जैसे देशों से आयात करना पड़ता था।

कृषि वैज्ञानिक मनकोम्बु सम्बाशिवन स्वामीनाथन, जिन्हें भारत में हरित क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है, ने 1960 के दशक के मध्य में कृषि उत्पादन में वृद्धि का काम किया। मेक्सिको में एमएपी की सफलता से प्रेरित होकर, उन्होंने बोरलॉग के साथ मिलकर नई मैक्सिकन गेहूँ की किस्में विकसित कीं। नए बीजों से लैस, स्वामीनाथन ने कठोर परीक्षणों के माध्यम से उनकी क्षमता का प्रदर्शन करके किसानों और भारत सरकार को उन्हें अपनाने के लिए राजी करने के मिशन की शुरुआत की। 1966 में भारत ने 18,000 टन नए मैक्सिकन गेहूँ के बीज आयात किए, जिससे भारत में, विशेष रूप से उत्तर-पश्चिमी राज्यों पंजाब और हरियाणा में, गेहूँ के उत्पादन में आमूल-चूल परिवर्तन आया। भारत में गेहूँ का उत्पादन 1965 के 1.2 करोड़ टन से बढ़कर 1970 में 2 करोड़ टन हो गया। उच्च उपज वाले चावल के बीजों की किस्मों के विकास के साथ भारत में चावल का उत्पादन भी बढ़ा। 1971 में भारत खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गया, और 1970 के दशक के अंत तक भारत दुनिया के सबसे बड़े कृषि उत्पादकों में से एक बन गया। प्रभाव मेक्सिको में एक प्रयोग के रूप में शुरू हुई इस क्रांति ने अंततः दुनिया भर में, विशेष रूप से ब्राज़ील, चीन, पाकिस्तान और फिलीपींस जैसे विकासशील देशों में, कृषि में क्रांति ला दी। हरित क्रांति ने कृषि का औद्योगिकीकरण किया। रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और सिंचाई की विशेषता वाली आधुनिक खेती ने खेती के पारंपरिक तरीकों का स्थान ले लिया। हालाँकि यह प्रगति अभूतपूर्व थी, लेकिन इसके परिणाम भी हुए। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर अत्यधिक निर्भरता के कारण प्रदूषण, मृदा क्षरण और जैव विविधता में कमी आई। बड़े पैमाने पर सिंचाई परियोजनाओं के परिणामस्वरूप भूजल स्तर में कमी आई है। गरीब किसान अक्सर उच्च उपज वाले बीज, उर्वरक और सिंचाई प्रणाली जैसे आधुनिक कृषि सामग्री नहीं खरीद पाते हैं, जिससे उनकी उपज कम हो जाती थी , हरित क्रांति सही दिशा में एक बदलाव है, लेकिन इसने दुनिया को स्वप्नलोक में नहीं बदल दिया है। इसकी सीमाओं के बारे में उन लोगों से ज़्यादा कोई नहीं जानता जिन्होंने इसे शुरू किया और इसकी सफलता के लिए संघर्ष किया। यह देखते हुए कि हरित क्रांति ने भूख और अभाव के खिलाफ मनुष्य के युद्ध में एक अस्थायी सफलता हासिल की है, सरकारों और अन्य हितधारकों को न केवल कृषि अनुसंधान में बल्कि शिक्षा, रोजगार, आवास और स्वास्थ्य सेवा में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वामीनाथन का 28 सितंबर 2023 को चेन्नई स्थित उनके घर पर 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिन्हें आज भी भारत में हरित क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है।

## तकनीक को साधन बनाएं साध्य नहीं

तमन्ना रिज़वी/

हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं जहाँ तकनीक प्रत्येक पल और हर कदम पर हमारे साथ है। स्मार्टफोन, जो कभी सुविधा का प्रतीक हुआ करता था, आज हमारी दिनचर्या का केंद्र बन चुका है। यह उपकरण जो कभी केवल कॉल, मैसेज और अलार्म तक सीमित था, अब हमारे संवाद, मनोरंजन, सूचनाओं और यहां तक कि भावनाओं तक का माध्यम बन गया है। पर क्या कभी हमने यह सोचने की ज़हमत उठाई है कि जिस फोन को हम अपनी सबसे बड़ी ताकत समझते हैं, वह कहीं हमारी मानसिक शांति और एकाग्रता को खत्म करने का माध्यम तो नहीं बन गया?

आज अधिकांश लोग सुबह की शुरुआत मोबाइल के अलार्म से नहीं, बल्कि इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप या मेल चेक करने से करते है। दिन भर काम के बीच में भी हर कुछ मिनट पर फोन की स्क्रीन अनायास देखी जाती है—कोई नया नोटिफिकेशन आया क्या? कोई नई पोस्ट, नया वीडियो, या कोई अपडेट तो नहीं? यह सब इतना सामान्य हो चुका है कि हमें अब इसमें असामान्यता का कोई संकेत नहीं दिखता। लेकिन यहीं से शुरू होता है असली नुकसान—धीरे-धीरे और गहराई से।

एक तरफ मोबाइल ने हमें दुनिया से जोड़ दिया, वहीं इसने हमारी खुद से दूरी बढ़ा दी है। विशेषज्ञ मानते हैं कि मोबाइल पर अत्यधिक निर्भरता न केवल मानसिक एकाग्रता को प्रभावित करती है, बल्कि यह हमारी सोचने-समझने की क्षमता, हमारी रचनात्मकता और रिश्तों की गहराई को भी प्रभावित करती है। डोपामिन, जो हमारे मस्तिष्क को खुशी का अनुभव कराता है, वह हर एक 'लाइक', 'कमेंट', और 'नोटिफिकेशन' से उत्तेजित होता है। यह तात्कालिक आनंद तो देता है, पर दीर्घकालीन दृष्टि से यह हमें थका देता है, बेचैन करता है और चिड़चिड़ापन पैदा करता है।

हमारे जीवन से वह शांति और स्थिरता धीरे-धीरे खोती जा रही है जो कभी एकांत में बैठने, किताबें पढ़ने या प्रकृति से जुड़ने से मिलती थी। आजकल हम बस में सफर करते समय, कैफ़े में बैठे हुए या परिवार के बीच में होते हुए भी अपने फोन की स्क्रीन में डूबे रहते हैं। अब खाली वक्त को सहने की आदत नहीं रही। हर विराम, हर शून्यता को तुरंत भरने के लिए स्क्रीन मौजूद रहती है। और सबसे खतरनाक बात यह है कि यह लत अब बच्चों में भी साफ़ देखी जा सकती है। 5 साल का बच्चा भी खाना तभी खाता है जब उसके सामने मोबाइल चल रहा हो। किशोर अब अपने मन की बात दोस्तों से नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पोस्ट्स से ज़ाहिर करते हैं। रिश्ते धीरे-धीरे भावनाओं से नहीं, रील्स और रिएक्शन से जुड़ने लगे हैं।

इस परिस्थिति से निकलने का पहला कदम है *डिजिटल अवेयरनेस*—यानि यह समझना कि मोबाइल का अत्यधिक उपयोग कब नुकसानदायक बन रहा है। उसके बाद आता है *डिजिटल डिटॉक्स*—कुछ घंटे, कुछ दिन या कुछ समय के लिए फोन से दूरी बनाना। शुरुआत आसान नहीं होगी, लेकिन धीरे-धीरे जब हम देखेंगे कि हमारे भीतर फिर से ध्यान टिकने लगा है, रिश्ते गहराने लगे हैं और मन हल्का महसूस करता है—तब हम समझेंगे कि असली सुख कहां छिपा था।

हमें मोबाइल को साधन की तरह उपयोग करना होगा, साध्य की तरह नहीं। तकनीक हमारे जीवन को आसान बनाने के लिए है, उसे जीने का आधार नहीं बनाना चाहिए। कोई भी टेक्नोलॉजी तब तक वरदान है, जब तक वह हमारी स्वतंत्रता में बाधा न बने।

अब समय है कि हम स्क्रीन से नजर हटाकर अपने भीतर झाँकें। आत्म-निरीक्षण करें कि क्या वाकई हम समय को जी रहे हैं, या बस सोशल मीडिया की रफ्तार में बह रहे हैं। शायद वही खोई हुई मानसिक शांति, वही पुरानी स्थिरता और वो गहराई हमें फिर से महसूस हो—बस हमें थोड़ा ठहरना होगा।

# सेहत के लिए वरदान है नारियल का तेल है



*सभी जानते हैं कि नारियल का तेल कई गुणों से भरपूर होता है। त्वचा संबंधी कई रोगों के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। आइए जानते हैं नारियल का तेल सेहत को किस तरह से फायदा पहुंचाता है। नारियल तेल के इस्तेमाल से कई फायदे होते हैं। कई गुणों से भरपूर यह तेल स्वास्थ्यपरक फायदों के लिए पीढ़ियों से इस्तेमाल में लाया जा रहा है। सेहत के साथ-साथ नारियल का तेल त्वचा संबंधी समस्याओं के लिए भी सदियों से इस्तेमाल किया जा रहा है।*

**नारियल तेल के फायदे:** नारियल तेल त्वचा के लिए नैचुरल मॉइश्चराइजर का काम करता है, यह मृत त्वचा को हटाकर रंग निखारता है। इसका इस्तेमाल त्वचा रोग, डर्मेटाइटिस, एक्जिमा और स्किन बर्न में किया जा सकता है। नारियल तेल स्ट्रेच मार्क्स हटाने में भी मदद करता है और होंठ को फटने से बचाने के लिए भी इसे नियमित रूप से होंठों पर लगाया जा सकता है।

नारियल तेल बालों को घना, लंबा और चमकदार बनाने में काफी मददगार साबति होता है। सिर की मसाज सिर्फ पांच मिनट नारियल तेल से करने से न सिर्फ रक्त संचार में वृद्धि होती है, बल्कि यह खो चुके पोषक तत्वों की भी भरपाई करता है, नियमित रूप से नारियल तेल से मसाज करने से बालों में रूसी नहीं होती है।

नारियल तेल के इस्तेमाल से वजन भी कम किया जा सकता है। ताजे नारियल से निकाले गए तेल में अन्य नारियल तेलों की अपेक्षा ज्यादा मीडियम चेन फैटी एसिड होता है। मीडियम चेन फैटी एसिड्स आसानी से ऑक्सीडाइज्ड लिपिड्स होते हैं और एडीपोज ऊतक में संग्रहित नहीं होते हैं। इस प्रकार, मुख्य रूप से मीडियम चेन फैटी एसिड युक्त नारियल का तेल वजन घटाने में मददगार साबित होता है।नारियल तेल लॉरिक एसिड और कैप्रिक एसिड की तरह एंटीमाइक्रोबियल लिपिड का एक समृद्ध स्रोत होता है, जो एंटीफंगल और जीवाणुरोधी होते हैं।



# 9 अगस्त को मनाया जाएगा रक्षा बंधन
## इस बार नहीं रहेगा भद्रा का साया

**रक्षा बंधन का पर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक माना गया है। हर साल सावन माह की पूर्णिमा को रक्षा बंधन का पर्व मनाया जाता है। इस साल रक्षा बंधन 09 अगस्त को है। इस दिन बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती है और बदले में भाई उनकी रक्षा का वचन देते हैं।**




इस दिन राखी बांधने के लिए शुभ मुहूर्त का विचार किया जाता है। हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार, भद्राकाल व राहुकाल में राखी बांधने की मनाही है। हिंदू धर्म में भद्रा व राहुकाल के समय राखी बांधना अशुभ माना गया है लेकिन इस साल भद्रा सूर्योदय से पूर्व ही समाप्त हो जाएगी, जिससे भद्रा का साया नहीं रहेगा। रक्षा बंधन के दिन राहुकाल की अवधि करीब डेढ़ घंटे की रहेगी। जानें रक्षा बंधन पर राहुकाल का समय व राखी बांधने के लिए ब्रह्म व चौघड़िया मुहूर्त:

### राहुकाल का समय

रक्षा बंधन के दिन राहुकाल सुबह 09 बजकर 07 मिनट से सुबह 10 बजकर 47 मिनट तक रहेगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, राहुकाल के दौरान शुभ व मांगलिक कार्यों को करने से बचना चाहिए।

### चौघड़िया मुहूर्त

शुभ - उत्तम: 07:27 ए एम से 09:07 सुबह
लाभ - उन्नति: 02:06 पी एम से 03:46 दोपहर बाद
अमृत - सर्वोत्तम: 03:46 पी एम से 05:26 शाम
लाभ - उन्नति: 07:06 पी एम से 08:26 शाम

### राखी बांधने के लिए ब्रह्म मुहूर्त

रक्षा बंधन के दिन राखी बांधने का ब्रह्म मुहूर्त सुबह 04 बजकर 22 मिनट से सुबह 05 बजकर 04 मिनट तक रहेगा। अभिजित मुहूर्त दोपहर 12 बजे से दोपहर 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा। सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 05:47 से दोपहर 02:23 बजे तक रहेगा। विजय मुहूर्त दोपहर 02 बजकर 40 मिनट से दोपहर 03 बजकर 33 मिनट तक रहेगा।

# पैरों का भी रखें ख्याल



*चेहरे के साथ-साथ पैरों का भी विशेष ख्याल रखना बहुत जरूरी होता है लेकिन कुछ महिलाएं अपने पैरों का बिल्कुल ध्यान नहीं देती और उनकी एड़ियां फट जाती हैं। एड़ियों में दरारें आने की वजह कई बार महिलाओं को शर्मिंदगी का सामना भी करना पड़ता है। ऐसे में कुछ आसान घरेलू उपाय अपनाकर फटी एड़ियों को फिर से मुलायम बनाया जा सकता है। आइए जानिए ऐसे ही कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में*

### नारियल का तेल

इसके लिए 1 बड़ा चम्मच नारियल तेल को हल्का गर्म करें और रात को सोने से पहले उससे एड़ियों की मसाज करें। अच्छी तरह एड़ियों की मसाज करने के बाद मोजे पहन लें और सुबह पैर धोएं। कुछ दिनों तक ऐसा करने से पैरों की एड़ियां मुलायम हो जाएंगी।

ग्लिसरीन और गुलाब जल

एड़ियों को मुलायम करने के लिए गुलाब जल और ग्लिसरीन भी काफी फायदेमंद साबित होती है। इसके लिए 3 चौथाई मात्रा में गुलाब जल और 1 चौथाई मात्रा में ग्लिसरीन लेकर मिश्रण तैयार करें। अब इसे एड़ियों पर कुछ देर के लिए लगा कर रखें और फिर गुनगुने पानी से पैरों को साफ करें। रोजाना ऐसा करने से बहुत जल्द फर्क दिखने लगेगा।

### ओट्स और जोजोबा ऑयल

इसके लिए ओट्स को पीसकर पाउडर बना लें और इसमें जोजोबा तेल मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। अब इस पेस्ट को एड़ियों की दरारों में लगाएं और कुछ देर बाद गुनगुने पानी से धो लें।

### शहद

पैरों की एड़ियों को मुलायम बनाने के लिए पानी में आधा कप शहद मिलाएं और इसमें कुछ देर के लिए पैरों को डुबो कर रखें। 20 मिनट के बाद पैरों को बाहर निकालें और तौलिए से अच्छी तरह पौंछ लें। इससे पैर मुलायम हो जाएंगे।

### जैतून का तेल

इसके लिए रोजाना रात को सोने से पहले जैतून के तेल से पैरों की मसाज करें और आधे घंटे के बाद पैरों को धो लें। रोजाना ऐसा करने से बहुत जल्द एड़ियां मुलायम हो जाएंगी।

# ये सुपर फूड्स खाने से घटेगा वजन

*आजकल वजन घटाने सुपर फूड्स को बेहतर विकल्प माना जा रहा है। इस कारण यह पसंद किये जाने लगे हैं। कई सुपर फूड्स ने धीरेधीरे किचन में जगह बना ली है। जाहिर सी बात है कि किचन के जरिए ये हमारे पेट में भी पहुंच रहे हैं। क्विनोआ के अलावा, चिया सीड्स, फ्लैक्स सीड्स, वॉटरमेलन सीड्स, चगा मशरूम, नट ऑयल, मका, ल्यूकूमा, हेम्प सीड्स आदि। हममें से कुछ लोग इन सुपर फूड्स से परिचित हैं तो कुछ को इनके बारे में कुछ भी पता नहीं। फ्लैक्स सीड्स दादी-नानी के जमाने के अलसी के बीज हैं, जिन्हें अपने यहां के कुछ राज्यों में तिसी भी कहा जाता है। कुछ आयरन के बेहतरीन स्रोत हैं तो कुछ विटामिन और प्रोटीन के। इस आधे बीत चुके साल में इंटरनेट फ्रेंडली हो चुकी जनता अपने खानपान की आदतों को लेकर भी एडवेंचरस है।*






**अलसी के बीज** सालों से हमारे आस-पास ही हैं और एग्जॉटिक नहीं है, इसका अर्थ यह कदापि नहीं है कि यह हमारे संतुलित आहार के लिए पर्याप्त नहीं। सच तो यह है कि अलसी के बीज कमाल के होते हैं! यह न केवल कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर के स्तर को कम करता है बल्कि इसमें एंटीऑक्सिडेंट्स का बड़ा भाग होता है। इसे लिग्नैन्स कहा जाता है, जिसमें कैंसर से लडऩे के गुण मौजूद हैं। साथ ही यह हार्मोन्स को भी संतुलित करने में मददगार हैं। यह सॉल्युबल और इनसॉल्युबल फाइबर का बेहतरीन स्रोत हैं, जिसका अर्थ है कि यह रोजाना की ऊर्जा और वजन कम करने में लाभदायक हैं। अलसी के बीजों की खासियत यह है कि ये किसी भी डिश में आसानी से घुल-मिल जाते हैं। चाहें तो इन्हें ओटमील पर छिड़क लीजिए या ग्रैनोला में या दही पर या अपने स्मूदी में मिला लीजिए।

**चिया के बीज** भी पॉपुलर सुपर फूड्स की श्रेणी में शामिल हैं। वैसे तो ये स्वाद रहित होते हैं लेकिन जब इन्हें सही ढंग से पकाया जाता है तो ये आसानी से पच जाते हैं। एनर्जी बूस्टिंग पाउडर के तौर पर ये कमाल के हैं। हालिया शोध तो चिया के बीजों को टाइप 2 डायबिटीज खत्म करने के लिए कारगर मानते हैं। चिया मेक्सिको से आते हैं, जिसका अर्थ ताकत से है। चिया को रनर्स फूड भी कहा जाता है क्योंकि लंबी दौड़ में चिया का इस्तेमाल ऊर्जा स्रोत के तौर पर किया जाता है। कहा जाता है कि केवल एक चम्मच चिया उन्हें 24 घंटे तक ऊर्जावान बनाए रखने में कारगर है। एंटीऑक्सिडेंट, एंटी सन्फ्लेमेट्री, एंटी कैंसर गुण होने के कारण चिया के सेवन का प्रचलन अपने देश में भी बढ़ता जा रहा है। यह एक कंम्प्लीट प्रोटीन भी है क्योंकि इसमें नौ जरूरी अमिनो एसिड हैं। स्वस्थ पाचन तंत्र के लिए आवश्यक 20 फीसद सॉल्युबल फाइबर और 80 फीसद इनसॉल्युबल फाइबर भी इसमें हैं। यह ब्लड शुगर के स्तर को बनाए रखता है, क्रेविंग को कम करता है और लंबे समय तक आपके पेट को भरा महसूस कराता है।




**क्विनोआ** पोषण का दोगुना पंच देता है क्योंकि इसमें फाइबर और प्रोटीन दोनों पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। यह ग्लूटेन मुक्त होने के साथ कंप्लीट प्रोटीन भी है। यह मूलतः एक बीज है, जिसे अनाज के तौर पर खाया जाता है। क्विनोआ तीन तरह के होते हैं- सफेद, लाल और काला। इसे अमूमन ऑर्गेनिक तौर पर ही उगाया जाता है। इसमें फ्लेवेनॉयड्स होता है, जो एंटीऑक्सिडेंट की तरह काम करता है। अन्य अनाजों की तुलना में क्विनोआ में फाइबर की मात्रा अधिक होती है। क्विनोआ का ग्लाइसेमिक इंडेक्स करीब 53 है, जो काफी कम है। शोध यह भी बताते हैं कि क्विनोआ मेटाबोलिक स्वास्थ्य को बढ़ाने में लाभदायक है। वजन कम करने की कोशिश में लगे लोगों के लिए क्विनोआ फायदेमंद है क्योंकि वजन कम करने के लिए हमें कम कैलोरी का सेवन करना चाहिए।



# ब्यूटी प्रोडक्ट इस प्रकार लंबे समय तक चलेंगे

खूबसूरती निखारने आप घरेलु नुस्खे भी आजमा सकती हैं। हमेशा महंगे उत्पाद खरीदने की जरुरत नहीं है। मस्कारा व आईलाइनर सूख जाए या फिर खत्म होने की स्थिति में हो तो उसे हल्के गर्म पानी में रखें या कॉन्टेक्ट लेंस सॉल्यूशन की कुछ बूंदे डालकर उनको आप एक बार फिर इस्तेमाल कर सकती हैं। मेकअप हटाने के लिए रिमूवर व क्लीजिंग मिल्क की जगह नारियल तेल , बेबी ऑयल या फिर दूध का उपयोग किया जा सकता है। फाउंडेशन वाला स्पंज अगर खराब हो गया है तो ब्रश से भी फाउंडेशन लगा सकती हैं। ब्रश से उसे फैलाएं, फिर टिश्यू पेपर को हल्का गीला करके उसको एक सार करें। डार्क शेड के फाउंडेशन को अपनी स्किन टोन से मिलाने के लिए फाउंडेशन और मॉइश्चराइजर के साथ इसे मिलाएं। लिप बाम बनाने के लिए बची हुए लिपस्टिक किसी स्टिक से निकाल लें फिर उसे माइक्रोवेव में मेल्ट कर लें। फिर उसे एक बाउल में निकाल लें। फिर इसे लिप बाम की तरह इस्तेमाल करें। स्क्रब खत्म हो जाए तो नया स्क्रब खरीदने की जगह ब्राउन शुगर और शहद को आपस में मिला कर स्क्रब बनाएं। गालों की ललिमा को बनाए रखने के लिए



ब्लशऑन की जगह पिंक लिपस्टिक का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।अगर बॉक्स में ड्राई आईशैडो टूट गया है तो इसे जोडऩे के लिए उसमें एल्कोहल की कुछ बूंदें डालकर मिलाएं और उसी डिब्बी में जमा कर रखें।टूटे कॉम्पेक्ट को एक डिब्बी में एक साथ रख लें। फिर उसे इस्तेमाल करें।टूटी हुई लिपस्टिक को जोडऩे के लिए उसे थोड़ा गर्म करे या फिर हेयर ड्रायर चला कर टूटे हिस्सों को जोड़ दें।

# स्तनपान से कम होता है हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा



स्तनपान बच्चे के साथ ही मां के लिए भी एक वरदान से कम नहीं होता। स्तनपान से जहां बच्चे बिमारियों और संक्रमण से बचे रहते हैं और उन्हें पर्याप्त आहार भी मिल जाता है। वहीं इससे मां भी कई गंभीर बीमारियों से बची रहती है

विशेषज्ञ कहते हैं कि जन्म के 6 माह तक नवजात शिशुओं को दूध पिलाना जरूरी है। बच्चे को इससे ना सिर्फ पोषण मिलता है बल्कि बीमारियों से लड़ने की ताकत भी मिलती है लेकिन क्या आप जानते हैं स्तनपान कराने से सिर्फ बच्चे को ही फायदा नहीं होता बल्कि मां को भी उतना ही फायदा होता है। एक नये अध्ययन के अनुसार जो महिलाएं बच्चों को स्तनपान करवाती हैं उन्हें हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा अन्य महिलाओं से 10 गुना कम रहता है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि बच्चे के जन्म के बाद स्तनपान से मां के शरीर में मेटाबॉलिज्म में तेजी आती है तो समझना चाहिए कि मां को स्तनपान का लाभ मिल रहा है। शोधकर्ताओं का ये भी कहना है कि गर्भावस्था के दौरान एक महिला के शरीर के मेटाबॉलिज्म में बहुत बदलाव आता है, क्योंकि शरीर बच्चे के विकास और उसे अतिरिक्त उर्जा प्रदान करने के लिए वसा एकत्र करता है। इसलिए जन्म के बाद ब्रेस्टफीडिंग उस वसा को तेजी से और पूरी तरह से समाप्त करने में सहायता करता है। इससे महिला का शरीर भी पहले की तरह हो जाता है।

# मीनोपोज के बाद फिट रहने खानपान में करें बदलाव



मीनोपोज ( माहवारी) बंद होने के बाद बढ़ने वाला बैली फैट कई महिलाओं के लिए एक बड़ी समस्या है। ये कोई साधारण फैट नहीं है, जो डाइटिंग और योगा से कम हो जाए! इसलिए इसे जिद्दी फैट भी कहा जाता है। शोधकर्ताओं ने इस वजह को ढूंढ निकाला है कि आखिर मीनोपोज के बाद मोटापा क्यों बढ़ता है? शोधकर्ताओं के मुताबिक, मीनोपोज के बाद एस्ट्रोजन लेवल कम होने से हिप्स और थाईंज का फैट लोअर-एब्डॉमन में चला जाता है लेकिन डाइट में बदलाव करके आप शरीर का एक्सट्रा फैट घटा सकते हैं।

**मीनोपोज के बाद के मोटापे को यूं घटाएं :** आमतौर पर महिलाएं बेली फैट कम करने के चक्कर में हेल्दी फैट का सेवन करना भी छोड़ देती हैं जो कि गलत है। क्या आप जानते हैं कुछ फैट ऐसे भी होते हैं जिनका सेवन बैली फैट घटाने में मदद कर सकता है। जैसे एवोकैडो, ऑलिव्स, सैल्मन मछली और कोकोनट ऑयल। अध्ययन से पता चला है कि एक महीने के लिए हर सप्ताह तीन बार 28 ग्राम साल्मन मछली खाने से लगभग एक किलो से अधिक वजन घटाया जा सकता है। ऐप्पल साइडर विनेगर (सिरका) आपके मेटाबॉलिज्म को तेज करने में मदद करता है। सिरका में शामिल एसिडिक एसिड प्रोटीन वजन कम करने में मदद करता है। इसके साथ ही ग्रीन स्मूदी भी आपका बैली फैट घटाने में मददगार हो सकती है।

## एनटीपीसी के चेयरमैन व एमडी गुरदीप सिंह ने सीएम भूपेंद्र पटेल से की शिष्टाचार भेंट



गांधीनगर (ईएमएस)| नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से बुधवार को गांधीनगर में शिष्टाचार मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में गुजरात रिन्यूएबल एनर्जी और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में देश का एक अग्रणी राज्य है। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री के साथ शिष्टाचार मुलाकात बैठक में एनटीपीसी के चेयरमैन ने रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, न्यूक्लियर और पम्प्ड स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में एनटीपीसी और गुजरात के बीच पारस्परिक हित की परियोजनाओं में सहयोग के अवसर बढ़ाने को लेकर विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री के साथ इस मुलाकात के दौरान एनटीपीसी की सहायक कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सरित माहेश्वरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## आप की छात्र विंग ने एसएससी की परीक्षाओं में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। आम आदमी पार्टी की छात्र विंग एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एसैप) ने एसएससी की परीक्षाओं में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस में हुए प्रदर्शन के दौरान एसैप से जुड़े छात्रों ने बड़ी तादात में देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की प्रतीकात्मक अर्थी यात्रा निकाली और पुतला दहन कर अपना आक्रोश प्रकट किया। प्रदर्शन के दौरान एसैप के संगठन मंत्री ओम सिंह ने कहा कि देश का छात्र आज सबसे असुरक्षित महसूस कर रहा है। ये लापरवाही नहीं, एक संगठित साजिश है। दुखद है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस पूरे मामले में पूरी तरह से मौन हैं। क्या यह मौन किसी संरक्षण का संकेत है? उन्होंने कहा कि एसैप मांग करता है कि एसएससी घोटाले की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच हो, जिम्मेदार अधिकारियों को गिरफ्तार किया जाए और छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे इस अन्याय पर तुरंत रोक लगाई जाए। अब देश का युवा चुप नहीं बैठेगा। हर मोर्चे पर संघर्ष जारी रहेगा।

## बिजली बिल बढ़ाने को सुप्रीम कोर्ट का ग्रीन सिग्नल दिल्ली समेत देश भर में बढ़ सकते हैं रेट!

नई दिल्ली, (ईएमएस)। देश की राजधानी दिल्ली में बिजली की दरें बढ़ सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली में बिजली की दरें बढ़ाने की अनुमति दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी उचित होनी चाहिए। अदालत ने बिजली में कीमतें बढ़ाने की अनुमति देते हुए कुछ शर्तें रखी हैं। कोर्ट ने कहा है कि बढ़ोतरी किफायती होनी चाहिए और दिल्ली बिजली नियामक आयोग की ओर से तय की गई सीमाओं से अधिक नहीं होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली में बिजली की दरें बढ़ाई जा सकती है लेकिन ये वाजिब और किफायती रहनी चाहिए। अदालत ने कहा कि दिल्ली बिजली नियामक आयोग को रोडमैप तैयार करनी चाहिए कि राजधानी में बिजली की दरें कैसे और कब, कितनी बढन्नी चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक बढ़ी बिजली की दरें सभी प्रकार के उपभोक्ताओं पर लागू होंगी। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले असर दिल्ली समेत देश के दूसरे राज्यों पर भी पड़ सकता है।

**सभी लंबित मामले समाप्त करने के निर्देश**

दरअसल ये मामला बिजली वितरण कंपनियों के अटके भुगतानों को लेकर वर्षों से चल रहे मुकदमेबाजी का था। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने सभी लंबित नियामक परिसंपत्तियों को चार साल के भीतर समाप्त करने के निर्देश दिए। इसका मतलब है कि उन राज्यों में जहां नियामक परिसंपत्तियां दशकों से लंबित हैं। वहां अगले चार वर्षों में बिजली की दरें - व्यक्तिगत, आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक सभी के लिए बढ़ जाएंगी। यहां नियामक परिसंपत्तियों का अर्थ बिजली वितरण करने वाली कंपनियों को किए जाने वाले बकाये के भुगतान से है। ये बकाया राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में की गई बिजली की सप्लाई का है। यह मुकदमा शुरू में दिल्ली की बिजली वितरण कंपनियों बीएसईएस यमुना पावर, बीएसईएस राजधानी और टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड द्वारा दायर किया गया था।

## बिहार मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

नई दिल्ली (ईएमएस)। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संबंध में पहली संशोधित वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट भी जारी कर दिया गया है। अब सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से बिहार की वोटर लिस्ट से हटाए गए 65 लाख लोगों की पूरी जानकारी शेयर करने को कहा है। कोर्ट ने इस संबंध में चुनाव आयोग से नौ अगस्त तक जवाब देने को कहा है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह ने चुनाव आयोग से उन 65 लाख वोटर्स का ब्योरा मांगा है, जिनके नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है। इसके साथ ही इस लिस्ट की एक कॉपी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) को देने को कहा है। बता दें कि एसडीआर ने चुनाव आयोग के 24 जून के आदेश को चुनौती दी है। चुनाव आयोग ने 24 जून को बिहार से शुरू कर देशभर में वोटर लिस्ट का एसआईआर कराने का निर्देश दिया था।

### खराब सड़क पर विधायक का जवाब वायरल

बिहार में 24 जून से शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया के बाद अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी। चुनाव आयोग ने 27 जुलाई को एक प्रेस नोट में कहा था कि बिहार में मतदाता सूची में पंजीकृत 91.69 फीसदी मतदाताओं ने अपने गणना फॉर्म जमा कर दिए हैं और एक अगस्त को प्रकाशित होने वाले ड्राफ्ट में उनका नाम शामिल होगा। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि 24 जून, 2025 तक 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 7.24 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने गणना फॉर्म जमा कर दिए थे, जो एसआईआर प्रक्रिया में लोगों की भारी भागीदारी का संकेत है। इसका मतलब है कि 65 लाख मतदाताओं के नाम 1 अगस्त की मसौदा सूची में शामिल नहीं होंगे।

# मंत्रालयों के लिए 1500 करोड़ किराया चुका रही सरकार: मोदी बोले- डेली 8-10 हजार कर्मियों का आना-जाना; कर्तव्य भवन से परेशानी दूर होगी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली में कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन-03 बिल्डिंग का उद्घाटन किया। पीएम ने कहा- कर्तव्य भवन में विकसित भारत की नीतियां बनेंगी। ये सिर्फ इमारत नहीं, करोड़ों लोगों के सपनों को साकार करने की भूमि है। पीएम ने कर्तव्य भवन की जरूरत के बारे में बताया कि, 100 सालों से होम मिनिस्ट्री एक ही बिल्डिंग में है। कुछ मंत्रालय किराए की बिल्डिंग में हैं। सालाना 1500 करोड़ रुपए रेंट देना पड़ता है। इससे सरकार का कितना खर्च हो रहा है। कर्तव्य भवन 2019 में शुरू हुई सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट का हिस्सा है और कॉमन सेंट्रल सेक्रेटरिएट की 10 में से पहली बिल्डिंग है। कर्तव्य भवन-03 का उद्घाटन सबसे पहले किया गया है। इसे दिल्ली के अलग-अलग जगहों पर स्थित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक साथ लाकर उनके बीच बेहतर कोआर्डिनेशन और कामों में तेजी लाने के लिए डिजाइन किया गया है।

### मोदी की स्पीच, 6 पॉइंट में

1. इन्फ्रास्ट्रक्चर पर क्रांति का महीना अगस्त और 15 अगस्त से पहले ये ऐतिहासिक अवसर है। हम एक के बाद एक आधुनिक भारत के निर्माण से जुड़ी उपलब्धियों के साक्षी बन रहे हैं। दिल्ली में कर्तव्य पथ, नया संसद भवन, रक्षा भवन, भारत मंडपम, यशो भूमि, नेशनल वॉर ममोरियल, सुभाष चंद्र की प्रतिमा, ये केवल कुछ नए भवन और सामान्य इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है। कर्तव्य पथ भवन ये नाम हमारे लोकतंत्र की हमारे संविधान की मूल भावना का उद्घोष करते हैं।



2. बिल्डिंग रिनोवेशन पर आजादी के बाद देश की एडमिनिस्ट्रेटिव उन बिल्डिंग से चलाई गईं जो अंग्रेजों के समय में बनी है। होम मिनिस्ट्री करीब 100 साल से एक ही बिल्डिंग में चल रही थी। अलग अलग मंत्रालय दिल्ली के 50 अलग अलग जगहों से चल रहे हैं। कुछ मंत्रालय किराए की बिल्डिंग में हैं। किराए में डेढ़ हजार करोड़ रुपए जाते हैं। काम की वजह से कर्मचारियों का आना जाना होता है। रोज 8-10 हजार कर्मचारी एक से दूसरे मंत्रालय आना जाना पड़ता है। इसमें भी समय खराब होता है। इससे काम में असर पड़ता है।

3. आधुनिक भारत पर 21वीं सदी के भारत को 21वीं सदी की आधुनिक व्यवस्था और इमारतें चाहिए। ऐसी बिल्डिंग जो टेक्नोलाजी और सुविधा के हिसाब से बेहतरीन हों। इसलिए कर्तव्य भवन जैसी विशाल इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। ऐसी ही कई इमारतें बनाई जाएंगी। ताकि कर्मचारियों को सही वर्क एनवायरमेंट मिलेगा।

4. गुड गवर्नेंस और डेवलेपमेंट पर अगर दिल्ली में संसद की नई इमारत बनी है तो देश में 30 हजार से ज्यादा पंचायत भवन बने हैं। भारत मंडपम बना तो 1300 से ज्यादा अमृत भारत रेलवे स्टेशन भी बनाए गए। कर्तव्य भवन भारत के वैश्विक विजन का प्रतीक है। कर्तव्य भवन जैसे आधुनिक इमारतों में भी रूफ सोलर लगाए गए हैं, ग्रीन बिल्डिंग का विजन भारत में विस्तार ले रहा है। गुड गवर्नेंस और विकास की धारा रिफॉर्म्स की गंगोत्री से निकलती है।

5. करप्शन पर भारत में सरकारी योजनाओं की डिलिवरी को ट्रांसपेरेंट बनाया गया है। पहले की सरकारें 10 करोड़ ऐसे लोगों के नाम पर पैसे भेज रही थीं जिनका जन्म ही नहीं हुआ था। ये पैसे बिचौलिए खा रहे थे। इसे बंद किया गया। जिससे 4.20 लाख करोड़ रुपए की चोरी रुक गई। अब ये पैसा देश के काम आ रहा है। सिर्फ करप्शन और लीकेज ही नहीं अनावश्यक नियम कानून देश हित में बाधा थे। हमने 1500 से ज्यादा पुराने कानून समाप्त किए कई कानून अंग्रेजों के जमाने थे जो रोड़ा बने थे।

6. गवर्नेंस वर्क कल्चर पर पहले कितने विभागों और मंत्रालयों में जिम्मेदारी की ओवरलेपिंग होती थी जिससे डिसीजन लटक जाते थे। इसके लिए मंत्रालय मर्ज किए गए और जहां जरूरत थी नए मंत्रालय बनाए गए। सरकार के वर्क कल्चर को अपग्रेड करने के लिए काम किया जा रहा है। मिशन कर्मयोगी के जरिए कर्मचारियों को ट्रेंड किया जा रहा है।

**कर्तव्य भवन-3 में 7 फ्लोर, 24 कॉन्फ्रेंस रूम:** कर्तव्य भवन-3 में ग्राउंड फ्लोर सहित 7 फ्लोर हैं। यहां गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार और इंटेलिजेंस ब्यूरो के ऑफिस होंगे। कर्तव्य भवन 1.5 लाख वर्ग मीटर में फैला है। यहां एक साथ 600 कारें खड़ी हो सकती हैं। इसमें क्रेच (शिशुगृह), योग रूम, मेडिकल रूम, कैफे, किचन और हॉल है। कर्तव्य भवन में 24 कॉन्फ्रेंस रूम भी हैं। हर रूम 45 लोगों के बैठने की क्षमता है। सरकार के अनुसार, अभी कई मंत्रालय 1950 और 1970 के दशक के बीच बने शास्त्री भवन, कृषि भवन, उद्योग भवन और निर्माण भवन जैसी पुरानी इमारतों में काम कर रहे हैं, जो अब संरचनात्मक रूप से जर्जर हो चुकी हैं।

## मानसून सत्र के 13वें दिन भी संसद के दोनों सदनों में विपक्ष का बिहार एसआईआर मुद्दे पर हंगामा, खड़गे बोले-संसद में चर्चा चाहता है विपक्ष

नई दिल्ली (ईएमएस)। संसद के मानसून सत्र के 13वें दिन संसद के दोनों सदनों में बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मुद्दे पर हंगामा हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्ष संसद में चर्चा चाहता है, लेकिन सरकार इच्छुक नहीं है। वहीं विपक्ष के हंगामे के बीच केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने साफ-साफ शब्दों में कहा दिया कि लोकसभा में उसआईआर पर चर्चा नहीं हो सकती। हंगामें के कारणराज्यसभा और लोकसभा को 7 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

बुधवार को भी बिहार में एसआईआर के खिलाफ विपक्ष ने संसद में जमकर हंगामा किया, जिसके चलते दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा और कुछ विधेयक पारित होने के अतिरिक्त खास काम नहीं हो सका



है और विपक्ष एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग पर अड़ा है। विपक्ष का आरोप है कि एसआईआर के जरिए बड़ी संख्या में लोगों का मताधिकार छीना जा रहा है। एसआईआर के खिलाफ विपक्ष संसद में चर्चा की मांग कर रहा है। इसे लेकर संसद में कई दिनों से हंगामा जारी है। बुधवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर लोकसभा में चर्चा नहीं हो सकती क्योंकि यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है और नियम ऐसे मुद्दों पर सदन में चर्चा की अनुमति नहीं देते जो अदालत में लंबित हैं।

**सरकार की चुप्पी पर खड़गे का सवाल**

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्षी पार्टियां बिहार में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण की विशेष गहन समीक्षा पर संसद में चर्चा की मांग कर रही हैं, लेकिन सरकार इस पर चर्चा के लिए तैयार नहीं है। खड़गे ने चेतावनी दी कि अगर सरकार इस मुद्दे पर चर्चा से इनकार करती है, तो इसे ऐसा माना जाएगा कि वह लोकतंत्र और संविधान को नहीं मानती। उन्होंने कहा कि एसआईआर पर चर्चा बेहद जरूरी है ताकि हर भारतीय नागरिक के मतदान के अधिकारों की रक्षा की जा सके। विशेष गहन पुनरीक्षण एक प्रक्रिया है जिसमें चुनाव आयोग मतदाता सूची को दोबारा जांचेगा, ताकि उसमें किसी भी तरह की गलती, दोहराव या अपात्र नामों को हटाया जा सके और नए योग्य मतदाताओं को जोड़ा जा सके। विपक्षी दलों का कहना है कि बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है, और इससे कई लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जा सकते हैं, जिससे उनके वोट देने का अधिकार छिन सकता है। इसी वजह से वे इस पर संसद में खुली बहस चाहते हैं। खड़गे ने यह भी कहा कि, अगर सरकार वाकई में लोकतांत्रिक मूल्यों को मानती है, तो उसे एसआईआर पर खुलकर चर्चा करनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अनुसार, केंद्र सरकार एसआईआर पर चर्चा से बच रही है, जिससे शक पैदा होता है कि वह जानबूझकर इस मुद्दे को नजरअंदाज कर रही है।

### स्वायत्त संस्थाओं के कामकाज पर चर्चा नहीं

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने कहा कि लोकसभा के नियम न्यायालय में विचाराधीन मामलों पर सदन में चर्चा की अनुमति नहीं देते। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव आयोग जैसी स्वायत्त संस्थाओं के कामकाज पर संसद में चर्चा नहीं हो सकती। उन्होंने सदस्यों से प्रमुख विधेयकों के पारित होने के दौरान बहस में भाग लेने का आग्रह किया।

## 1 अक्टूबर से एअर-इंडिया की सभी इंटरनेशनल फ्लाइट्स उड़ान भरेंगी

**नई दिल्ली:** एअर इंडिया एक अक्टूबर से पूरी तरह से इंटरनेशनल फ्लाइट्स का परिचालन शुरू करेगी। सीईओ कैंपबेल विल्सन ने बताया कि 1 अगस्त से कुछ इंटरनेशनल फ्लाइट्स ने उड़ान भरना शुरू कर दिया है और 1 अक्टूबर तक सभी फ्लाइट्स शुरू करने का लक्ष्य है। अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश के बाद कुछ उड़ानें आंशिक रूप से रोक दी गई थीं। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही उड़ानें शुरू की जाएंगी। उन्होंने माना कि पिछले कुछ हफ्तों में परिचालन संबंधी दिक्कतें आई हैं, जिनका यात्रियों के अनुभव पर असर पड़ा होगा। विल्सन ने कहा कि डीजीसीए ने एअर इंडिया का एनुअल ऑडिट और विशेषज्ञों की एक बाहरी टीम ने आईएटीए परिचालन सुरक्षा ऑडिट किया है। इसके बाद डीजीसीए ने एक बयान में बताया था कि एअर इंडिया के ऑडिट रिजल्ट हमारे पैमाने पर सही पाए गए हैं। ये ऑडिट एविएशन इंडस्ट्री में सुधार के लिए किए जाते हैं। दरअसल, अहमदाबाद से 12 जून को लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट AI-171 उड़ने के तुरंत बाद एक हॉस्टल के ऊपर क्रैश हो गई थी। इसमें कुल 270 लोग मारे गए। विमान में 242 लोग सवार थे, जिसमें से एक यात्री बच गया था। वहीं जिस मेडिकल हॉस्टल पर विमान गिरा था, वहां 29 लोगों की जान गई थी।

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद जांच के घेरे में एअर इंडिया

यह घटना ऐसे समय में सामने आई थी, जब टाटा ग्रुप के स्वामित्व वाली यह एयरलाइन पहले से ही लगातार ऑपरेशन से जुड़ी चुनौतियों, जैसे देरी, सर्विस से जुड़ी शिकायतें और रखरखाव संबंधी समस्याओं, के कारण आलोचनाओं का सामना कर रही थी। विमानों की सुरक्षा देखने वाली संस्था नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के ऑडिट में भी एयरलाइन के कामकाज में कई सुरक्षा उल्लंघन मिले थे। डीजीसीए ने 23 जुलाई को एअर इंडिया को चार कारण बताओ नोटिस भेजे थे।

## पीएम मोदी गलवान झड़प के बाद पहली बार चीन जाएंगे: एससीओ समिट में शामिल होंगे

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एससीओ समिट में शामिल होने के लिए चीन जाएंगे। यह दौरा 31 अगस्त और 1 सितंबर को होगा। 2020 में गलवान घाटी में भारत-चीन सैन्य झड़प के बाद मोदी की पहली चीन यात्रा होगी। मोदी इससे पहले 2018 में वहां गए थे। बतौर प्रधानमंत्री पीएम मोदी का यह छठा चीन दौरा होगा, जो 70 सालों में किसी भी भारतीय पीएम की सबसे ज्यादा चीन यात्रा है। चीन से पहले पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान पहुंचेंगे। यहां वो भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

### गलवान झड़प के बाद चीन का पहला दौरा

जापान की यात्रा के बाद प्रधानमंत्री मोदी के शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए चीन जाने की संभावना है। यदि यह चीन यात्रा होती है, तो यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2020 में



गलवान में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास सैन्य संघर्ष के बाद पहली चीन यात्रा होगी। दोनों नेताओं की आखिरी मुलाकात कज़ान में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी, जहां उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने के लिए कदम उठाने पर सहमति जताई थी। एससीओ शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से 1 सितंबर के बीच आयोजित किया जाएगा। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी की प्रस्तावित जापान और चीन यात्रा को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

मोदी और जिनपिंग ने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय बातचीत भी हुई थी। 50 मिनट की बातचीत में पीएम मोदी ने कहा था कि 'सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता हमारे संबंधों की नींव बनी रहनी चाहिए।

### राजनाथ सिंह ने किया था चीन का दौरा

जून में, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के चिंगदाओ में आयोजित एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया था। हालांकि, उन्होंने उस दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था, जिससे आतंकवाद को लेकर भारत की सख्त नीति कुछ हद तक नरम पड़ सकती थी—विशेष रूप से पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद, जिसमें 26 लोगों की जान गई थी। सदस्य देशों के बीच आतंकवाद पर सहमति नहीं बन पाने के कारण एससीओ की ओर से कोई संयुक्त बयान जारी नहीं किया गया।

## सीजेआई की सीनियर वकीलों को मनाही; बोले 11 अगस्त से मेरी अदालत में अर्जेंट सुनवाई नहीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा कि 11 अगस्त से उनकी अदालत में सीनियर वकील अर्जेंट सुनवाई की मांग नहीं कर सकते। हालांकि जूनियर वकीलों को इससे छूट दी गई है। गवई ने कहा कि कम से कम मेरी अदालत में तो इसका पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के बाकी जस्टिस को भी इस प्रथा को अपनाना चाहिए। आमतौर पर वकील दिन की कार्यवाही की शुरुआत में अर्जेंसी का हवाला देकर जस्टिस के सामले केस की तत्काल सुनवाई की मांग करते हैं। इससे पहले से लिस्टेड मामले छूट जाते हैं। 14 मई को शपथ लेने के बाद सीजेआई गवई ने वकीलों की तरफ से अर्जेंट सुनवाई के लिए मौखिक जानकारी देने की प्रथा को फिर शुरू कर दिया था। जबकि उनसे पहले जस्टिस संजीव खन्ना ने इसे बंद करवा दिया था। जस्टिस खन्ना के कार्यकाल में वकीलों को मौखिक जानकारी के बजाए ईमेल या लिखित में जानकारी देनी होती थी। जस्टिस गवई का 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में जन्म हुआ था। उन्होंने 1985 में कानूनी करियर शुरू किया। 1987 में बॉम्बे हाईकोर्ट में स्वतंत्र प्रैक्टिस शुरू की। इससे पहले उन्होंने पूर्व एडवोकेट जनरल और हाईकोर्ट जज स्वर्गीय राजा एस भोंसले के साथ काम किया।

### गुजरात एटीएस ने अलकायदा की महिला आतंकी शमा परवीन को लेकर किया बड़ा खुलासा

## पाक आर्मी चीफ असीम मुनीर से गजवा-ए-हिन्द शुरू करने की थी अपील

अहमदाबाद (ईएमएस)| गुजरात एटीएस ने बेंगलुरू से गिरफ्तार महिला आतंकी शमा परवीन पर बड़ा खुलासा किया है| शमा परवीन ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सोशल मीडिया पर लगातार भारत के खिलाफ जहर फैला रही थी| इतना ही नहीं शमा परवीन ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ असीम मुनीर को गजवा-ए-हिन्द शुरू करने की भी अपील की थी| जिसमें उसने कहा था कि अब समय आ गया है जब पाकिस्तान को भारत में खिलाफत मुहिम शुरू कर देनी चाहिए| कुछ दिन पहले ही गुजरात एटीएस ने बेंगलुरू से शमा परवीन नाम की अलकायदा की एक महिला आतंकी को गिरफ्तार किया था। उस पर सोशल मीडिया के ज़रिए जिहादी विचारधारा फैलाने और भारत के ख़िलाफ़ हिंसा भड़काने वाले पोस्ट करने का आरोप है। अब इस मामले में अहम खुलासा हुआ है। जानकारी के मुताबिक, अलकायदा के आतंकी मॉड्यूल की 30 वर्षीय महिला आतंकी शमा परवीन ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 7 से 10 मई 2025 तक कई सोशल मीडिया पोस्ट किए थे। जिसमें भारत के प्रति नफ़रत और जिहादी विचारधारा को बढ़ावा दिया गया। 4 सोशल मीडिया हैंडल के ज़रिए पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर को ग़ज़वा-ए-हिंद के तहत प्रोजेक्ट ख़िलाफ़त शुरू करने के लिए संबोधित करते हुए कई पोस्ट शेयर किए गए। इतना ही नहीं शमा परवीन ने पाकिस्तान के लाहौर की लाल मस्जिद के इमाम अब्दुल अजीज का एक बयान पोस्ट किया था, जिसमें भारत सरकार के खिलाफ सशस्त्र क्रांति के माध्यम से भारत में खिलाफत व्यवस्था की स्थापना का आह्वान किया गया था। एटीएस की जाँच में पता चला है कि शमा ने असीम मुनीर के हिंसक भाषण भी साझा किए थे, जिसमें उसने उसे एक्यूआईएस का मुखिया बताया था।

# महिला अफसरों को सेना में परमानेंट जॉब क्यों नहीं: दिल्ली हाईकोर्ट का सरकार से सवाल; सीडीएस एग्जाम में महिलाओं से सिर्फ ओटीए में आवेदन मांगे

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने महिलाओं को सीडीएस (कम्बाइंड डिफेंस सर्विसेज) परीक्षा के जरिए भारतीय सैन्य अकादमी, नौसेना अकादमी और वायुसेना अकादमी में शामिल न करने को लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय की बेंच ने बुधवार को कहा, महिला अफसरों को सेना में परमानेंट जॉब नहीं मिल रही। यह मामला गंभीर है और केंद्र सरकार को इसका जवाब देना होगा। अगली सुनवाई नवंबर 2025 में होगी। याचिका वकील कुश कालरा ने दायर की है। उन्होंने याचिका में कहा कि 28 मई 2025 को यूपीएससी ने सीडीएस-II परीक्षा का विज्ञापन निकाला, जिसमें महिलाओं को सिर्फ ओटीए (ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, चेन्नई) में आवेदन की अनुमति दी गई है, जबकि बाकी तीन अकादमियों में सिर्फ पुरुषों को ही शामिल किया गया है।



### आईएमए, आईएफए और आईएनए से परमानेंट और ओटीए से शॉर्ट सर्विस कमीशन मिलता है

आईएमए, आईएफए और आईएनए से पास होने वाले अफसरों को स्थायी नौकरी यानी परमानेंट कमीशन मिलता है। वहीं, ओटीए से निकलने वाले अफसरों को केवल शॉर्ट सर्विस कमीशन मिलता है, जो 10 साल की नौकरी होती है और जरूरत पड़ने पर 4 साल और बढ़ाई जा सकती है। आईएमए,आईएफए और आईएनए में लगभग 18 महीने की ट्रेनिंग होती है, जबकि ओटीए में सिर्फ 49 हफ्तों की ट्रेनिंग होती है।

### याचिकाकर्ता बोला- संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन

याचिकाकर्ता का कहना है कि महिलाओं को सीडीएस के जरिए आईएमए, आईएनए और आईएफए में एंट्री न देना संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 16 (सार्वजनिक रोजगार में समान अवसर), और अनुच्छेद 19(1)(g) (पसंद का पेशा चुनने का अधिकार) का उल्लंघन है।

### याचिका में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का जिक्र

याचिका में 2020 के ऐतिहासिक फैसले का जिक्र किया गया है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि महिला सैन्य अफसरों को स्थायी कमीशन और कमांड पोस्टिंग का समान अधिकार मिलना चाहिए। इसके अलावा याचिकाकर्ता ने अपने ही 2021 के केस का रिफ्रेंस दिया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार महिलाओं को NDA परीक्षा में बैठने की अनुमति दी थी। इसके बाद दिसंबर 2021 में 19 महिलाओं को NDA में प्रवेश मिला और आईएमए से पहली महिला बैच पासआउट हुई। याचिका में यह भी कहा गया है कि जब सेना में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है और वे कमांड तथा कॉम्बैट रोल में आ रही हैं, तब महिलाओं को सीडीएस में बेहतर भागेदारी से बाहर करना पूरी तरह से भेदभावपूर्ण और बिना किसी ठोस वजह के किया गया फैसला है।

### महिलाओं को लड़ाई में सीधे तौर पर शामिल नहीं किया जाता

एक और अहम फर्क यह है कि महिलाएं फिलहाल केवल ओटीए में भर्ती हो सकती हैं, जबकि आईएमए और आईएनए में उन्हें अब तक शामिल नहीं किया गया है। सेना की पुरानी नीतियों में उन्हें केवल गैर-लड़ाकू (non-combat) भूमिकाओं तक सीमित रखा गया है। यानी महिलाओं को लड़ाई में सीधे तौर पर शामिल नहीं किया जाता है।

# टैरिफ विवाद, ट्रम्प बोले- ब्राजीली राष्ट्रपति जब चाहें, बात करें: लूला दा सिल्वा का जवाब- उनसे नहीं, मोदी और जिनपिंग से चर्चा करना चाहूंगा

ब्रासीलिया. ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बातचीत के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था, 'लूला जब चाहें, मुझसे बात कर सकते हैं।' लूला ने इस प्रस्ताव को ठुकराते हुए कहा, 'मैं टैरिफ पर बात करने के लिए ट्रम्प को कॉल नहीं करूंगा। इसके बदले पीएम नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग जैसे नेताओं से बातचीत करना चाहूंगा।' अमेरिका ने ब्राजील पर 50% टैरिफ लगा रखा है। ब्राजील इससे निपटने के लिए विश्व व्यापार संगठन में जाने पर विचार कर रहा है। लूला ने यह भी कहा कि भले ही ट्रम्प से उनकी बातचीत न हो, लेकिन वे नवंबर में होने वाले COP-30 क्लाइमेट समिट में ट्रम्प को न्योता जरूर भेजेंगे।



## ट्रम्प ने ब्राजील पर 50% टैरिफ लगाया

अमेरिका ने हाल ही में ब्राजील पर 50% टैरिफ लगाया है। ट्रम्प प्रशासन के मुताबिक यह टैरिफ पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के चलते लगाया गया है। ट्रम्प ने बोल्सोनारो के खिलाफ कार्रवाई को विचहंट यानी बदले की कार्रवाई बताया है। बोल्सोनारो पर 2022 के चुनाव हारने के बाद तख्तापलट की साजिश रचने का आरोप है। इसके चलते अमेरिका और ब्राजील के बीच रिश्ते और बिगड़ गए हैं। बोल्सोनारो पर 8 जनवरी 2023 को ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में हुए दंगों के लिए कथित रूप से तख्तापलट की कोशिश का आरोप है।

## ट्रम्प की मांग- बोल्सोनारो का केस खत्म हो

ट्रम्प ने पिछले महीने एक बयान में कहा था कि ब्राजील में फ्री इलेक्शन पर हमला हो रहा है और अमेरिकी लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी को कंट्रोल किया जा रहा है। इस वजह से 1 अगस्त 2025 से ब्राजील से अमेरिका आने वाले सभी उत्पादों पर 50% टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो एक सम्मानित नेता हैं। उनके साथ जो व्यवहार किया, वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मनाक है। यह केस तुरंत खत्म होना चाहिए। उन्होंने ब्राजील की सुप्रीम कोर्ट की तरफ से बोल्सोनारो को अगले चुनाव में भाग लेने से रोकने और ट्रम्प के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल और रंबल पर सेंसरशिप आदेशों का भी जिक्र किया।

## ब्राजील में बोल्सोनारो की हार के बाद हिंसक प्रदर्शन हुए थे

2022 के राष्ट्रपति चुनाव में बोल्सोनारो की हार के देश में कई जगह हिंसक प्रदर्शन हुए थे। बोल्सोनारो के समर्थकों ने सड़कें जाम कर दी थीं। करीब 267 सड़कों को प्रदर्शनकारियों ने ब्लॉक कर दिया था। ब्राजील में पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो के चुनाव लड़ने पर 2030 तक के लिए बैन लगा हुआ है। जुलाई 2022 में बोल्सोनारो ने 8 विदेशी राजदूतों के साथ एक मीटिंग की थी। इसमें उन्होंने ब्राजील की चुनाव प्रणाली पर सवाल उठाते हुए धांधली के आरोप लगाए थे।

तब कहा जा रहा था कि बोल्सोनारो ने फॉरेन एंबेसडरों के साथ हुई मीटिंग का इस्तेमाल साजिश के तहत संदेह पैदा करने के लिए किया। उन्होंने लोगों के मन में ये शक पैदा करने की कोशिश की कि 2022 के चुनावी नतीजों में धांधली होगी। इसके बाद बोल्सोनारो पर अपने पद और मीडिया का दुरुपयोग करने का आरोप लगा। आरोप पत्र में कहा गया कि बोल्सोनारो ने चुनाव में हार के बाद पावर का गलत इस्तेमाल करते हुए देश के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम पर शक पैदा किया। इस मामले में 30 जून 2023 को बोल्सोनारो के चुनाव लड़ने पर 7 साल यानी 2030 तक के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया।

# ट्रंप व्हाइट हाउस की खुली छत पर आए नजर, अजीबो-गरीब कर रहे थे इशारे



वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चाहे टैरिफ वॉर हो या फिर युद्ध को लेकर उनकी अपनी पॉलिसी है। वह हर दिन सुर्खियों में बने रहना चाहते हैं। इस समय उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें आमतौर पर सिक्योरिटी के साथ अपनी गाड़ियों और प्लेन में दिखने वाले ट्रंप इस बार व्हाइट हाउस की खुली छत पर नजर आ रहे हैं।

वीडियो में वह अजीब से इशारे करते नजर आ रहे हैं। उनके साथ पूरा सिक्योरिटी दस्ता भी था और इसी बीच नीचे खड़े पत्रकारों की नजर उन पर पड़ी। उसके बाद उसने जो बातचीत हुई वह दिलचस्प है। जब पत्रकारों ने ट्रंप से पूछा वह व्हाइट हाउस की छत पर क्या कर रहे थे, तो इसके जवाब में डोनाल्ड ट्रंप ने वहीं से चिल्लाकर कुछ कहा। बदले में कुछ पत्रकारों ने पूछा मिसाइल कहा आपने? फिर डोनाल्ड ट्रंप ने मजाकिया तरीके से हाथ से इशारे करके बताया कि वह मिसाइलें छोड़ने की तैयारी में हैं।

ट्रंप वहां निर्माण योजनाओं का निरीक्षण कर रहे थे। छत पर ट्रंप के साथ शार्पशूटर और कुछ आर्किटेक्ट्स भी मौजूद थे। उन्होंने करीब 20 मिनट व्हाइट हाउस की छत पर बिताए। इस बीच नीचे खड़े पत्रकारों की ओर हाथ हिलाया और मुस्कुराते हुए एक मिसाइल दागने का इशारा किया। ये घटना ऐसे समय पर हुई है जब अमेरिका और रूस के बीच तनाव है। कुछ दिन पहले ट्रंप ने दो परमाणु पनडुब्बियों को रूस के पास तैनात किया था, जिसके जवाब में रूस ने परमाणु संधि से बाहर जाने का ऐलान कर दिया।

रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव के साथ उनकी जुबानी जंग भी हुई, जिसमें सोशल मीडिया पर दोनों नेताओं ने एक-दूसरे की खूब बखिया उधेड़ी। हालांकि अब रूस में अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ दोनों देशों के रिश्तों पर बात करने के लिए पहुंचने वाले हैं।

## न्यूक्लियर मिसाइल लगाने के लिए वाइट हाउस की छत पर चढ़े ट्रंप, वहीं से दिए जवाब

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कुछ भी कर सकते हैं। मंगलवार को वह एक और वजह से मीडिया की सुर्खियों में छाए रहे। उन्होंने मीडिया के सवालों के जवाब वाइट हाउस की छत पर टहलते हुए दिए। उनसे पूछा कि वह वाइट हाउस की छत पर क्या कर रहे हैं तो उन्होंने मजाक में पत्रकारों से कहा कि वह न्यूक्लियर मिसाइल तैनात करने के लिए जगह की तलाश कर रहे हैं। जब पत्रकारों ने उनसे फिर पूछा कि छत पर क्या बनाना चाहते हैं तो उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा न्यूक्लियर मिसाइलें... इसके बाद उन्होंने मिसाइल के उड़ान भरने जैसा अपना हाथ हिलाया। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि ट्रंप ने उन लोगों के साथ करीब 20 मिनट तक छत पर और फिर नीचे वाइट हाउस के लॉन में चहलकदमी की। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप के साथ मौजूद समूह वाइट हाउस की छत पर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा था लेकिन ट्रंप बार-बार छत और मैदान की ओर इशारा कर रहे थे। बता दें कि न्यूक्लियर मिसाइल तैनात करने पर उनकी टिप्पणी रूस के पूर्व राष्ट्रपति दमित्री मेदवेदेव के साथ तीखी बहस के बीच आई है। कुछ दिनों पहले दोनों नेताओं के बीच एक ऑनलाइन इंटरव्यू में तीखी बहस हुई थी। जिस वक्त ट्रंप अपने आधिकारिक आवास की छत पर टहल रहे थे, उस वक्त उनके साथ दिग्गज और नामी आर्किटेक्ट जेम्स मैकक्रेरी और कुछ लोगों का एक ग्रुप भी था। जेम्स मैकक्रेरी ने हाल ही में 20 करोड़ डॉलर की निजी तौर पर वित्त पोषित ईस्ट विंग बॉलरूम परियोजना की घोषणा की थी, वह खुद इसके वास्तुकार हैं। पिछले सप्ताह ट्रंप प्रशासन ने घोषणा की थी कि वाइट हाउस में एक विशालकाय बॉलरूम का निर्माण सितंबर में शुरू कराया जाएगा।

# गाजा पर कब्जा करने के नेतन्याहू के प्लान का इजराइली सेना कर रही विरोध

**सेना चीफ ने दी चेतावनी- ऐसा हुआ तो इजराइल थकाऊ युद्ध में उलझ जाएगा**

तेल अवीव,(ईएमएस)। गाजा युद्ध शुरू होने के करीब दो साल बाद इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अब पूरे गाजा पर कब्जा करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है लेकिन, नेतन्याहू के इस प्लान पर इजराइली सेना उनसे सहमत नहीं है। इजराइली डिफेंस फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जमीर ने योजना पर कड़ी आपत्ति जताई है। इससे इजराइली राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के बीच तनाव बढ़ गया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जमीर ने चेतावनी दी है कि गाजा पर कब्जे की कोशिश से वहां बंधक इजराइली नागरिकों की जान को खतरा हो सकता है। इससे इजराइल गाजा में एक थकाऊ युद्ध में उलझ जाएगा। गाजा के करीब 75 फीसदी हिस्से पर इजराइली सेना का कब्जा है। अब नेतन्याहू संपूर्ण गाजा पर कब्जा करना चाहते हैं। नेतन्याहू के करीबी सहयोगियों ने आर्मी चीफ जमीर का इस्तीफा मांगा है। उनके एक करीबी अधिकारी ने कहा कि अब फैसला हो चुका है, हम गाजा पर पूर्ण कब्जे की ओर बढ़ रहे हैं। अगर चीफ ऑफ स्टाफ जमीर को यह मंजूर नहीं है, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। गाजा युद्ध के दौरान इजराइली अधिकारियों ने पीएम नेतन्याहू के फैसलों पर सवाल उठाए हैं। आंतरिक खुफिया एजेंसी शिन बेट प्रमुख को हटाने की नेतन्याहू की योजना पर कोर्ट ने रोक लगा दी थी।

बता दें आईडीएफ चीफ हर्शी हलेवी ने मार्च 2025 में इस्तीफा दे दिया था। नवंबर 2024 में तत्कालीन रक्षा मंत्री गैलेंट को नेतन्याहू ने 'विश्वास संकट' का हवाला देकर हटा दिया था। नेतन्याहू अपने करीबी मंत्रियों के साथ गाजा पट्टी पर पूर्ण कब्जा करने की योजना का खुलासा कर चुके हैं। उनके के दो कट्टरपंथी सहयोगियों वित्त मंत्री बेजालेल स्मोटरिच और राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर गाजा पर सैन्य शासन के बाद उसके इजराइल में विलय की मांग कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट में यूनिसेफ की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइली बमबारी और मानवीय सहायता रोकने के चलते गाजा में हर दिन औसतन 28 फिलिस्तीनी बच्चों की मौत हो रही है। अक्टूबर 2023 से अब तक 18 हजार से ज्यादा बच्चों की मौत हो चुकी है। यूनिसेफ ने कहा कि बच्चों की मौतें बमबारी, कुपोषण और सहायता के अभाव से हो रही हैं। बीते 24 घंटे में ही एक बच्चे समेत 8 लोगों की भूख से मौत हुई है। अब तक 188 लोगों की भूख से मौत हुई, इनमें 94 बच्चे थे। गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद अभी तक 60,933 लोगों की मौत हुई है और घायलों की संख्या 1.5 लाख पार कर चुकी है।

# अमेरिका के एफ-15ई जेट का हवा में निकला पहिया, दो पायलटों ने बचाई जान

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका और भारत के बीच जिस एफ-35 को खरीदने की खींचतान चल रही है, उसी फाइटर जेट सीरीज के एक और विमान एफ-15ई की एमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। कुछ दिन पहले ही एफ-35 बिना युद्ध के ही क्रैश हो गया था और अब एफ-15ई का पहिया निकल गया, वो भी हवा में। ऐसे में अब सवाल उठ रहे हैं कि अमेरिका के फाइटर जेट्स कितने विश्वसनीय हैं, जिनकी खरीदारी के लिए वो भारत ही नहीं दुनिया के कई देशों पर दबाव डाल रहा है, जो ताजा मामला सामने आया है वह अमेरिका के 80 के दशक में बने फाइटर जेट एफ-15ई का है।

हिंद महासागर में नेवल सपोर्ट फैसिलिटी डिएगो गार्सिया से उड़ान भरने वाले एक एफ-15ई स्ट्राइक ईगल का पहिया उड़ान के दौरान गायब हो गया। इसके बाद विमान की एमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ गई और वह रनवे पर सिर्फ दो पहियों के सहारे उतरा। गनीमत रही कि दोनों पायलटों ने अपनी जान बचा ली।

बता दें अमेरिकी फाइटर जेट के साथ हुआ ये दूसरा हादसा है। ये हादसा हिंद महासागर में नेवल सपोर्ट



फेसिलिटी डिएगो गार्सिया से उड़ान भरने वाले एफ-15ई के साथ हुआ। इस स्ट्राइक ईगल का पहिया उड़ान के दौरान निकल गया और बाद में ये डिएगो गार्सिया के फ्लाइट लाइन पर मिला। हालांकि यह साफ नहीं है कि पहिया कैसे और क्यों अलग हुआ, न ही यह बताया गया कि रफ लैंडिंग के बाद एफ-15 की स्थिति कैसी है। अमेरिकी वायुसेना ने इस घटना पर कोई जानकारी नहीं दी और इसकी सुरक्षा जांच जारी है। एफ-15ई स्ट्राइक ईगल एडवांस, डबल इंजन वाला, मल्टी-रोल फाइटर जेट है, जिसे मैकडॉनेल डगलस ने विकसित किया है।

# निकोल एवं सैंड्रा की केमिस्ट्री लोगों को आती है पसंद

लॉस एंजिल्स (ईएमएस)। हालीवुड एक्ट्रेस निकोल किडमैन और सैंड्रा बुलक ने 1998 में आई मूवी प्रैक्टिकल मैजिक में चुड़ैल बहनों का किरदार निभाया था। प्रैक्टिकल मैजिक में दोनों की केमिस्ट्री आज भी लोगों को पसंद आती है। किडमैन जिन्हें हाल ही में एक लग्जरी स्किन केयर ब्रांड का एंबेसडर बनाया गया है, उन्होंने कहा कि वह और 61 वर्षीय बुलक बहुत गहरा बॉन्ड शेयर करती हैं। उन्होंने एक-दूसरे को सोल सिस्टर्स बताया। इस इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने कहा कि वो बहनों की तरह ही एक-दूसरे के साथ मस्ती-मजाक करना पसंद करती हैं। मैं उसे चढ़ाती हूं और वो मुझे। हम दोनों लंदन में आसपास ही रहते हैं। उनकी फिल्म प्रैक्टिकल मैजिक का सीक्वल बन रहा है। इसमें वो 27 साल बाद फिर से साथ दिखने वाली हैं। इस बारे में बात करते हुए निकोल ने कहा,



हम दोनों ही इस बारे में सुनने के बाद हैरान थे। अब हम फिर से साथ आ रहे हैं।

बुलक बहुत ही अच्छी हैं, वो बहुत फनी हैं और प्यारी भी। हम साथ में बहुत अच्छा समय बिताते हैं। फिल्म के सीक्वल के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, हमारे पास एक बहुत ही शानदार फीमेल डायरेक्टर हैं सुजैन बायर। वार्नर ब्रदर्स इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं। ये सभी बहुत ही सपोर्टिव हैं। इसमें जोय किंग भी हैं, जिनके साथ मैंने पहले भी काम किया है। इस तरह ये एक बहुत ही अद्भुत, शानदार फीमेल और मेल का ग्रुप है, जो इसे अगले पड़ाव तक ले जा रहा है। चुड़ैलों के जीवन का अगला पड़ाव।"

# बांग्लादेश में फरवरी 2026 में होंगे आम चुनाव, यूनुस ने किया ऐलान

**अंतरिम सरकार ने शेख हसीना की पार्टी लगाया बैन, नहीं लड़ सकेंगी चुनाव**

ढाका,(ईएमएस)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने ऐलान किया है कि अगला आम चुनाव फरवरी 2026 में रमजान माह से पहले कराया जाएगा। पहले अप्रैल में चुनाव कराने की बात कही गई थी, लेकिन अब सभी प्रमुख दलों से बातचीत के बाद तारीख बदली गई है। यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश ने नई दिशा में कदम रखा है और इस बदलाव को स्थायी बनाने के लिए जनता की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण, पारदर्शी और लोकतांत्रिक होंगे। यूनुस का यह ऐलान बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और खालिदा जिया जैसे नेताओं की मांगों के बाद सामने आया है, जो जल्द चुनाव चाहते थे। इस नई प्रक्रिया में बीएनपी, जमात-ए-इस्लामी और नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) जैसे राजनीतिक दल भी जुड़े हुए हैं। इन दलों को शेख हसीना सरकार के खिलाफ जनआंदोलन का चेहरा माना जाता है। अंतरिम सरकार ने 'जुलाई डिक्लेरेशन' नाम से एक 26 बिंदुओं वाला डॉक्यूमेंट जारी किया, इसमें सरकार, संविधान और राजनीति से जुड़े बड़े बदलावों का ब्लूप्रिंट पेश किया गया है।

इस डिक्लेरेशन में बांग्लादेश के मौलिक संविधान को असफल बताते हुए कहा गया कि 1972 में बना संविधान जनता की आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर सका। इसमें शेख हसीना की आलोचना करते हुए कहा गया है कि उनकी सरकार ने बांग्लादेश को एक तानाशाही, माफिया और फेल स्टेट में तब्दील कर दिया था। इस घोषणा में मांग की गई कि 2024 के जनउभार को आधिकारिक मान्यता मिले और जुलाई डिक्लेरेशन को संविधान में शामिल किया जाए।



**ढाका में लोग शेख हसीन सरकार को हटाये जाने के एक साल पूरे होने पर जश्न मनाते हुए। इस दौरान लोग झंडे लहराते दिखे।**

देश की पूर्व पीएम शेख हसीना जो 15 साल तक सत्ता में रहीं, वह अगस्त 2024 में भारी जनप्रदर्शन के बाद भारत भाग गई थीं। अब उनकी पार्टी अवामी लीग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और चुनाव आयोग ने उसका पंजीकरण भी रद्द कर दिया है यानी जब तक यह प्रतिबंध नहीं हटता, पार्टी चुनाव नहीं लड़ सकेगी। हसीना सरकार की विदाई की वर्षगांठ पर राजधानी ढाका के मानिक मिया एवेन्यू पर हजारों लोगों ने जश्न मनाया। सरकार ने इस दिन को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया है और पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी।

हालांकि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ह्यूमन राइट्स वॉच ने चेतावनी दी है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार मानवाधिकारों और न्यायिक सुधारों को लेकर धीमी है। एचआरडब्ल्यू की एशिया डायरेक्टर मीनाक्षी गांगुली ने कहा कि अंतरिम सरकार को कट्टरपंथी ताकतों और राजनीतिक दबावों के बीच संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण लग रहा है।

## बांग्लादेश अब लोकतंत्र का कब्रिस्तान बन गया, मताधिकार सब खतरे में

बांग्लादेश की 'अवामी लीग' के छात्र संगठन 'बांग्लादेश छात्र लीग' ने मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर लोकतंत्र को कमजोर करने और देश को असफल व बिखरे हुए राष्ट्र की ओर ले जाने का आरोप लगाया है। छात्र लीग का कहना है कि बांग्लादेश अब एक लोकतंत्र का कब्रिस्तान बन गया है। छात्र संगठन ने कहा कि यूनुस की कमान में कट्टरपंथी और आतंकवादी समूह देश में हिंसा, आतंक और हत्या का सिलसिला चला रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक छात्र संघ ने कहा कि लोकतांत्रिक मानदंड, कानून का शासन, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, मानवाधिकार और मताधिकार सब खतरे में है। देश में युवाओं की भावनाओं और न्याय की उम्मीदों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। निर्दोषों की हत्या, पुलिसकर्मियों पर हमले और आतंक का माहौल बनाकर देश को बंधक बना लिया है। छात्र लीग ने कहा कि 5 अगस्त 2024 को पीएम शेख हसीना की हत्या की कोशिश और हिंसा ने उस दिन को लोकतंत्र, छात्र, जनता और पुलिस की हत्या का 'काला दिन' बना दिया है। अंतरिम सरकार की आलोचना करते हुए छात्र संगठन ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में जंगल कानून स्थापित हो गया है। लोकतंत्र के हत्यारों को सत्ता सौंप दी गई है। जनता को बेबस, निराश और अपमानित कर दिया है। निराशा और घृणा का जहर मन और समुदायों में फैला दिया है। छात्र लीग ने इस हत्याकांड के पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की है और संकल्प लिया है कि वे इस अत्याचार और अंधेरे युग को समाप्त करेंगे। उनका कहना है कि बांग्लादेश के महान मुक्ति संग्राम के मूल्यों में निहित जन आकांक्षाओं की सामूहिक शक्ति के प्रति गहरे सम्मान के साथ, और इस सुनियोजित हत्याकांड के पीड़ितों और घायलों को न्याय दिलाने का संकल्प लेते हुए, हम इस उत्पीड़न और पिछड़ेपन को समाप्त करने का संकल्प लेते हैं। न्याय जरुर होगा।

छात्र संगठन ने 5 अगस्त को 'लोकतंत्र, छात्र-जनता-पुलिस हत्या दिवस' घोषित किया है और मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए घायल लोगों को अपनी ताकत और प्रेरणा का स्रोत बताया है।

# 20 साल के जैक्सन ने 125 एकड़ के जंगल को स्वतंत्र घोषित कर बनाया नया देश



लंदन,(ईएमएस)। क्रोएशिया और सर्बिया के बीच सीमा विवाद की वजह से 125 एकड़ के जंगली इलाके पर किसी का दावा नहीं था। ये बात जब ब्रिटेन के 20 साल के डैनियल जैक्सन को पता चली तो उन्होंने इलाके को स्वतंत्र घोषित करके खुद को वहां का राष्ट्रपति घोषित कर दिया। इस देश का नाम फ्री रिपब्लिक ऑफ वर्डिस है। स्विट्जरलैंड इसे देश के रूप में मान्यता भी दे सकता है। इसके साथ ही यह वेटिकन सिटी के बाद दुनिया का दूसरा सबसे छोटा देश बन गया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वर्डिस तक पहुंचने का सिर्फ ही एक रास्ता है। क्रोएशियाई शहर ओसियेक से नाव के जरिए ही यहां पहुंचा जा सकता है। जैक्सन बताते हैं कि यूं तो वर्डिस के चारों तरफ जंगल है, लेकिन यहां रहना जादुई एहसास दिलाता है। इस देश का अपना कानून और सरकार है। 400 लोग वर्डिस की नागरिकता ले चुके हैं। वहीं, करीब 15 हजार लोगों ने सिटिजनशिप के लिए अप्लाई किया है।

## निक्की हेली की ट्रंप को चेतावनी......भारत से संबंध खराब करना अमेरिका के लिए हानिकारक होगा

वाशिंगटन (ईएमएस)। पूर्व अमेरिकी राजदूत और ट्रंप की पार्टी की नेता निक्की हेली ने टैरिफ को लेकर डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि भारत जैसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार के साथ संबंध खराब करना अमेरिका के लिए हानिकारक साबित होगा। हेली ने पोस्ट कर लिखा कि जब चीन जो अमेरिका का विरोधी है और रूस-ईरान से सबसे ज़्यादा तेल खरीदता है, 90 दिनों की टैरिफ छूट मिलती है, तब भारत पर टैरिफ लगाना सही नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया, आप चीन को क्यों बचा रहे हैं?

दरअसल ट्रंप ने इंटरव्यू में कहा था कि वे 24 घंटे के भीतर भारतीय सामानों पर भारी टैरिफ लगाएंगे। उनके आरोपों के मुख्य बिंदु ये थे। भारत अमेरिका के साथ कम व्यापार करता है, जबकि भारत के साथ अमेरिका का व्यापार बहुत ज़्यादा है। भारत रूस से भारी मात्रा में तेल खरीदकर खुले बाजार में मुनाफे पर बेच रहा है। इन आरोपों पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने करारा जवाब दिया। मंत्रालय ने कहा कि भारत अपने लोगों की ऊर्जा ज़रूरतों को पूरा करने के लिए रूस से तेल खरीद रहा है। भारत ने याद दिलाया कि पहले अमेरिका ने खुद उसे रूस से तेल खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया था ताकि वैश्विक बाज़ार में संतुलन बना रहे। भारत ने यह भी कहा कि सिर्फ़ उस पर आरोप लगाना तर्कहीन है, जबकि अमेरिका और यूरोपीय देश भी रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि एक बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर भारत अपने राष्ट्रीय हित और आर्थिक सुरक्षा के लिए ज़रूरी सभी कदम उठाता रहेगा।

## कोलंबिया और पेरू के बीच सीमा विवाद फिर से गहराया....जंग होने की आहट

वाशिंगटन,(ईएमएस)। रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास के बीच चल रहे संघर्षों के बीच, अब अमेरिका के पड़ोस में भी एक नए तनाव की आशंका बढ़ गई है। दक्षिण अमेरिकी देशों कोलंबिया और पेरू के बीच सीमा विवाद फिर से गहरा गया है। यह विवाद अमेज़ॅन नदी में स्थित एक छोटे से द्वीप, सांता रोजा को लेकर है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेत्रो ने आरोप लगाया है कि पेरू ने इस द्वीप पर एकतरफा कार्रवाई करते हुए जून में अपने लोरेटो प्रांत का एक जिला घोषित कर दिया है। कोलंबिया का कहना है कि इस द्वीप की कानूनी स्थिति अभी भी विवादित है। उनका तर्क है कि जब 1922 और 1929 में दोनों देशों के बीच सीमा समझौते हुए थे, तब यह द्वीप अस्तित्व में नहीं आया था। कोलंबिया का मानना है कि सीमा का निर्धारण नदी की सबसे गहरी धारा के अनुसार होना चाहिए, जो समय के साथ बदलती रहती है।

वहीं पेरू का कहना है कि 1922 और 1929 के समझौतों के अनुसार सांता रोजा द्वीप और उसके आसपास के टापू उसके अधिकार क्षेत्र में हैं। कोलंबिया का मानना है कि पेरू की इस कार्रवाई से उसके शहर लेटिसिया की अमेज़ॅन नदी तक पहुँच अवरुद्ध हो सकती है, जिससे उसकी राष्ट्रीय संप्रभुता को खतरा है। राष्ट्रपति पेत्रो ने कहा है कि कोलंबिया अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए कूटनीति का सहारा लेगा।

पेरू की संसद ने सांता रोजा को जिला बनाने का कानून जून 2025 में पारित किया। इसका उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य और कर संग्रह के लिए अधिक फंड उपलब्ध कराना है। इस छोटे से द्वीप पर लगभग 1,000 लोग रहते हैं, और यहाँ की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से व्यापार और पर्यटन पर निर्भर है।

## कैलिफोर्निया के जंगल में फैली भीषण आग, लोगों को घर खाली करने का आदेश

लॉस एंजिल्स,(ईएमएस)। मध्य कैलिफोर्निया के जंगल में लगी आग ने अब तक 82,000 एकड़ से ज्यादा इलाके को अपनी चपेट में ले लिया है। यह आग अब भयानक रूप ले चुकी है और सैकड़ों इमारतों को इससे खतरा बना हुआ है। अग्नि सुरक्षा विभाग के मुताबिक 'गिफोर्ड फायर' नाम का यह जंगल में आग शुक्रवार दोपहर उस समय भड़क गई, जब कैलिफोर्निया हाईवे के पास चार अलग-अलग जगहों पर आग लग गई थी और उसने एक विकराल रूप ले लिया। यह आग अब सैन लुइस ओबिस्पो और सांता बारबरा काउंटी में सांता लूसिया रोड के पास फैल गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि आग की चपेट में आने से 870 से ज्यादा इमारतें खतरे में हैं। मंगलवार सुबह तक इस आग पर सिर्फ 7 फीसदी ही काबू पाया जा सका था। आग की वजह से सांता बारबरा और सैन लुइस ओबिस्पो के लोगों को अपने घर खाली करने का आदेश दिया गया है। अमेरिकी वन सेवा के अधिकारियों ने चेतावनी दी कि आग के अनियमित फैलाव के कारण लोगों को अपने इलाके की बदलती स्थिति पर ध्यान रखना चाहिए। रिपोर्ट में अधिकारियों ने बताया कि इलाके में गर्मी और सूखा मौसम बुधवार से सप्ताह के अंत तक बना रह सकता है, इसलिए आग पर काबू पाने के लिए दमकलकर्मी उत्तर और दक्षिण दिशा में लगातार प्रयास करते रहेंगे। आग बुझाने के लिए 1900 से ज्यादा दमकलकर्मी तैनात हैं। इसके अलावा 40 हैंड क्रू, 115 फायर इंजन, 23 बुलडोज़र और 30 पानी के टैंकर लगाए गए हैं। इन्हें हवाई टैंकरों और हेलीकॉप्टरों की मदद भी मिल रही है।

## लंदन को गंदा कर रहे गुजराती और पंजाबी, कोर्ट में याचिका दायर, एक यूज़र ने लिखा-भारत की छवि खराब करने के लिए दूसरे की जरूरत नहीं

लंदन (ईएमएस)। लंदन की सड़कों पर तंबाकू और पान खाकर पीक थूकने वाले दागों का वीडियो वायरल हो गया। ये दाग रेनर्स लेन से नॉर्थ हैरो तक के इलाकों में देखे गए। वीडियो में कूड़ेदान, फुटपाथ और सड़कों पर गहरे लाल निशान नजर आ रहे हैं। रेनर्स लेन के लोगों का कहना है कि पान और चबाने वाले तंबाकू की दुकानों के आसपास ये दाग ज्यादा दिखाई दे रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नॉर्थ हैरो में नई पान की दुकान के खिलाफ लोगों ने याचिका दायर की है। उन्हें चिंता है कि इससे पान चबाने और पीक थूकने की समस्या और बढ़ जाएगी। वीडियो वायरल होने के बाद कुछ लोगों ने गुस्से का इजहार किया। उन्होंने खासकर भारतीय लोगों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। एक शख्स ने टिप्पणी की, गुजराती और पंजाबी लोग यूके में परेशानी पैदा कर रहे हैं। एक अन्य ने लिखा कि भारत की छवि खराब करने के लिए दूसरे लोगों की जरूरत नहीं, हमारे लोग पूरी दुनिया में ये काम कर रहे हैं। इसलिए भारतीय पासपोर्ट की गरिमा कम हो रही है।

# भारतीय क्रिकेट टीम अब सितंबर से एशिया कप के साथ ही मैदान में उतरेगी

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम का इंग्लैंड दौरा सीरीज में 2-2 की बराबरी के साथ समाप्त हो गया है। अब भारतीय टीम को अगले एक महीने से ज्यादा समय तक एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलना है। भारतीय टीम को अब अगस्त-सितंबर में बांग्लादेश जाना था पर ये दौरा रद्द को गया है। ऐसे में अब टीम इंडिया सीधे सितंबर में टी20 एशिया कप 2025 में उतरेगी।

भारतीय टीम 10 सितंबर को भारतीय टीम दुबई के मैदान पर यूएई की टीम से खेलेगी। वहीं टूर्नामेंट में भारतीय टीम का दूसरा मैच पाकिस्तान से है, जो रविवार 14 सितंबर को खेला जाएगा और फिर शुक्रवार 19 सितंबर को भारतीय टीम ओमान से भिड़ेगी। इसके बाद सुपर 4 के मैच होंगे। इसके बाद भारतीय टीम को अपनी ही धरती पर टेस्ट सीरीज जिसमें घर पर वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज है।



इंडिया और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट सीरीज 2 अक्टूबर से शुरू होगी और फिर भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाएगी, जहां 3 एकदिवसीय और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भारतीय टीम खेलेगी। अक्तूबर और नवंबर के महीने में इस सीरीज का आयोजन होगा। वहीं, घर पर नवंबर में दक्षिण अफ्रीका की टीम से भारत को खेलना है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दो टेस्ट, 3 वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे, जो नवंबर से दिसंबर तक आयोजित होंगे। नए साल में न्यूजीलैंड की टीम भारत दौरे पर आएगी, जिसमें पांच टी20 और 3 एकदिवसीय मैच का कार्यक्रम हैं।

एशिया कप ग्रुप स्टेज (9-19 सितंबर 2025)

भारत बनाम यूएई - बुधवार, 10 सितंबर को दुबई में

भारत बनाम पाकिस्तान - रविवार, 14 सितंबर को दुबई में

भारत बनाम ओमान - शुक्रवार, 19 सितंबर को अबूधाबी में

एशिया कप सुपर 4 के मैच (अगर टीम आगे पहुंची तब)

भारत बनाम वेस्टइंडीज घरेलू सीरीज

2-6 अक्टूबर, 2025 – पहला टेस्ट – अहमदाबाद में

10-14 अक्टूबर, 2025 – दूसरा टेस्ट – दिल्ली में

भारत और ऑस्ट्रेलिया सीरीज

19 अक्टूबर, 2025 – पहला वनडे – पर्थ में

23 अक्टूबर, 2025 – दूसरा वनडे – एडिलेड में

25 अक्टूबर, 2025 – तीसरा वनडे – सिडनी में

29 अक्टूबर, 2025 – पहला टी20 मैच – कैनबरा में

31 अक्टूबर, 2025 – दूसरा टी20 मैच – मेलबर्न में

2 नवंबर, 2025 – तीसरा टी20 मैच – होबार्ट में

6 नवंबर, 2025 – चौथा टी20 मैच – गोल्ड कोस्ट में

8 नवंबर, 2025 – पांचवां टी20 मैच – ब्रिस्बेन में

भारत और दक्षिण अफ्रीका घरेलू सीरीज

14-18 नवंबर, 2025 – पहला टेस्ट – कोलकाता में

22-26 नवंबर, 2025 – दूसरा टेस्ट – गुवाहाटी में

30 नवंबर, 2025 – पहला वनडे – रांची में

3 दिसंबर, 2025 – दूसरा वनडे – रायपुर में

6 दिसंबर, 2025 – तीसरा वनडे – विशाखापत्तनम में

9 दिसंबर, 2025 - पहला टी20 मैच - कटक में

11 दिसंबर, 2025 - दूसरा टी20 मैच - न्यू चंडीगढ़ में

14 दिसंबर, 2025 - तीसरा टी20 मैच - धर्मशाला में

17 दिसंबर, 2025 - चौथा टी20 मैच - लखनऊ में

19 दिसंबर, 2025 - 5वां टी20 मैच - अहमदाबाद में

## सिराज सेना देशों में सबसे अधिक विकेट लेने वाले एशियाई गेंदबाजों में शामिल



मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज अब दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड (सेना) देशों में सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले एशियाई गेंदबाजों में शामिल हो गये हैं। सिराज ने ये उपलब्धि इंग्लैंड में अंतिम टेस्ट में पांच विकेट लेने के साथ ही अपने नाम की है। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाजों शोएब अख्तर, इमरान खान और वकार यूनुस का रिकार्ड तोड़ दिया। तीनों ने सेने देशों में टेस्ट मैचों में जीत में तीन-तीन बार पांच विकेट हॉल लिए थे।

अब तक सिराज ने सेना देशों में टेस्ट जीत के दौरान चार बार पांच विकेट लिए हैं। इससे पहले इस सूची में भारत के ही जसप्रीत बुमराह और पाकिस्तान के वसीम अकरम सबसे आगे थे, जिन्होंने पांच-पांच बार यह उपलब्धि हासिल की थी। बुमराह और अकरम दोनों ही इस मामले में संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं। ओवल टेस्ट में सिराज ने कुल 9 विकेट अपने नाम किए, जिसमें दूसरी पारी का शानदार पांच विकेट हॉल भी शामिल था। उनके शानदार प्रदर्शन से भारत ने इंग्लैंड को 6 रनों से हराया और पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 2-2 से बराबरी पर रही। इस मैच में सिराज को उनके ऑलराउंड गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवार्ड भी मिला।

# एशिया कप के लिए अगस्त के तीसरे सप्ताह में हो सकता है टीम चयन

मुम्बई (ईएमएस)। एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का चयन इसी माह के तीसरे हफ्ते में होने की संभावना है। एशिया कप सितंबर में यूएई में खेला जाएगा। एशिया कप के लिए यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ी भी चयन की दौड़ में शामिल हैं। यशस्वी और शुभमन व्यस्त कार्यक्रम के कारण पिछले कुछ टी20 मैचों में नहीं खेले हैं पर ये दोनो ही इस टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने टीम चयन के दौरान सभी विकल्प खुले रखे हैं। भारतीय टीम अगर 28 सितंबर को होने वाले एशिया कप के फाइनल के लिए क्वालीफाई करती है तो उसके एक सप्ताह के बाद उसे वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज खेलनी है जिसका भी ध्यान रखना होगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट अहमदाबाद में दो अक्टूबर से खेला जाएगा।

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा , पांच सप्ताह का ब्रेक है और क्रिकेट नहीं होने के कारण संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन के बावजूद इन इनको टीम में जगह मिलनी चाहिए। एशिया कप में 21 दिनों में अगर कोई फाइनल तक खेलता है तो छह टी20 मैच होंगे और ऐसे में काम का अधिक बोझ नहीं है पर एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय टीम चयन की अनुमति मिलने के बाद चयनकर्ता सभी विकल्पों पर काम करेंगे।

यूएई की पिचों और छह महीने में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए यशस्वी , शुभमन और सुदर्शन को शीर्ष क्रम में जगह मिल सकती है हालांकि सबसे बड़ा मामला तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की उपलब्धता को लेकर है। दोनों गेंदबाजों को विभिन्न प्रारूपों के काम के बोझ के बाद सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया गया है और चयन बैठक से पहले इसकी फिटनेस का आंकलन होगा। उसके बाद ही इनके नामों पर विचार किया जाएगा

### एशिया कप में बदलावों के साथ उतर सकती है भारतीय टीम

भारतीय क्रिकेटर टीम अब अगले माह 10 सितंबर से सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में एशिया कप में खेलती दिखेगी। इस सीरीज में भारतीय टीम में कई बदलाव भी दिखेंगे। टी20 प्रारुप में होने वाले एशिया कप में जहां विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन की वापसी हो सकती है। वहीं हर्षित राणा सहित कुछ खिलाड़ियों को बाहर किया जा सकता है। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारतीय टीम ने पिछली टी20 सीरीज इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ जनवरी-फरवरी में खेली थी। तब टीम में शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह नहीं थे। वहीं अब एशिया कप में इनके खेलने की उम्मीद है। ऐसे में अगर इन खिलाड़ियों को एशिया कप के लिए शामिल किया गया तो टीम काफी बेहतर हो जाएंगी।

भारतीय टीम ने जब पिछली बार टी20 सीरीज इंग्लैंड के खिलाफ खेली थी तब टीम में अधिकतर युवा खिलाड़ी शामिल थे। टीम की कप्तानी सूर्यकुमार जबकि उपकप्तानी अक्षर पटेल के पास थी। वहीं अब अनुमान है कि इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद शुभमन गिल और मोहम्मद सिराज टी20 टीम में वापसी करेंगे। इसके अलावा अगर जसप्रीत बुमराह फिट होते हैं तो उनका भी खेलना तय है। इसके अलावा यशस्वी जायसवाल और कुलदीप यादव को भी टीम में जगह मिल सकता है। अगर सिराज और बुमराह टीम में लौटते हैं तो हर्षित राणा और मोहम्मद शमी को बाहर होना पड़ेगा। वहीं कुलदीप यादव को रवि बिश्नोई की जगह मिल सकती है।

संभावित भारतीय टीमः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल (उप कप्तान) वॉशिंगटन सुंदर, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, ध्रुव जुरेल/जीतेश शर्मा।

# बुमराह के बिना भी जीत सकती है भारतीय टीम : हैडिन

नई दिल्ली (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ब्रेड हैडिन ने भारतीय युवा टीम विशेषकर तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की जमकर प्रशंसा की है। हैडिन ने कहा कि सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में काफी अच्छी गेंदबाज की है। हैडिन के अनुसार भारतीय युवा टीम` ने साबित कर दिया है कि वह मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना भी वह जीत सकती है। हैडिन ने कहा कि बुमराह एक भी टेस्ट नहीं जिता पाए। साथ ही कहा कि सिराज ने इस सीरीज में गेंदबाजी गेंदबाजी आक्रमण की कमान संभालते हुए दिखाया है कि उनमें नेतृत्व क्षमता भी है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कहा, भारतीय टीम ने अंतिम टेस्ट जीतकर सीरीज में 2-2 से वापसी कर साबित किया है कि वह बुमराह के बिना भी खेल सकती है। साथ ही कहा कि भारत में कई प्रतिभाशाली क्रिकेटर है। सिराज की प्रशंसा करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि सिराज आक्रामक भूमिका निभा सकते हैं। वह उन खिलाड़ियों में हैं जो बड़े मैचों में गेंदबाजी की जिम्मेदारी लेना चाहते हैं। उन्होंने गलतियां भी कीं पर वह अवसरों का फायदा उठाने में पीछे नहीं रहते। साथ ही कहा कि अगर आपके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो गलती करने से नहीं डरते, जो गेम में बने रहने के लिए विरोधी टीम को दबाव में ला सकते हैं तो आप वैसे खिलाड़ियों को जरूर चाहेंगे।'

सिराज को लेकर उन्होंने कहा, वह खेल के अंतिम घंटे में गेंद अपने हाथ में चाहता था। वह हर ओवर मैच जीतने के लिए गेंद फेंक रहा था। उसने कैच छोड़ा। वह खराब था। अगर वह उस कैच को पकड़ लेता तो भारतीय टीम को आसान जीत मिल जाती। उन्होंने सीरीज में कुल 23 विकेट झटके जो दोनों टीमों के गेंदबाजों में सबसे ज्यादा है। बुमराह दूसरा और आखिरी टेस्ट नहीं खेले और इन दोनो ही मैचों में भारतीय टीम जीती।



### सचिन ने शुभमन की जमकर प्रशंस की

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। सचिन ने कहा कि भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ जिस प्रकार की निरंतरता कप्तानी के साथ ही रन बनाने में दिखायी है वह सराहनीय है। उन्होंने अच्छी गेंदों का सम्मान करते हुए बड़ी पारियां खेलीं। शुभमन ने कप्तान के तौर पर टेस्ट सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने का सुनील गावस्कर का 732 रनों का रिकॉर्ड भी तोड़ा। अब इस मामले में शुभमन से आगे केवल ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमेन 810 रन हैं। शुभमन गिल दूसरे स्थान पर हैं हालांकि वह गावस्कर के एक टेस्ट सीरीज में 774 रनों के रिकार्ड को तोड़ने में विफल रहे। उनकीकप्तानी में भारतीय टीम इंग्लैंड से 2-2 से सीरीज बराबर करने में सफल रही है। तेंदुलकर ने कहा, 'शुभमन ने पूरी सीरीज में शानदार बल्लेबाजी की। अच्छी बल्लेबाजी के लिए सोच में स्पष्टता और रणनीति होना जरूरी है। उनकी सोच में निरंतरता बनी हुई थी जो उसके फुटवर्क में दिखी। बल्लेबाजी में उनका नियंत्रण बरकरार था। उन्होंने अच्छी गेंदों का सम्मान किया।' वहीं सचिन ने तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की सराहना करते हुए कहा, 'मुझे उनका रवैया पसंद आया। वे विकेट लें या नहीं उनका रवैया हमेशा ही एक सा रहता है।' सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में सबसे अधिक 23 विकेट लिए थे।



कनाडा में जापान की नाओमी ओसाका डब्ल्यूटीए नेशनल बैंक ओपन टेनिस में फोरहैंड शॉट लगाती हुई।

## वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका से सीरीज में भारतीय टीम को रखना होगा इन बातों का ध्यान

मुम्बई (ईएमएस)। शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम ने इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज ड्रॉ करा दी है लेकिन विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) 2027 चक्र को देखते हुए भारतीय टीम को आगे के मुकाबलों में जीत दर्ज करनी होगी। भारत को अगली टेस्ट सीरीज वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका से अक्टूबर-नवंबर में खेलनी है। ऐसे में टीम के लिए कुछ बातों को ध्यान में रखना जरुरी है। इसमें सबसे पहला तो ये है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तरोताजा रहें। बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के तीन ही मैच में हिस्सा ले पाए। बुमराह तीनों प्रारुपों में भारतीय टीम का अभिन्न अंक है। भारत को आगामी समय में एशिया कप और टी20 वर्ल्ड कप जैसे व्हॉइट बॉल टूर्नामेंट भी खेलने हैं। ऐसे में गिल-गंभीर बुमराह को टेस्ट क्रिकेट के लिए कैसे तरोताजा रखना है इस बात का ध्यान कप्तान और कोच को रखना होगा। इसके अलावा दूसरा ये है कि लिए नंबर तीन पर किये उतारा जाएगा। इस बात का भी ध्यान रखना होगा। इंग्लैंड दौरे पर साई सुदर्शन और करुण नायर को नंबर-3 पर खेलने का मौका मिला पर दोनो ही सफल नहीं रहे। साई सुदर्शन ने 6 पारियों में 23.33 की औसत के साथ 140 रन बनाये। वहीं करुण नायर ने 8 पारियों में 25.62 की औसत के साथ 205 रन बनाए। इस दौरान दोनों बल्लेबाज 1-1 पर अर्धशतक ही लगा पाये। इसके अलावा किस स्पिनर को रखा जाये ये भी तय करना होगा। तीसरा सवाल किस ऑलराउंडर को रखे इसको लेकर है। इसके अलावा चौथा सवाल स्पिनर को लेकर है। रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर को उनकी बल्लेबाजी के कारण इंग्लैंड दौरे पर अवसर मिला, मगर भारत को वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी धरती पर सीरीज खेलनी है।

# पाक के लिए भारत से मुकाबला करना बेहद मुश्किल : राशिद लतीफ़

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ़ ने कहा है कि भारतीय टीम के खिलाफ 14 सितंबर को होने एशिया कप मुकाबले में पाकिस्तान की राह बेहद कठिन है। राशिद के अनुसार भारतीय टीम अभी अपने शीर्ष स्तर पर है, ऐसे में पाकिस्तान को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। लतीफ ने कहा, 14 सितंबर को एक मजबूत भारतीय टीम के खिलाफ खेलना पाकिस्तान के लिए बहुत मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार के खराब दौर से पाक टीम गुजर रही है, उसमें वह ये ही उम्मीद कर सकते हैं कि टूर्नामेंट ठीक से आगे बढ़े।



इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि हाल के दिनों में पाक का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। इसी कारण टीम की तैयारियों की कड़ी आलोचना हो रही है। उन्होंने कहा, हमारी क्रिकेट पिछले कुछ समय से हवाबाजी में चल रही है। हमे बांग्लादेश और वेस्टइंडीज जैसी टीमों से हार का सामना करना पड़ा है। हम ऐसे मैच जो हमें कभी नहीं हारने चाहिए थे। हमारा कप्तान अच्छा हो सकता है पर तीनों प्रारुपों में समन्वय बिठाना आसान नहीं है। हमारे पास प्रतिभा है पर हम अभी तक सही फैसले नहीं ले पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पाक को बांग्लादेश और वेस्टइंडीज की दूसरी श्रेणी की टीम के खिलाफ भी हार मिली है जिससे एशिया कप जैसे उच्च दबाव वाले टूर्नामेंट के लिए उनकी तैयारी पर भी सवाल उठना तय हैं।

# शुभमन, सिराज सहित पूरी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया : गंभीर

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे में शानदार प्रदर्शन के बाद स्वदेश लौट आई है। दिल्ली पहुंचने पर टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कप्तान शुभमन गिल की जमकर प्रशंसा की। इसके अलावा उन्होंने का कि इस दौरे में सभी ने अच्छा खेला इसलिए ये कहना संभव नहीं है कि किस खिलाड़ी ने सबसे अच्छा खेला। इस दौरे में शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने अंतिम टेस्ट जीतकर सीरीज 2-2 से बराबर कराई। शुभमन ने इस दौरे में 700 से अधिक रन बनाये। गंभीर ने कहा, मुझे लगता है कि शुभमन ने शानदार काम किया है, मैं यही कह सकता हूं और वह भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा प्रदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने साथ ही कहा, हम वाकई बहुत खुश हैं। मुझे लगता



है कि हमारे खिलाड़ियों ने पिछले दो महीनों से पांचों टेस्ट मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है। वे हर तरह की तारीफ के अधिककारी हैं।गंभीर ने साथ ही कहा कि किसी एक खिलाड़ी का नाम लेना मुश्किल है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मोहम्मद सिराज का प्रदर्शन शानदार रहा है पर केवल उन्होंने और शुभमन ने ही नहीं, बल्कि पूरी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। मुझे लगता है कि पिछले दो महीनों में सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। सिराज ने इस दौरे पर कुल 23 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह ने तीन मैचों में ही 14 विकेट ले लिए। इसके अलावा केएल राहुल और रविंद्र जडेजा ने भी काफी अच्छी बल्लेबाजी की।

### अब अपने अनुसार मैचों का चयन नहीं कर सकेंगे स्टार खिलाड़ी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अब आने वाली सीरीज में खिलाड़ियों को अपने अनुसार मैचों का चयन करने का अवसर नहीं देगा। अभी स्टार खिलाड़ी किसी भी सीरीज के पूरे मैच नहीं खेलते हैं। वह अपने अनुसार तय करते हैं कि कौन सा मैच खेलना है और कौन सा नहीं। वहीं मुख्य कोच गौतम गंभीर इस प्रकार की स्टार संस्कृति को पसंद नहीं करते हैं। ऐसे में इंग्लैंड से सीरीज 2–2 से ड्रॉ कराने के बाद गंभीर और चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर अब चाहेंगे कि टीम ऐसी बने जिसमें सभी को बराबरी का महत्व मिले। ये भी अटकलें हैं कि चयन समिति, गंभीर और बोर्ड अधिकारी कार्यभार प्रबंधन के नाम पर खिलाड़ियों के मर्जी से मैच और सीरीज खेलने के चलन पर रोक लगाने को लेकर सहमत हैं। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा ,'इस पर बात हुई है और केंद्रीय अनुबंध प्राप्त खिलाड़ियों को बता दिया गया है, उनको जो सभी प्रारूपों में नियमित खेलते हैं कि भविष्य में अपनी मर्जी से मैच चयन का कल्चर नहीं चलेगा।' इस अधिकारी ने कहा ,'इसका ये अर्थ नहीं हैं कि कार्यभार प्रबंधन पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। तेज गेंदबाजों का कार्यभार प्रबंधन जरूरी है पर इसका बहाना कर खिलाड़ी बड़े मैचों से बाहर नहीं रह सकते।' इंग्लैंड के खिलाफ मोहम्मद सिराज ने पांच टेस्ट में 185 ओवर किये। इसके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा और आकाश दीप के प्रदर्शन ने साबित कर दिया कि बड़े से बड़े सितारे भी खेल से बढकर नहीं हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भी कई दिक्कतों के बावजूद चौथे टेस्ट तक काफी लंबे स्पैल किये। इससे तय है कि खिलाड़ी अगर चाहें तो वे कुछ दिक्कतों के बाद भी खेल सकते हैं।

## द हंड्रेड क्रिकेट लीग के दौरान मैदान में आयी लोमड़ी को देखकर हैरान हुए लोग

लंदन (ईएमएस)। यहां खेली जा रही द हंड्रेड क्रिकेट लीग में उस समय तभी लोग हैरान रह गये जब एक लोमड़ी मैदान में आकर उछलकूद करने लगी। इसके कारण मैच भी रुक गया जो उसके बाहर जाने के बाद ही दोबारा शुरु हो पाया। ये मैच ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान में खेला जा रहा था। ये मैच लंदन स्पिरिट और ओवल इनविंसिबल्स के बीच खेला जा रहा था। मैच के दौरान ही लंदन स्पिरिट के तेज गेंदबाज डैनियल वॉरॅल जैसे ही गेंद फेंकने निकले। एक लोमड़ी अचानक ही मैदान पर आ गई। उस समय इनविंसिबल्स को जीत के लिए 72 रन और चाहिए थे। मैदान पर आई ये लोमड़ी तेजी से दौड़ने लगी। लोमड़ी के करतब देख प्रशंसक भी खुश होकर तालियां बजाने लगे।

यहां तक कि कमेंटेटर स्टुअर्ट ब्रॉड और इयोन मॉर्गन भी हंसने लगे। ये दोनो लोमड़ी की हर हरकत पर नजर रखे हुए थे। स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट ने इस पल को की एक क्लिप ऑनलाइन शेयर कर दी, इसके बाद ये वीडियो जमकर वायरल होने लगा। लोमड़ी अंत में दौड़कर बाउंड्री के पास पहुंकर बाहर निकल गई। इसके बाद ही फिर मैच शुरू हो पाया। इस मैच में लंदन की टीम केवल 80 रन ही बना पायी। वहीं ओवल की टीम ने 69 गेंदों में 81 रन बनाए और 6 विकेट से ये मुकाबला जीत लिया।

## शुगर डेडी के जरिये किसी पर तंज नहीं किया : चहल

मुंबई (ईएमएस)। क्रिकेटर युजवेंद्र चहल हाल ही में अपनी टीशर्ट पर लिखे "बी योर ओन शुगर डैडी" वाली बात को लेकर सोशल मीडिया में काफी वायरल हुए हैं। ये टी शर्ट उन्होंने अपनी तलाक की अंतिम सुनवाई पर पहनी थी। इसके बाद से ही कहा जाने लगा कि इससके जरिये चहल ने अपनी पूर्व पत्नी धनश्री वर्मा को ताना मारा है। वहीं अब चहल ने साफ कर दिया कि इसमें ऐसी कोई बात नहीं थी। वह केवल एक संदेश देना चाहते थे। उन्होंने कहा,"मुझे ड्रामा नहीं करना था, मैं बस एक संदेश देना चाहता था और मैंने वो दे दिया." चहल ने कहा, "क्योंकि दूसरी तरफ से कुछ हुआ था, और शुरू में मेरा कुछ करने का इरादा नहीं था पर जब वो हुआ, तो मैंने कहा, अब तुम संभालो। मुझे अब किसी की परवाह नहीं है मैंने किसी को ताना नहीं मारा, मैं बस एक संदेश देना चाहता था।" चहल ने कहा कि वह सलाह दे रहे थे कि अब सबकुछ समाप्त होने का पल है न कि बेवजह बहस का। गौरतलब है कि धनश्री वर्मा और चहल की शादी साल 2020 में हुई थी। दोनों ने 20 मार्च 2025 को आधिकारिक रूप से तलाक ले लिया। चहल और धनश्री दोनों ने अपने अलगाव की पुष्टि करते हुए एक संयुक्त बयान जारी किया था और दोनों में किसी ने अलग होने का कारण नहीं बताया था। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार इन दोनो के तलाक का कारण रहने को लेकर था। शादी के बाद भी चहल अपने माता-पिता के साथ हरियाणा में रह रहे थे पर धनश्री चाहती थी कि मुंबई चले जायें जो चहल को पसंद नहीं था। चहल केवल काम के सिलसिले में ही मुम्बई आते थे। हालांकि इस दावे की दोनो में से किसी ने भी पुष्टि नहीं की थी।

## विराट के बचपन के कोच राजकुमार से लेते हैं कोचिंग

दिल्ली प्रीमियर लीग में अपने पहले ही मैच में उद्धव की शानदार गेंदबाज

नई दिल्ली (ईएमएस)। पहली बार दिल्ली प्रीमियर लीग में खेल रहे गेंदबाज उद्धव मोहन ने अपने पहले ही मैच में 5 विकेट लेकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। उद्धव ने पुरानी दिल्ली 6 की ओर से खेलते हुए आउटर दिल्ली वॉरियर्स के खिलाफ मुकाबले में 5 विकेट लिए हालांकि इसके बाद भी उनकी टीम मुकाबला हार गयी। उन्होंने डेब्यू मैच में ही आधी विरोधी टीम को आउट कर दिया। इस मुकाबले में आउटर दिल्ली ने पुरानी दिल्ली 6 को 82 रन से हरा दिया। उद्धव मोहन ने अपनी गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया और अपने 4 ओवर के स्पैल में ही 26 रन देकर 5 खिलाड़ियों को पेवेलियन भेज दिया। उन्होंने अपनी तेज और सटीक गेंदबाजी से विरोधी टीम के बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। उद्धव की शानदार गेंदबाजी से ही पुरानी दिल्ली छह ने दिल्ली आउटर वॉरियर्स को 148 रन पर ही आउट कर दिया। इसे बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पुरानी दिल्ली टीम टीम छह विकेट पर 66 रन ही बना पायी। . उद्धव मोहन विराट कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा से कोचिंग लेते हैं। वह अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में इंडिया अंडर 19 टीम के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। उद्धव को दिल्ली प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों के ऑक्शन में पुरानी दिल्ली 6 ने 6.60 लाख की बोली लगाकर खरीदा था।

## आने वाले समय में बुमराह को एक ही प्रारुप में उतार सकता है बीसीसीआई

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आने वाले समय में केवल सीमित ओवरों में ही खेलते दिख सकते हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुमराह को फिट बनाये रखने के लिए ही उन्हें इंग्लैंड दौर में तीन टेस्ट मैचों में ही उतारा था। वहीं कई दिग्गजों का मानना है कि बुमराह के महत्व हो देखते हुए प्रबंधन और बोर्ड को तय करना होगा कि उनका बेहतर उपयोग किया प्रकार किया जाये। जिस प्रकार से इंग्लैंड दौरे में मोहम्मद सिराज, आकाशदीप और प्रसिद्ध कृष्णा ने अच्छा प्रदर्शन किया उससे तय है कि अब ये बुमराह के बिना भी भारतीय टीम को जीत दिला सकते हैं, ऐसे में अब एशिया कप, टी-20 और एकदिवसीय विश्वकप को देखते हुए बुमराह को तैयार रखने की जरुरत है। आने वाले समय में भारतीय टीम को वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज खेलनी है पर इसमें बुमराह की अधिक जरुरत नहीं है। ऐसे में उन्हें बड़े मुकाबलों के लिए बचाकर रखा जाएगा।

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'ऐसे में ये संभव है कि बुमराह को अब आने वाले समय में सफेद गेंद प्रारुप ही ही अधिक ध्यान देने कहा जाये। अगले दो साल में उनके खेलने के लिए पर्याप्त टी-20 और एकदिवसीय मैचों के साथ ही आईपीएल भी है। ऐसे में सभी प्रारूपों में कुछ मैच खेलने की जगह उन्हें एक ही प्रारूप में सभी मैच खेलने देना चाहिये जिससे वह तरोताजा बने रहेंगे जिसका लाभ टीम को मिलेगा।'

## टी20 सीरीज के लिए बांग्लादेश का दौरा करेगी नीदरलैंड टीम

ढाका (ईएमएस)। नीदरलैंड की टीम एशिया कप की तैयारी के लिए इस माह के अंत में तीन टी20 मैचों की टी20 सीरीज के लिए बांग्लादेश का दौरान करेगी। इस दौरे में दोनों टीमें तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेंगी। यह सीरीज 30 अगस्त से शुरू होगी और तीनों मैच सिलहट में खेले जाएंगे। नीदरलैंड की टीम 26 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी और सीरीज शुरू होने से पहले तीन दिन प्रशिक्षण मिलेगी।

पहला टी20 मैच 30 अगस्त को, दूसरा और तीसरा मैच 1 और 3 सितंबर को होगा, ये सभी मैच सिलहट के एसआईसीएस स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह सीरीज 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप से पहले बांग्लादेश की तैयारियों के लिए अहम मानी जा रही है। नीदरलैंड ने इससे पहले 2014 टी20 विश्व कप के दौरान भी बांग्लादेश में खेला है। दोनों ही टीमों ने अब तक एक-दूसरे के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल हैं। जिनमें से चार में बांग्लादेश की टीम जीती है। साल 2012 में नीदरलैंड ने दो मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए बांग्लादेश की मेजबानी की थी। दोनों टीमों के बीच पिछली बार आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में भी मुकाबला हुआ था तब उसमें डच टीम को हार का सामना करना पड़ा था।

## लिटन की कप्तानी में एशिया कप में उतरेगी बांग्लादेश

ढ़ाका (ईएमएस)। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सितंबर में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले एशिया कप के साथ ही नीदरलैंड के खिलाफ इसी माह होने वाली टी20 सीरीज के लिए 25 संभावित खिलाड़ियों के नामों की घोष्णा की है। इस टीम में तीन साल के बाद नुरुल हसन की भी वापसी हुई है। नुरुल ने अपना अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच साल 2022 में खेला था। डच टीम 26 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी। डच टीम बांग्लादेश दौरे पर तीन टी20 मैच खेलेगी। ये मैच 30 अगस्त, 1 सितंबर और 3 सितंबर को खेले जाएंगे। नूरुल को जहां अवसर मिला है। वहीं एक अन्य खिलाड़ी मोसद्देक हुसैन को अवसर नहीं मिला। उन्हें ए टीम के दौरे के लिए भी नहीं चुना गया। इस टूर्नामेंट के बाद बांग्लादेश ए टीम दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार दिवसीय मैच खेलेगी। ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज को आगामी एशिया कप के लिए बनाये रखा गया है हालांकि, उनका टी20 प्रारुप में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। मिराज हाल ही में श्रीलंका के टी20 दौरे और पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू और विदेशी सीरीज में प्रभावित नहीं कर पाये थे।

# टमाटर ने रुलायाः भारी बारिश से टमाटर फसल को नुकसान, 120 रुपए प्रति किलो तक पहुंचे दाम

टमाटर ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। बीते दिनों टमाटर की कीमतों में भारी इजाफा हुआ है। इसकी वजह टमाटर उत्पादक इलाकों में भारी बारिश से इसकी फसल को नुकसान होना मानी जा रही है। टमाटर कारोबारी और उत्पादकों की मानें तो फिलहाल इसकी कीमतों से राहत मिलना मुश्किल है। सस्ते टमाटर के लिए ग्राहकों को कम से कम एक महीने का इंतजार करना पड़ सकता है।



## खुदरा बाजार में कितना महंगा हुआ टमाटर?

दिल्ली के खुदरा बाजारों में टमाटर 80 से 100 रुपए किलो बिक रहा है। महीने भर पहले टमाटर के खुदरा भाव 40 से 60 रुपए किलो थे। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक देश भर के खुदरा बाजारों में टमाटर के अधिकतम भाव 120 रुपए किलो तक हैं, जबकि इसकी औसत कीमत 50.88 रुपए किलो है। महीने भर पहले यह कीमत 39.3 रुपए किलो थी। इस तरह महीने भर में टमाटर के औसत खुदरा भाव करीब 27 फीसदी चढ़ चुके हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस दौरान महाराष्ट्र में टमाटर के औसत भाव 38.37 रुपए से बढ़कर 48.37 रुपए, मध्य प्रदेश में 38.7 रुपए से बढ़कर 52.34 रुपए और उत्तर प्रदेश में 38.78 रुपए से बढ़कर 63.5 रुपए और दिल्ली में 53 रुपए से बढ़कर 73 रुपए किलो हो चुके हैं।

## मंडियों में भी टमाटर हुआ लाल

महीने भर में मंडियों में टमाटर की थोक कीमतों में अच्छी खासी तेजी देखने को मिली है। महाराष्ट्र की नारायणगांव मंडी में टमाटर के थोक भाव बीते एक माह के दौरान 750 से 2,500 रुपए से बढ़कर 2,500 से 5,000 रुपए क्विंटल और दिल्ली की आजादपुर मंडी में ये भाव 600 से 3,600 रुपए से बढ़कर 1,200 से 5,000 रुपए क्विंटल हो चुके हैं। इस दौरान नारायणगांव मंडी में टमाटर की मॉडल थोक कीमत 2,000 रुपए से बढ़कर 4,000 रुपए क्विंटल हो गई है। मॉडल कीमत वह होती है, जिस पर किसी भी जिंस की अधिकतम बिक्री होती है।

## आखिर क्यों महंगा हो रहा है टमाटर?

भारतीय सब्जी उत्पादक संघ के अध्यक्ष श्रीराम गाढवे ने बताया कि इस साल टमाटर उत्पादक इलाकों में जून-जुलाई महीने में खूब बारिश हुई है। जिससे इसकी फसल को भारी नुकसान हुआ है। ऐसे में इस समय आने वाले टमाटर की फसल 30 से 40 फीसदी कम है। यही कारण है कि टमाटर के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। दिल्ली आजादपुर मंडी में टमाटर के कारोबारी अशोक कौशिक ने कहा कि बारिश से टमाटर की फसल को नुकसान के कारण मंडियों में टमाटर की आवक कम हो रही है। इससे टमाटर के भाव बढ़े हैं। जिंसों के दाम और आवक पर नजर रखने वाली एजेंसी एगमार्कनेट के मुताबिक मंडियों में जून में 4.55 लाख टन टमाटर की आवक हुई, जो जुलाई में घटकर 4.16 लाख टन रह गई। जुलाई में कर्नाटक में टमाटर की आवक 35 फीसदी गिरकर करीब 82 हजार टन रह गई। महाराष्ट्र में भी आवक में कमी दर्ज की गई।

## कब मिलेगी टमाटर की महंगाई से राहत?

जानकारों के मुताबिक फिलहाल टमाटर की महंगाई से राहत मिलना मुश्किल है। लेकिन अगले महीने से टमाटर के दाम घटने लगेंगे। कौशिक ने कहा कि इस समय मंडी में महाराष्ट्र और बेंगलूरु से टमाटर की आवक हो रही है और बाकी जगह से बहुत कम टमाटर आ रहा है। अगले कुछ दिनों में टमाटर की आवक बढ़ने की संभावना भी नहीं है। हालांकि 20 अगस्त के बाद नई फसल आने की संभावना है। अगर बारिश से आगे नुकसान नहीं हुआ तो नई फसल से टमाटर की कीमतों में वृद्धि पर अंकुश लग सकता है और अगले महीने से टमाटर के दाम गिरने लगेंगे।

# आधार में हेरफेर कर झूठे क्लेम से मोटी रकम निकाल रहे धोखेबाज

**नई दिल्ली, (ईएमएस)।** भारत में बीमा क्षेत्र में आधार कार्ड का दुरुपयोग कर होने वाली धोखाधड़ी एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। शातिर धोखेबाज अब आधार से जुड़ी प्रक्रियाओं में हेरफेर करके फर्जी पहचान बनाते हैं और झूठे क्लेम से मोटी रकम निकाल रहे हैं। इसके लिए अपराधी जाली या बदले हुए आधार कार्ड का इस्तेमाल करके नकली पहचान बना लेते हैं। इस नकली पहचान का उपयोग करके वे जीवन, स्वास्थ्य और वाहन बीमा जैसी पॉलिसियां खरीदते हैं। आधार से जुड़े फोन नंबर और ईमेल आईडी अक्सर असली पॉलिसीधारक की जानकारी से मेल नहीं खाते हैं। कुछ गिरोह उन कमजोर लोगों को ढूंढते हैं, जो गरीबी या बीमारी से जूझ रहे हैं। वे उन्हें पैसे का लालच देकर उनकी आधार डिटेल्स लेते हैं। बीमा कंपनियों द्वारा ब्लैकलिस्ट किए गए पिन कोड से बचने के लिए धोखेबाज अपने पते बदल देते हैं। वे कम निगरानी वाले छोटे बैंकों में इन लोगों के नाम पर खाते खुलवाते हैं। फिर वे इन पॉलिसियों पर फर्जी क्लेम फाइल करते हैं, जो अक्सर 20 लाख या उससे ज़्यादा के होते हैं।



यह धोखाधड़ी आमतौर पर तब तक सामने नहीं आती, जब तक कि कोई क्लेम फाइल न हो जाए या पैसा निकाल न लिया जाए। बीमा कंपनियां और पुलिस अब इन मामलों की गहराई से जांच कर रही हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस ने इस मामले में कई बीमा कंपनियों को नोटिस भेजा है और उनकी क्लेम टीमों और इसमें शामिल अधिकारियों की जानकारी मांगी है। बीमा कंपनियां धोखाधड़ी को नियंत्रित करने के लिए इंश्योरेंस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (आईआईबी) के साथ ज़्यादा से ज़्यादा डेटा साझा कर रही हैं। यह जानकारी उन्हें संदिग्ध गतिविधियों और फर्जी क्लेम का पता लगाने में मदद करती है।

# जन-धन खाते की फिर करानी होगी केवाईसीः आरबीआई ने बैंकों को गांव जाकर फ्री में री-केवाईसी करने के निर्देश दिए

**नई दिल्लीः** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने आज 3 बदलावों की घोषणा की है। ये बदलाव जन-धन स्कीम, डेड अकाउंट होल्डर्स क्लेम और निवेश से जुड़े हैं। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की 4 से 6 अगस्त तक चली मीटिंग में इन बदलावों पर फैसला लिया गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज यानी 6 अगस्त को इसकी जानकारी दी।

## यहां 3 पॉइंट्स में समझिए आम आदमी से जुड़े बड़े बदलाव

### 1. जन धन योजना के लिए होगी री-केवाईसी

जन धन योजना के लिए विशेष अभियान जन धन योजना को 10 साल पूरे हो चुके हैं। इसके बाद बहुत से अकाउंट होल्डर्स को अपना केवाईसी अपडेट कराना है। इसे देखते हुए, आरबीआई ने बैंकों को 1 जुलाई से 30 सितंबर तक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष कैंप लगाने का निर्देश दिया है। इन कैंपों में लोग अपना री-केवाईसी करा सकेंगे, नए खाते खुलवा सकेंगे और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी भी ले सकेंगे।

किसे करानी है री-केवाईसी ?

जिन खातों को 2014-2015 में खोला गया था, उनके होल्डर्स को री-केवाईसी करानी होगी, क्योंकि इन खातों की केवाईसी वैधता 10 साल की है। अकाउंट को एक्टिव रखने के लिए ये प्रक्रिया जरूरी है। बैंक खातों को सही दस्तावेजों के साथ लिंक करने और किसी भी तरह की फ्रॉड से बचने के लिए बैंक री-केवाईसी प्रोसेस कर रहे हैं।

### 2. डेड अकाउंट होल्डर्स के क्लेम्स के लिए एक प्रोसेस

आरबीआई ने डेड अकाउंट होल्डर्स के क्लेम्स सेटलमेंट के लिए यूनिफॉर्म प्रोसेस की घोषणा की है। अभी तक, हर बैंक के नियम अलग होते थे, जिससे परिवार वालों को कंफ्यूजन, सेटेलमेंट में देरी और परेशानी होती थी। जल्द ही सभी बैंकों के लिए मृत ग्राहकों के क्लेम सेटलमेंट (दावे के निपटारे) के लिए एक जैसे नियम लागू किए जाएंगे। नॉमिनी, कानूनी वारिस या परिवार के सदस्यों के लिए एक जैसी प्रक्रिया और एक जैसे दस्तावेज होंगे। इससे बैंक में क्लेम करना और पैसे निकालना आसान हो जाएगा।

### 3. सरकारी बॉन्ड में निवेश होगा ऑटोमैटिक

आरबीआई ने रिटेल निवेशकों (आम लोगों) के लिए सरकारी बॉन्ड्स (ट्रेजरी बिल्स या T-bills) में निवेश करना सरल बना दिया है। आरबीआई के 'रिटेल डायरेक्ट' पोर्टल पर एक नया 'ऑटो-बिडिंग' फीचर जोड़ा गया है। इस फीचर से आप एक बार में ही नए और दोबारा निवेश के लिए ऑटोमैटिक बोली लगा सकते हैं। इससे आपको बार-बार मैन्युअल रूप से बोली लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। T-बिल्स में फ्रेश इन्वेस्टमेंट्स और री-इन्वेस्टमेंट्स को ऑटोमेटिक बिड्स के जरिए शेड्यूल कर सकेंगे। उदाहरण के लिए, अगर कोई इन्वेस्टर रेगुलरली T-बिल्स में निवेश करना चाहता है, तो वह इसे ऑटोमेटिक सेट कर सकता है।

# 2 साल बाद टाटा ग्रुप ला रहा नया आईपीओ, सेबी के पास दायर हुआ डीआरएचपी

टाटा ग्रुप की एक और कंपनी शेयर बाजार में एंट्री के लिए तैयार हैं। टाटा कैपिटल ने आईपीओ के लिए सेबी के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल कर दिया है। यह टाटा की प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी है। नवंबर 2023 में टाटा टेक्नोलॉजीज के आईपीओ के बाद यह लगभग दो वर्षों में टाटा समूह का पहला आईपीओ होगा। टोटल ग्रॉस लोन के हिसाब से टाटा कैपिटल भारत की तीसरी सबसे बड़ी डाइवर्सिफाय एनबीएफसी है। एनबीएफसी के लिए आरबीआई के नियमों के अनुसार, टाटा कैपिटल को सितंबर 2025 तक अपना आईपीओ लाना होगा। टाटा कैपिटल आईपीओ 21 करोड़ इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू है। इसमें बिक्री पेशकश का कंपोनेंट शामिल है। डीआरएचपी के अनुसार, प्रोमोटर टाटा संस 23 करोड़ इक्विटी शेयरों का विनिवेश करेगा। जबकि इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन 3.58 करोड़ शेयरों की बिक्री करेगा। कुल मिलाकर आईपीओ में 47.58 करोड़ शेयर पेशकश के लिए रखें जाएंगे। वहीं, टाटा कैपिटल आईपीओ का प्राइस बैंड और डेट की घोषणा अभी नहीं हुई है। कंपनी जल्द ही इनका ऐलान कर सकती है।

# गौतम अदाणी ने छोड़ा एग्जीक्यूटिव चेयरमैन का पद, मनीष केजरीवाल बने नए डायरेक्टर

सेंसेक्स 166 अंक गिरकर 80,544 पर बंदःनिफ्टी भी 75 अंक फिसला; एनएसई के फार्मा, हेल्थकेयर और रियल्टी इंडेक्स 2% टूटे

मुंबई

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार, 6 अगस्त को सेंसेक्स 166 अंक गिरकर 80,544 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 75 अंक की गिरावट रही, ये 24,574 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 11 में तेजी और 19 में गिरावट रही। एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बीईएल के शेयरों में तेजी रही। सनफार्मा, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस और टीसीएस के शेयर्स 2.5% तक गिरे। निफ्टी के 50 शेयरों में से 13 में तेजी और 37 में गिरावट रही। एनएसई का फार्मा इंडेक्स सबसे ज्यादा 2.03% गिरा। इसके अलावा, निफ्टी हेल्थकेयर 1.78%, आईटी 1.74%, रियल्टी 1.51% और मीडिया 1.18% गिरकर बंद हुए। पीएसयू बैंकिंग में 0.58% की मामूली तेजी रही।

**एशियाई बाजार में मिलाजुला कारोबार, अमेरिकी में गिरावट**

एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.60% ऊपर 40,802 के स्तर पर और कोरिया का कोस्पी 0.0044% चढ़कर 3,198 पर बंद हुआ।

हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.033% ऊपर 24,911 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.45% चढ़कर 3,634 पर बंद हुआ।

5 अगस्त को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.14% गिरकर 44,111 पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 0.65% नीचे 20,916 पर और S&P 500 0.49% ऊपर 6,299 पर बंद हुए।

## सोना 1,00,452 प्रति 10 ग्राम के ऑलटाइम हाई परःइस साल अब तक 24,290 महंगा हुआ

नई दिल्लीः सोने के दाम आज यानी 6 अगस्त को अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 376 रुपए बढ़कर 1,00,452 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले सोने का भाव 1,00,076 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत 1,063 रुपए बढ़कर 1,13,485 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,12,422 रुपए पर थी। वहीं, 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था।

### 4 महानगरों में सोने की कीमत

**दिल्लीः** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,480 व 22 कैरेट सोने की कीमत 93,950

**मुंबईः** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800


**कोलकाताः** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800

**चेन्नईः** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 4 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

## दैनिक पंचांग

**7 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.19 बजे से |
| चंद्र | धनु में | कन्या | 08.31 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 10.42 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 12.57 ब.से |
| गुरु | मिथुन में | धनु | 15.13 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | मकर | 17.18 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 19.04 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 20.37 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 22.08 बजे से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | वृष | 23.48 बजे से |
| | | मिथुन | 01.46 बजे से |
| | | कर्क | 03.59 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 219 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ला
**तिथि** त्रयोदशी 14.28 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 14.01 बजे को समाप्त।
**योग** विष्कुम्भ 06.42 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 14.28 बजे तदनन्तर गर 02.25 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 13.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 16° 24'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872429
**जूलियन दिन** 2460894.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सफर
**तारीख** 12

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक | |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक | |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक | |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक | |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 7370

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | | 6 | 7 |
| 8 | | 9 | | 10 | | 11 | | |
| | 12 | | 13 | | 14 | | 15 | |
| 16 | | 17 | | 18 | | 19 | | 20 |
| 21 | 22 | | 23 | | 24 | | 25 | |
| 26 | | 27 | | 28 | | 29 | | |
| | 30 | | 31 | | 32 | | 33 | |
| 34 | | 35 | | 36 | | 37 | | 38 |
| 39 | | | 40 | | | | 41 | |

**बाएँ से दाएँ**
1. अधिकार-2
3. समुद्र, दरिया-3
6. आनंद, रस-2
8. दबाना, कुचलना-3
10. गुंडा, बदमाश-3
12. पासों से भविष्य जानना-3
14. नाप जोख करना-3
17. जलजला-3
19. असफल-3
21. मगन, रत-2
23. व्यक्ति, जीव-3
25. सम्राट, नरेश-2
26. कार्य करने वाला-3
28. उपनदी, कैनाल-3
30. मां का प्रेम-3
32. पढ़ना, अध्ययन-3
35. पक्षाघात, फालिज-3
37. सेनापति-3
39. दूल्हा, वरदान-2
40. पक्ष, एक ओर-3
41. भीगा हुआ

**ऊपर से नीचे**
1. सीमा, सरहद-2
2. कटि, मध्यांग-3
4. दुख, कष्ट-2
5. गमन, विदा होना-3
7. शराब का प्याला-2
9. एक नमकीन लवण-3
11. आलेप करना-3
13. बोलने का तरीका-3
15. अयोग्य, बेकार-3
16. तहजीब, तमीज-3
18. रत्न, बहुमूल्य नग-3
20. व्यंग, परिहास-3
22. मुलायम, नाजुक-3
24. कॉफी-3
27. पंकज, नीरज, जलज-3
29. निर्माण-3
31. बल, दम, जोर-3
33. नेत्र आंख-3
34. नौका-2
36. घात, प्रहार-2
38. जरा, थोड़ा-2

### शब्द पहेली -7369 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | द | न | | चा | त | क | | त |
| | र्श | | क | ल | ह | | र | वा |
| ता | न | | ह | | खा | लि | स | |
| क | | का | र | खा | ना | | भ | |
| त | री | का | | विं | | श | रा | रा |
| | मी | | अ | द | र | क | | ज |
| | से | ह | रा | | ह | | आ | न |
| जा | न | | ज | ही | न | | स | |
| म | | म | क | र | | स | न | म |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 6911

खाली स्थानों में 1 से 9 के अंक लिखकर दाएँ से एवं ऊपर से नीचे जोड़ जिसका सही उत्तर मटमैले के खानों में दिया गया है

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 27 | 20 | 14 | | 26 | 26 | 16 | 11 | |
| 19 | | 3 | | | | 5 | | 4 | 16 |
| 18 | 9 | | 7 | | 5 | | 7 | | 25 |
| 11 | | 8 | | 2 | | 3 | | 2 | 18 |
| 34 | 6 | | 7 | | 5 | | | | |
| | | | | 9 | | 3 | | 6 | 33 |
| 25 | 7 | | 6 | | 5 | | 2 | | 7 |
| 20 | | 3 | | 7 | | 8 | | 5 | 21 |
| 24 | 8 | | 4 | | | | 7 | | 19 |
| | 21 | 12 | 29 | 30 | | 16 | 22 | 20 | |

### अंकजाल 6910 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 21 | 32 | 36 | | 10 | 18 | 3 |
| 27 | 4 | 7 | 8 | 8 | | 5 | 4 | 9 |
| 22 | 2 | 7 | 5 | 8 | | 5 | 3 | 8 |
| 18 | 2 | 7 | 3 | 4 | 2 | | 6 | 7 |
| | | | 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | 7 |
| 33 | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 | | |
| 11 | 3 | 8 | | 5 | 6 | 7 | 3 | 6 |
| 11 | 4 | 5 | 2 | | 5 | 6 | 3 | 5 |
| 18 | 8 | 6 | 4 | | 6 | 8 | 7 | 5 |
| | 17 | 24 | 6 | | 35 | 35 | 13 | 1 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 5855

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | | | | |
| | 31 | | 37 | | 28 |
| 4 | | 5 | | | 1 |
| | 29 | | 40 | 7 | 34 |
| 1 | 6 | | | 3 | |
| | 32 | | 26 | 5 | 34 |
| | 5 | | 3 | | 2 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 5854 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 24 | 2 | 32 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 6 | 28 | 1 | 36 | 2 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 |
| 5 | 39 | 7 | 43 | 4 | 2 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 |

## गणित पहेली - 5215

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 55 | | 55 | | 35 | | 20 | = | 15 |
| | | | | | | | | |
| 5 | | 20 | | 75 | | 10 | = | 35 |
| | | | | | | | | |
| 23 | | 3 | | 55 | | 15 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 30 | | 45 | | 20 | = | 25 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 7 | | 8 | | 10 | | 5 | = | 85 / 10 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

### संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका पूर्णतः मेल खाता हो.

### गणित पहेली - 52

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 55 | + | 15 | - | 60 | + | 1 |
| - | | + | | - | | |
| 46 | + | 17 | - | 60 | + | 1 |
| x | | - | | + | | |
| 2 | x | 10 | + | 25 | + | 1 |
| - | | + | | - | | |
| 10 | ÷ | 5 | x | 10 | - | |
| = | | = | | = | | = |
| 8 | + | 27 | - | 15 | - | 2 |

## शब्दजाल- 6902

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | व | र | सु | चे | ता | कृ | प | ला | नी | इ |
| न | सुं | क | ज | इं | डो | ने | ह | ति | म | श्त |
| अ | ध | आ | ज | य | ल | लि | ता | ह | प | उ |
| हु | रा | ल | मा | ज | ल | स | रा | ह | इ | मा |
| ब | रा | ब | ड़ी | दे | वी | क | र | क | त्ते | भा |
| द | जे | कि | र | क | दा | का | को | ड | क | र |
| शी | मा | दे | श | व | था | र | त | म | क | ती |
| ला | दे | श | शि | न | प | य | रा | घु | व | ला |
| दी | दि | ल | क | ले | दा | र | जा | या | वी | दे |
| क्षि | ज | ति | ला | हि | द | ह | मा | द | ल | र |
| त | र | सु | ष | मा | स्व | रा | ज | त | र | म |

शब्दजाल में 'भारत की 10 महिल... के नाम' ढूंढिए. शब्द ऊपर से नी... एंव तिरछे हो सकते हैं

सुचेताकृपलानी, शशिकला, मायावती, राबड़ी देवी, सु... शीलादीक्षित, उमाभारती, वसुंधरा...

### शब्दजाल - 6901 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ते | ग | ब |
| रा | अ | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना |
| य | म | र्जु | हे | रा | दी | ना | न |
| इं | र | ब | न | म | वा | स | क |
| प | दा | ह | प्या | दा | तो | हो | दे |
| ह | स | क | प | स | स | व | व |
| द | र | न | न | ट्रे | रु | ह | र |
| क | र | रा | प | क्श | प | का | र |
| र | व | त | य | रा | हो | प | य |
| क | र | ल | प | र्जु | ज | ता | रे |
| क | ह | रि | कि | श | न | चि | त्र |

## आज का इतिहास

1986 मिजोरम को राज्य का दर्जा मिला.

1988 बंगलादेश में 200 लोगों को ले जा रही नावें डूब गयी.

1992 चीन ने अमरीका को कैदियों द्वारा निर्मित सामानों के निर्यात की जांच का समझौता किया.

1999 केंद्रीय मंत्री कल्पनाथ राय का निधन.

2001 बिहार के खगड़िया जिला में कुख्यात दस्यु सरगना सहेंद्र पहलवान ने भागलपुर जिले के दस्यु सरगना कुंदन यादव गिरोह के 22 लोग मार दिए.

2003 सर्वोच्च न्यायालय ने सरकारी कर्मचारियों के हड़ताल करने पर पाबंदी लगाई.

2003 अयोध्या के विवादित परिसर में पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) की तरफ से 12 मार्च को शुरु हुई खुदाई का काम पूरा.

2007 मैक्सिको के अरबपति दूरसंचार व्यवसायी कार्लोस स्लिम दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने.

## संक्षिप्त खबरें

### अर्जुन मुंडा ने आम्रेश्वर धाम में की पूजा-अर्चना



**खूंटीः** पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को अपनी धर्मपत्नी मीरा मुंडा के साथ जिले के प्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम और अंगराबारी में पूजा-अर्चना की। दोनों ने विधि विधान से भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मौके पर बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार और अन्य पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर अर्जुन मुंडा और उनकी धर्मपत्नी का स्वागत किया। पूजा के बाद अर्जुन मुंडा ने कहा कि बाबा आम्रेश्वर धाम की धार्मिक महत्ता अपार है। यहां आकर आत्मिक शांति का अनुभव होता है। उन्होंने राज्यवासियों के कल्याण और विकास के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मंदिर समिति के सदस्यों ने पूजा संपन्न कराई और उन्हें प्रसाद भेंट किया। मौके पर अनूप साहू, संतोष जायसवाल, आनंद राम सहित काफी संख्या में भाजपा समर्थक और प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### बागबेड़ा में स्थापित होगा शिबू सोरेन की प्रतिमा



**जमशेदपुरः** बागबेड़ा में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रतिमा को स्थापित किया जायेगा. यह निर्णय बुधवार को पंचायत प्रतिनिधियों ने लिया. पश्चिम बागबेड़ा पंचायत भवन में बुधवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी. इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने शिबू सोरेन की उपलब्धियों व उनके द्वारा किये गये कार्यों पर विस्तृत चर्चा की. मुखिया जमुना हांसदा ने बताया कि बागबेड़ा क्षेत्र में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रतिमा स्थापित होने से हमेशा उनके योगदान व कार्यों को याद किया जायेगा. वे सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे. मुखिया जमुना हांसदा, सुनील किस्कू, धनमनी मार्डी, मायावती टुडू, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, चंद्राय टुडू, सविता टुडू, नीलू देवी, आंगनबाड़ी सेविका, ग्रामीण महिला और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे.

### सांप के काटने से तीन दिन बाद बच्ची की मौत



**जमशेदपुरः** परसुडीह क्षेत्र में रहने वाली 11 वर्षीय बच्ची लक्ष्मी सिरका की जहरीले सांप कर मौत हो गई। तीन दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच जूझने के बाद आखिरकार उसने बुधवार को दम तोड़ दिया। परसुडीह थाना अंतर्गत हलुदबनी पारा टोला निवासी लक्ष्मी सिरका की सांप के डसने से मौत हो गईयह दर्दनाक घटना 3 अगस्त की रात की है, जब लक्ष्मी अपने घर में सो रही थी। उसी दौरान जहरीले करैत सांप ने उसे डस लिया। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने सांप को मार डाला और बच्ची को आनन-फानन में एमजीएम अस्पताल ले जाया गया। तीन दिनों तक अस्पताल में उसका इलाज चलता रहा, लेकिन जहर के प्रभाव से उसकी स्थिति लगातार बिगड़ती गई। चिकित्सकों की तमाम कोशिशों के बावजूद वो लक्ष्मी ने अंतिम सांस ली। बच्ची की मौत से इलाके में शोक की लहर है। सूचना मिलने पर परसुडीह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### चेशायर होम में पप्पू सरदार ने बंधवाई राखी



**जमशेदपुरः** बुधवार को सिने तारिका माधुरी दीक्षित के फैन समाजसेवी पप्पू सरदार ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुंदरनगर स्थित चेशायर होम में जाकर वहां रहने वाली विशेष बच्चियों एवं सिस्टरों से राखी बंधवाई। पप्पू सरदार ने भाई होने के नाते सभी का मुँह मीठा करवाकर उपहार दिया। इस दौरान पप्पू सरदार ने कहा की जो स्नेह ओर प्रेम उन्हें यहाँ पहुंचकर (चेशायर होम) मिलता है वो कहीं और नहीं मिलता। इन स्पेशल बच्चों को सभी त्योहारों में खुशी दें पाए यही इच्छा रहती है, ताकि ये कभी अपने आप को अकेला महसूस नहीं करें। पप्पू सरदार ने कहा कि मुझे यहां आकर इन बहनों के साथ राखी बंधवाने का आनंद ही कुछ और है। यहां पर कई बहनों ने मुझे राखी बांधी है। मेरे दोनों हाथ राखी से भर गए हैं। यह मेरा सौभाग्य है कि इतने बहनों ने मुझे राखी बांधी है। मुझे माधुरी दीक्षित ने भी राखी बांधी है। चेशायर होम की प्रमुख सिस्टर सिसली ने कहा कि हमें बेहद खुशी है की पप्पू सरदार ने आकर यहां राखी बंधवाई। उन्होंने कहा कि यहां के विशेष बच्चे पप्पू सरदार का हर त्योहार पर इंतजार करते हैं। सिस्टर ने बताया कि वर्ष 1996 से हर साल पप्पू राखी बंधवाने आते हैं।

### झारखंड में शराब की खुदरा बिक्री के लिए शराब दुकानों की बंदोबस्ती की प्रक्रिया आज से होगी शुरू

**रांचीः** राज्य में उत्पाद नीति 2025 के तहत शराब की खुदरा बिक्री के लिए दुकानों की बंदोबस्ती प्रक्रिया कल से शुरू होगी. सरकार की ओर से इससे संबंधित आदेश कल जारी की जायेगी. साथ ही दुकानों की नीलामी में हिस्सा लेने के लिए कल से वेबसाइट पर आवेदन दिया जा सकेगा. शराब की खुदरा बिक्री के लिए निर्धारित दुकानों के लिए आवेदन देने के लिए वेब साइट तैयार कर लिया गया है. लॉटरी के लिए बनाये गये वेबसाइट( exciselottery.jharkhand.gov.in ) को कल से आम लोगों के लिए खोल दिया जायेगा. इस वेबसाइट पर दुकानों से संबंधित जानकारी होगी. उत्पाद नीति के तहत शराब की खुदरा बिक्री विभिन्न जिलों के लिए निर्धारित दुकानों में होगी.

## गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, साहिबगंज में बाढ़ जैसे हालात

# गंगा से खतराः घर छोड़कर जाने के लिए लोग मजबूर

**साहिबगंजः** भारी वर्षा की वजह से गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है. जिससे वह खतरे के निशान से ऊपर बह रही है. ऐसी स्थिति में दियारा क्षेत्र, जलमग्न होने लगा है. जिले के सदर प्रखंड के दियारा क्षेत्र की टोपरा टोला छोटी जलमग्न हो चुकी है. टोपरा टोला गांव में पानी प्रवेश कर चुका है. पानी लोगों के घर तक पहुंचने लगा है।

दियारा क्षेत्र में मवेशियों के लिए चारा और खेत पानी में डूब चुके हैं. वहीं दूसरे गांव टोपरा टोला में पानी प्रवेश करने के साथ कटाव जारी है. गांव में पानी भरने से ग्रामीण दहशत में हैं. स्थिति ऐसी हो गई है कि लोग अपने घर को तोड़ने को मजबूर हैं. ताकि ईंट और छड़ को बचाया जा सके. कटाव के कारण दीवार में दरार आने से, लोग खुद ही मकानों को तोड़ रहे हैं।





### बाढ़ की आशंका के चलते लोगों ने शुरू किया पलायन!

ग्रामीणों के अनुसार, उन्होंने बड़ी मुश्किल से घर बनाया था और आज तोड़ने में दर्द हो रहा है. लेकिन क्या करे? गंगा कटाव जारी है. कभी भी घर पानी में आ सकता है. कई लोग घर छोड़कर साहिबगंज और उसके आसपास के क्षेत्र में चले गए हैं. यह क्षेत्र बिहार और पश्चिम बंगाल राज्य के अहमदाबाद में पड़ता है. कई लोग दियारा क्षेत्र से अपने मवेशियों को सूखे स्थान पर लेकर पहुंचने लगे हैं. मवेशियों के लिए चारा की समस्या खड़ी हो चुकी है।

### भैंस बेचकर बनाया था मकान

स्थानीय ग्रामीण सुनीता देवी कहती हैं कि दो भैंस बेचकर और पीएम आवास की राशि जोड़कर पक्का मकान बनाया था लेकिन टोपरा टोला में गंगा कटाव होने से मकान की दीवार में दरारें आ रही थीं. वो कभी भी ढह सकता है. वो कहती हैं कि उस मकान को दिन रात एक करके बनाया था. मकान में आठ लोगों का परिवार रहता है. लेकिन मकान तोड़ने से आंसू नहीं थम रहे हैं. ताकि ईंट और सरिया को बचाया जा सके।



### इलाके में बाढ़ की आशंका

टोपरा टोला में गंगा कटाव जारी है. मकान में दरार आने से उसमें रहने जान जोखिम में डालने जैसा है. सुनीता देवी के मुताबिक, तीन साल पहले ही मकान बनाया था लेकिन गंगा कटाव के कारण नदी का पानी, मकान में आ सकता है. सुनीता देवी ने कहा कि उनके पास कहीं और मकान नहीं है कि जहां वे सुरक्षित जाकर रह सके. उन्होंने आगे कहा कि कुछ लोग सामान और मवेशी लेकर यहां से भाग गए हैं और एक दो दिन में हम लोग भी यहां से चले जाएंगे. उन्होंने प्रशासन से मदद की अपील की है।

### नदी के जलस्तर में भारी बढ़ोतरी

गंगा नदी के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है. बिहार के बक्सर जिले से लेकर फरक्का तक गंगा नदी में जल का स्तर तेजी से बढ़ रहा है. जानकारी के मुताबिक, प्रति घंटा एक सेमी की रफ्तार से जलस्तर में बढ़ोतरी जारी है. नदी के जलस्तर में पिछली बार के मुकाबले इस बार अधिक पानी पहुंचा है।

### मुंगेर में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है गंगा नदी

पूर्वानुमान के अनुसार, गुरुवार तक गंगा का जलस्तर 28.25 मीटर तक पहुंचने का अनुमान है. मंगलवार शाम तक गंगा खतरे के निशान 27.25 मीटर से 35 सेमी उपर बह रही है. मुंगेर में गंगा नदी वार्निंग लेवल को पार कर चुकी है. जबकि बक्कर, पटना का दीघाघाट, गांधीगाट, हाथीदह, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज और फरक्का में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है. सहायक नदियों में कोसी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है. इसके साथ ही बागमती, बूढ़ी गंडक भी खतरे के निशान के आसपास बह रही है।

### कई घर और पेड़ नदी में समाये, प्रशासन अलर्ट

**साहिबगंजः** गंगा नदी में लगातार बढ़ते जलस्तर और संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए बुधवार को डीसी हेमंत सती ने साहिबगंज जिला अंतर्गत रामपुर दियारा क्षेत्र का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने दियारा क्षेत्र में हो रहे कटाव तथा जलस्तर में हो रही तीव्र बढ़ोतरी का जायजा लिया. निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि रामपुर दियारा क्षेत्र वर्तमान में लगभग संभावित बाढ़ के गंभीर खतरे की जद में है. उक्त परिस्थिति को गंभीरता से लेते हुए डीसी ने स्थानीय निवासियों से अपील की है कि वे शीघ्र अतिशीघ्र प्रशासन द्वारा बनाये गये सुरक्षित आश्रय स्थलों, विशेष रूप से आश्रम गिरी राहत शिविर में जाकर शरण लें. उन्होंने बताया कि राहत शिविर में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे भोजन, पेयजल, चिकित्सा सुविधा एवं बच्चों व वृद्धों के लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है. सती ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा दिए गये निर्देशों का पालन करें. जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित संभावित क्षेत्रों की निरंतर निगरानी की जा रही है।

## पेसा नियमावली को लागू करें, वरना सचिव दें स्पष्टीकरण : उच्च न्यायालय

### कहा- यह अवमानना का गंभीर मामला

**रांचीः** झारखंड उच्च न्यायालय की दो सदस्यीय खंडपीठ ने राज्य सरकार को पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम-1996 (पेसा एक्ट) की नियमावली 6 सितंबर 2025 तक लागू करने का सख्त आदेश दिया है। पीठ ने पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव को पेसा नियामवली लागू करने या फिर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है।




झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश राजेश शंकर की पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि आदेश का पालन नहीं हुआ, तो अगली सुनवाई में पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव मनोज कुमार को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देना होगा। अलालत ने कहा कि आदेशों की अनदेखी न्यायालय की अवमानना है, जिसे हल्के में नहीं लिया जा सकता।

अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि 29 जुलाई 2024 को आदेश दिया गया था कि दो माह के भीतर पेसा नियमावली लागू की जाए। अब तक ऐसा नहीं हुआ है। यह अवमानना का गंभीर मामला है। 25 जून को अवमानना याचिका स्वीकार की गई थी, नोटिस भी जारी हुआ था, बावजूद इसके पंचायती राज विभाग ने अब तक कोई जवाबी हलफनामा दाखिल नहीं किया है। यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार न्यायालय के आदेश को गंभीरता से नहीं ले रही है, जो कि उचित नहीं है। अदालत ने कहा कि पेसा अधिनियम लागू करने के लिए अब तक क्या-क्या कदम उठाए गए? उसकी तिथि-वार जानकारी अगली सुनवाई में दे।

आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के राष्ट्रीय संयोजक विक्टर माल्टो ने आज यह जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि अदालत के जुलाई 2024 के आदेश के बावजूद अब तक नियमावली तैयार नहीं की गई है, जिससे आदिवासी समुदाय में रोष है। मंच की ओर से उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दाखिल की गई थी

याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार ने पक्ष रखा। दलील देने के दौरान अधिवक्ता ने कहा कि झारखंड राज्य का गठन आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए हुआ था। लेकिन 1996 में बने पेसा कानून की नियमावली अब तक राज्य में लागू नहीं हो सकी है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि पेसा नियमावली तैयार करने की प्रक्रिया अभी जारी है। फिलहाल पंचायती राज अधिनियम और अन्य विधानों के जरिए पेसा के कुछ प्रावधान आंशिक रूप से लागू किए गए हैं।

## झारखंड के 11 जिलों में सात को भारी बारिश की आशंका

**रांचीः** झारखंड के 11 जिलों में गुरुवार को कहीं -कहीं भारी बारिश होने की आशंका है। राज्य के जिन जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान है उनमें राज्य के दक्षिणी और उत्तर-पूर्वी जिले शामिल हैं। इनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां शामिल है। साथ ही उत्तर पूर्वी जिलों में देवघर, दुमका, साहिबगंज, गोड्डा, गिरिडीह, जामताड़ा और पाकुड़ शामिल हैं। इन जिलों में कहीं -कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने बुधवार को येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा आठ अगस्त को राज्य के दक्षिण पूर्वी और उत्तर पूर्वी और इससे सटे मध्यवर्ती भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। इन स्थानों में भी कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका है।



वहीं बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से बादल छाए रहे। हालांकि इस दौरान बारिश दर्ज नहीं की गई। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश जमशेदपुर में 41.6 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री, जमशेदपुर में 33.8, डालटेनगंज में 30.2, बोकारो में 31.1 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## डिस्चार्ज से पहले ही बच्चों का दिया जा रहा है जन्म प्रमाण पत्र

**जमशेदपुरः** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर बुधवार से जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और सदर अस्पताल में नवजात शिशुओं के जन्म के बाद डिस्चार्ज से पहले ही जन्म प्रमाण पत्र देने की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। इस व्यवस्था का उद्देश्य जन्म पंजीकरण प्रक्रिया को सरल, त्वरित और पारदर्शी बनाना है, ताकि सभी नवजातों का समय पर पंजीकरण सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त ने कहा कि यह पहल न केवल बच्चों के अधिकारों की रक्षा, सरकारी योजनाओं से जोड़ने और प्रमाणिक पहचान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है बल्कि प्रमाण पत्र बनाने में होने वाले विलंब को भी दूर करने का प्रयास है। जन्म के तुरंत बाद संबंधित कर्मियों के जरिये जन्म प्रमाण पत्र तैयार कर माताओं को डिस्चार्ज से पहले ही सौंपा जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन और नगर निगम,नगर परिषद के बीच समन्वय स्थापित कर प्रक्रिया को सहज बनाया गया है। जिन प्रसूताओं के पास आवश्यक दस्तावेज नहीं होते, उनके लिए ऑनस्पॉट सहयोग की व्यवस्था भी की गई है।



## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दिया श्रद्धांजलि




**जमशेदपुर :** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के द्वारा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन को यूनियन परिसर में भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद एवं महामंत्री आरके सिंह समेत यूनियन के तमाम पदाधिकारी, कमेटी मेंबर, आरके सिंह फैंस क्लब के सभी सदस्य इस शोक सभा में उपस्थित होकर जन प्रिय नेता स्वर्गीय शिबू सोरेन को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिये। साथ ही एक मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना किये। अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद ने कहा कि गुरु जी सर्वमान्य नेता थे , झारखंड राज्य के स्थापना में उनके संघर्ष को हमेशा याद किया जाएगा।

## सहायक आचार्यों की परीक्षा में सफल 129 अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 8 अगस्त को

**रांचीः** झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आधार पर इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य और स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य के पद पर नियुक्ति के लिए आयोग की ओर से कक्षा छह से आठवीं के सफल घोषित अभ्यर्थियों की जिला स्तरीय काउंसिलिंग आठ अगस्त को दो पालियों में होगी।

रांची के जिला शिक्षा अधीक्षक ने बुधवार को बताया कि अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग समाहरणालय भवन, ए ब्लॉक कमरा संख्या जी-14 और जी-15 में होगी। सफल घोषित और अनुशंसित कुल 129 अभ्यर्थियों की सूची और जांच-पत्रक, दिशा-निर्देश एवं शेडयूल दिया गया है, जो जिले के अधिकारिक बेबसाईट www.ranchi.nic.in पर भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जिला उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर विभाग की ओर से सफल घोषित 129 अभ्यर्थियों की सूची अधिकारिक बेबसाईट पर उपलब्ध करवा दी गयी है। जिला शिक्षा अधीक्षक ने सफल अभ्यर्थियों से अपील की है कि जांच-पत्रक को सही-सही भरकर काउंसिलिंग की तिथि और निर्धारित समय पर अपने सभी शैक्षणिक और प्रशैक्षणिक मूल प्रमाण-पत्र सहित (दो प्रति) में स्वः अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित हों। उन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेजों को क्रम विन्यास के अनुसार दो फोल्डर के साथ काउसिलिंग में आने का निर्देश दिया है।

उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी फोल्डर के ऊपरी भाग में साफ-साफ बड़े अक्षरों में सफल घोषित और अनुशंसित अभ्यर्थियों का नाम, पिता का नाम, क्रमांक, कोटि और विषय आवश्यक रूप से लिखें। इस संबंध में सफल घोषित अभ्यर्थियों को उनके वाट्सएप, एसएमएस और ई-मेल के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से भी सूचित किया गया है। सफल अभ्यर्थियों का क्रमांक- एक से 65, गणित एवं विज्ञान, काउंसलिंग की तिथि – 8 अगस्त, सुबह 10.30 बजे से जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, समाहरणालय भवन- ब्लॉक- ए, कमरा संख्या- जी-14, जी- 15, जबकि क्रमांक- 66 से 129, गणित और विज्ञान के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 8 अगस्त को दोपहर 2.30 से जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय में समाहरणालय भवन- ब्लॉक- ए, कमरा संख्या- जी-14, जी- 15 में होगी।

# थाईलैंड में बिखरी छऊ की छटा, झूमे विदेशी दर्शक

### महिषासुर मर्दिनी पर नृत्य कर कलाकारों ने मोहा मन

**थाईलैंडः** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ प्रखंड के कलाकारों ने विदेशी धरती थाईलैंड के लोई प्रांत में छऊ नृत्य की छटा बिखेरी. थाईलैंड इंटरनेशनल मास्क कार्निवाल-2025 में कलाकारों ने एक से छह अगस्त तक थाईलैंड के लोई प्रांत में छऊ नृत्य का प्रदर्शन किया. नटराज कला केंद्र चोगा (ईचागढ़) के सचिव सह अंतरराष्ट्रीय छऊ नृत्य कलाकार प्रभात महतो के नेतृत्व में 9 सदस्यीय दल ने मानभूम शैली के आकर्षक छऊ की प्रस्तुति देकर अमिट छाप छोड़ी. महिषासुर मर्दिनी की थीम पर आधारित नृत्य को दर्शकों ने खूब सराहा. इस नृत्य के जरिए देवी दुर्गा द्वारा महिषासुर के वध की कहानी दर्शायी गयी. वीररस पर आधारित इस नृत्य को दर्शकों ने खूब पसंद किया.

**आकर्षक मुखौटा और पोषाक से** नृत्य दल में प्रभात कुमार महतो, सुचांद महतो, जगदीश चंद्र महतो, जयराम महतो, सीताराम महतो, अजीत कुमार महतो गणेश चंद्र महतो, मंटू महतो व जटल कालिंदी शामिल थे. इसके बाद टीम सात से दस अगस्त तक बैंकॉक में छऊ नृत्य की प्रस्तुति देगी. थाईलैंड अंतराष्ट्रीय मास्क कार्निवाल में भाग लेने वाले कलाकारों के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन कर सम्मानित किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोई प्रांत के उपराज्यपाल पैलिन लिमचारोएन, स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र, भारतीय दूतावास, बैंकॉक के निदेशक डॉ चैतन्य प्रकाश योगी एवं संतोष कुमार आदि मौजूद रहे. कार्यक्रम में ईचागढ़ (भारत) के कलाकारों के साथ साथ चीन, मलेशिया, इंडोनेशिया, कोरिया, लाओस एवं फिलिपींस के कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुति दी.




**कलाकारों ने मोहा मनः** थाईलैंड इंटरनेशनल मास्क कार्निवाल-2025 में कलाकारों ने आकर्षक मुखौटा और पोषाक के साथ कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी. इस

## कुख्यात नक्सली कमांडर केरकेट्टा मुठभेड़ में ढेर

**रांचीः** झारखंड के गुमला जिले की पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने मंगलवार देर रात पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया ( पीएलएफआई) के कमांडर मार्टिन केरकेट्टा को मार गिराया है। केरखेट्टा पर 15 लाख रुपए का इनाम भी घोषित था। गुमला जिले के कामडारा थाना क्षेत्र के पारही जंगल के चंगाबाड़ी में हुई मुठभेड़ में उसके पास से हथियार भी बरामद किया गया है। एसपी हरिश बिन जमा को कामडारा थाना क्षेत्र के चंगाबाड़ी ऊपरटोली में पीएलएफआई उग्रवादी के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके आधार पर एक टीम गठित कर अभियान शुरू किया गया।



जैसे ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची उग्रवादियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस की टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान पीएलएफआई उग्रवादी संगठन का कमांडर मार्टिन केरकेट्टा मारा गया। पुलिस अभी भी इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है, क्योंकि 12 से अधिक उग्रवादी मार्टिन के साथ थे और मुठभेड़ के बाद सभी इधर-उधर भागे हैं। पुलिस उग्रवादियों की घेराबंदी करने में लगी हुई है। अन्य उग्रवादियों को भी गोली लगने की सूचना है।क्योंकि पुलिस को घटनास्थल पर खून के निशान मिले है। ऑपरेशन टीम में गुमला जिले की क्यूआरटी और दो थाना क्षेत्रों के साथ-साथ स्थानीय थाना बल भी शामिल थे। मार्टिन केरकेट्टा मूल रूप से गुमला जिले के कामडारा के रेड़मा गांव का निवासी था। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के पकड़े जाने के बाद उस पर संगठन की जिम्मेदारी थी। केरकेट्टा पीएलएफआई के केंद्रीय समिति का सदस्य भी था। मार्टिन शुरुआती दिनों से ही दिनेश गोप के साथ रह रहा था। दोनों बचपन में लापुंग के महुगांव स्थित स्कूल में एक साथ पढ़े थे। बाद में दोनों ने एक साथ संगठन का विस्तार भी किया। मार्टिन कई घटनाओं में दिनेश गोप के साथ शामिल रहा है। सरकार ने उस पर 15 लाख रुपये का इनाम रखा था। टेरर फंडिंग मामले में एनआईए ने पीएलएफआई के कुख्यात मार्टिन केरकेट्टा पर केस दर्ज किया है।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मेदार।